संक्षेप

## किसानों को कल भेजी जायेगी पीएम किसान सम्मान निधि

लखनऊ। भारत सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त को जारी करने की तारीखों का एलान कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को वाराणसी में आयोजित एक खास कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देश के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वयं सहायता समूहों के 30 हजार से अधिक सदस्यों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद सबसे पहले पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त को जारी करने को लेकर फाइल पर साइन किया था। वहीं देश में कई किसान ऐसे भी हैं, जिनके खाते में इस बार 17वीं किस्त के पैसे नहीं आएंगे। वे किसान जिन्होंने अब तक पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अपनी ई-केवाईसी नहीं कराई है उनके खाते में इस बार 17वीं किस्त के पैसे नहीं आएंगे। इसके अलावा जिन किसानों ने योजना में अभी तक भूलेखों का सत्यापन नहीं कराया है उनको भी स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए आपको जल्द से जल्द इन दोनों जरूरी कार्यों को करा लेना चाहिए। भूलेखों का सत्यापन कराने के लिए आप अपने नजदीकी कृषि कार्यालय में विजिट कर सकते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी स्कीम है। इस स्कीम के अंतर्गत भारत सरकार हर साल देश के गरीब किसानों के खाते में 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करता है। 6 हजार रुपये की इस आर्थिक सहायता को हर साल तीन किस्तों के रूप में जारी किया जाता है।

## पालीटेक्निक प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

लखनऊ। शैक्षणिक वर्ष-2024 की ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित पालीटेक्निक प्रवेश परीक्षा रविवार को सम्पन्न हुई। यह परीक्षा प्रदेश के समस्त 75 जिलों के 207 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करायी जा रही है, इसमें कुल 4,12,759 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के द्वितीय दिवस रविवार को तीन पालियों में आयोजित ग्रुप-ए (डिप्लोमा इन फामेर्सी) पाठ्यक्रम की परीक्षा शांतिमय वातावरण में शुचिता एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई है, जिसमें से परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के लिए आवंटित कुल 77,119 में से 57,138 परीक्षार्थी 74.09 प्रतिशत परीक्षा में उपस्थित रहे।

## सीएनजी 1.75 रुपए प्रति किलो महंगी

लखनऊ। सीएनजी रविवार से महंगी हो गई है। रेट में हुए बदलाव के बाद लखनऊ के साथ उन्नाव, आगरा और अयोध्या में सीएनजी के दाम बढ़कर 94 रुपए प्रति किलो हो गए हैं। जो अभी तक लखनऊ, आगरा और उन्नाव में 92.25 प्रति किलो और अयोध्या में 92.35 प्रति किलो था। ग्रीन गैस लिमिटेड ने सीएनजी (कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस) के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। इस बार कम्पनी ने सीएनजी के दामों में 1.75 रुपए प्रति किलो का इजाफा किया है।

# हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद : योगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

गोरखपुर/लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के चलते मार्च माह से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनोपयोगी जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरूआत गत दिनों लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से हुई।

- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 350 लोगों की समस्याएं
- सबको दिया भरोसा, हर व्यक्ति की पीड़ा को दूर करने के लिए संकल्पित है सरकार

शनिवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व 9 मार्च को हुआ था। रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोगों को थी जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के मेडिकल इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध,



गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज में मदद की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में जो भी खर्च आना है, अस्पताल से इस्टीमेट बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उक्त महिला का आयुष्मान कार्ड बनवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी जरूरतमंद आयुष्मान हेल्थ कार्ड से वंचित रह गए हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं। जनता दर्शन में पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

**मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा :** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने गोवंश को उनके विभिन्न नामों से पुकारा। सीएम योगी की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए। सीएम योगी ने उन्हें दुलारकर अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी ली।

# एक जुलाई से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उसका त्वरित एवं सही उपचार कराना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसी क्रम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के द्वितीय चरण की गतिविधियां जुलाई 2024 में किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में योगी

- दूसरे चरण के अंतर्गत 1 से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान का आयोजन

सरकार प्रदेश भर में एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाने जा रही है। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, जिस पर अमल के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। नगर विकास विभाग ने भी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए कमर कस ली है और नगरीय निकायों को कार्ययोजना को लागू करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए हैं।

नगर विकास द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में नगरीय निकाय निदेशालय ने समस्त नगर आयुक्तों, जल संस्थान के महाप्रबंधकों एवं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को इन निर्देशों के अनुरूप कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए कहा है। साथ ही नगर निगमों, नगर पालिकाओं और समस्त नगर पंचायतों के लिए संवेदीकरण बैठक निर्धारित की गई है एवं समस्त नगर निकायों द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय वार व वार्ड वार संपन्न की जाने वाली गतिविधियों की माइक्रोप्लान जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। नगरीय निकायों को इस माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान के दौरान किए गए कार्यों व संपन्न गतिविधियों के संबंध में संकलित रिपोर्ट भी शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय निकायों को दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार, नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मियों का दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण कराया जाए। नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित स्थानों पर सघन वेक्टर नियंत्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियां संपादित कराना शामिल है। इसके अतिरिक्त ये भी दिशा निर्देश दिए गए हैं कि नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान संचालित किया जाए। साथ ही खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों, कचरों की सफाई करवाना, उथले हैंडपंपों का प्रयोग रोकने के लिए उन्हें लाल रंग से चिह्नित किया जाना और हैंडपंपों के पाइप को चारों ओर से कंकरीट से बंद करने के कार्य को तवज्जो दी जाए। हैंडपंपों के पास अपशिष्ट जल के निकलने के लिए सोक पिट का निर्माण, शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी के लिए बैक्टीरियोलॉजिकल, वायरोलॉजिकल जांच अवश्य कराई जाए। जल भराव और वाटर सप्लाई को लेकर भी दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं इसके अनुसार, आबादी में मिनी पब्लिक वाटर सप्लाई टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट की मानकों के अनुसार स्थापना एवं निगरानी सुनिश्चित

- नगर विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को कार्ययोजना लागू करने के लिए दिशा निर्देश, संपन्न गतिविधियों की रिपोर्ट भी मांगी

की जाए। जल भराव तथा वनस्पतियों की वृद्धि को रोकने के लिए सड़कों तथा पेवमेंट का निर्माण कराया जाए। सड़क किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाया जाना, शहरी क्षेत्रों एवं शहरी मलिन बस्तियों के संवेदनशील आबादी समूहों में अपनी गतिविधियों को केंद्रित करना और संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर खुले में शौच से मुक्त करना आवश्यक है।

# योगी सरकार की नयी स्थानान्तरण नीति से दिव्यांगों को मिलेगा फायदा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार ने अपनी स्थानांतरण नीति में दिव्यांगों को विशेष रूप से राहत प्रदान की है। नीति के तहत निर्धारित प्राविधानों के अनुसार दिव्यांग कार्मिकों या ऐसे कार्मिक जिनके आश्रित परिवारीजन 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता से प्रभावित हों को सामान्य स्थानांतरण से मुक्त रखा जाएगा। ऐसे दिव्यांग कार्मिकों के स्थानांतरण गंभीर शिकायतों या अपरिहार्य कारणों से ही किए जाएंगे। यही नहीं, दिव्यांग कार्मिक के द्वारा अनुरोध किए जाने पर पद की उपलब्धता के आधार पर उसे उनके गृह जनपद में तैनात करने पर विचार किया जा सकता है।

उल्लखेनीय है कि लोकसभा चुनावों के बाद पहली कैबिनेट बैठक में योगी सरकार ने नई स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति में विशेष परिस्थितियों में स्थानांतरण में कई तरह की राहत भी प्रदान की गई हैं। नई स्थानांतरण नीति में विशेष परिस्थितियों में स्थानांतरण के लिए विशेष प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसके अनुसार मंदित बच्चों, चलन क्रिया से प्रभावित दिव्यांग बच्चों के माता-पिता की तैनाती अधिकृत सरकारी चिकित्सक के प्रमाण पत्र के आधार पर विकल्प प्राप्त करके ऐसे स्थान पर की जा सकेगी, जहां चिकित्सा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो या जहां से उनकी उचित देखभाल हो सके। इसके अलावा किसी अधिकारी, कर्मचारी के व्यक्तिगत कारणों जैसे चिकित्सा या बच्चों की शिक्षा, शासकीय सेवा के दौरान मृत माता या पिता के अवयस्क बच्चों के पालन पोषण, देखभाल के आधार पर स्थान रिक्त होने या दूसरे अधिकारी, कर्मचारी के सहमत होने पर स्थानांतरण या समायोजन किया जा सकेगा बशर्ते कि उस पर कोई प्रशासनिक आपत्ति न हो।

**पति-पत्नी को एक ही जनपद में मिल सकेगा स्थानांतरण :** नई नीति के अनुसार यदि पति और पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हों तो उन्हें यथा संभव एक ही जनपद, नगर या स्थान पर तैनात करने के लिए स्थानांतरण किया जा सकेगा। इसी तरह 2 वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले समूह ग एवं घ के कार्मिकों को उनके गृह जनपद एवं समूह क एवं ख के कार्मिकों को उनके गृह जनपद को छोड़ते हुए इच्छित जनपद में तैनात करने पर विचार किया जाएगा। इसके पूर्व में उस मंडल या जनपद में उसकी तैनाती अवधि को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा प्रोन्नति, सेवा समाप्ति, सेवानिवृत्ति आदि स्थितियों में प्राप्त रिक्त पदों पर स्थानांतरण किए जा सकेंगे। यदि किसी कार्मिक को प्रोन्नति के उपरांत किसी अन्य स्थान पर रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्त किया जाता है तो इस प्रक्रिया को स्थानांतरण नीति से आच्छादित नहीं माना जाएगा तथा प्रोन्नति के बाद रिक्त पदों पर तैनाती, नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से की जाएगी। हालांकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस प्रकार के स्थानांतरण पारदर्शी व वस्तुनिष्ठ सिद्धांत के अनुसार हों।

# मायावती बहुजन आंदोलन से विमुख हो गईं : चौधरी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापकों में शुमार समाजवादी पार्टी (सपा) के मौजूदा सांसद आर. के. चौधरी ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में बसपा की करारी पराजय के लिए पार्टी प्रमुख मायावती की बहुजन आंदोलन से विमुखता को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के नारे के साथ बहुजन की मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश की मोहनलालगंज सीट से सपा के नवनिर्वाचित सांसद चौधरी ने रविवार को कहा कि इस वक्त उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति नेतृत्वविहीन हो चुकी है लेकिन आने वाले समय में सपा कांशी राम द्वारा जगायी गयी बहुजनवाद की अलख को परवान चढ़ायेगी। लोकसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिलने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने मायावती पर निशाना साधते हुए कहा, मायावती जी हमारी नेता रही हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। मगर कांशीराम जी का आंदोलन अगर किसी ने खत्म किया है तो वह बहन जी (मायावती) ने ही खत्म किया है और उस आंदोलन को आगे बढ़ाने के रास्ते पर अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चलना शुरू किया है। हालिया लोकसभा चुनाव में सपा को दलितों का भी काफी वोट मिलने का दावा करते हुए उन्होंने कहा,



बहुजन समाज पार्टी के समर्थकों के वोट इस बार बिना मांगे सपा को मिले हैं। कहीं 50 प्रतिशत तो कहीं 60प्रतिशत मिले। यह बहुत बड़ी बात है और मान्यवर कांशीराम ने जो अलख जगायी है उसे आने वाले समय में निश्चित रूप से अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पूरा करेगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बना चुकी बसपा हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 10 सीटें जीतने वाली बसपा का वोट शेयर भी पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 9.39 फीसद रहा। बसपा के संस्थापकों में शामिल रहे आर.के. चौधरी की गिनती उत्तर प्रदेश के प्रमुख दलित नेताओं में की जाती है। बसपा की नींव रखने वाले कांशीराम के बेहद करीबी सहयोगी रहे चौधरी प्रदेश की पूर्ववर्ती बसपा सरकारों में चार बार मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में मोहनलालगंज सीट पर सपा प्रत्याशी के रूप में केन्द्रीय मंत्री भाजपा के कौशल किशोर को 70 हजार से अधिक मतों से हराया था। चुनाव में बसपा उम्मीदवार राजेश कुमार को 88 हजार 461 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। बसपा के ग्राफ में गिरावट के बीच उत्तर प्रदेश में खांटी दलित राजनीति का क्या भविष्य है, इस सवाल पर चौधरी ने कहा, जब कांशीराम थे तब बाबा साहब आंबेडकर का मिशन चलाने में वह सक्षम थे, मगर तब बहुजन समाज तैयार नहीं था।

# ग्रामीण बिजली की दर बढ़ाने का आदेश जनता की कमर तोड़ने की साजिश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने ग्रामीण आपूर्ति फीडरों को शहरी फीडर में बदलकर नगरीय दर से बिलिंग कराये जाने का आदेश जारी किया है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे जनता की कमर तोड़ने की साजिश करार दिया है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता

- लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भाजपा मतदाताओं को परेशान करने पर उतारू : अखिलेश यादव

परिषद ने मंगलवार को इस मामले पर विद्युत नियामक आयोग में पावर कारपोरेशन निदेशक मंडल के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल करने और इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाने का फैसला किया है।

सपा प्रमुख ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार प्रदेश के मतदाताओं को हर तरह से परेशान करके बदला लेने पर उतारू हो गई है। उन्होंने कहा, राज्य में बिजली-पानी का संकट गहराता जा रहा है। लाखों परिवार बिलख रहे हैं। भाजपा सरकार इसके बाद भी बिजली दरें दोगुनी कर रही है। यह जनता की कमर तोड़ने की साज़िश है। यादव ने कहा, वैसे भी कानून के तहत ग्रामीण फीडर के शहरी फीडर में परिवर्तन की घोषणा का अधिकार मुख्यमंत्री का है।



क्या पावर कारपोरेशन ने मुख्यमंत्री का अधिकार भी अधिग्रहित कर लिया है? राज्य के ग्रामीण इलाकों को मिलने वाली बिजली को महंगी करने की साजिश के तहत ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। इस फैसले से करीब दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा, ग्रामीण इलाकों में घरेलू उपभोक्ताओं को 3.35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है। अगर पावर कारपोरेशन का निर्णय लागू हो गया तो ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी शहरी इलाकों की तरह साढ़े पांच रूपए प्रति यूनिट के हिसाब से चुकाना होगा। जनता के साथ यह धोखा है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति के आधार पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में तब्दील करके नगरीय दर पर बिलिंग करने का आदेश दिया था। हालांकि, अभी यह लागू नहीं किया गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस आदेश को असंवैधानिक बताते हुए इसके खिलाफ विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर करने का फैसला किया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल द्वारा पारित आदेश पूरी तरह गलत और असंवैधानिक है। उपभोक्ता परिषद मंगलवार को इस मामले पर विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका लगाएगा और इस पूरे मामले के बारे में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में भी लाया जाएगा। वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं व किसानों को सस्ती बिजली देने के लिये लगभग 14 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी देती है। ऐसे में पावर कारपोरेशन का आदेश सब्सिडी व्यवस्था का उल्लंघन है। सबसे बडा उल्लंघन यह है कि जब देश में उपभोक्ता अधिकार अधिनियम-2020 लागू है और सबको 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का प्रावधान है तो फिर विद्युत आपूर्ति के नाम पर शहरी बिलिंग का आदेश क्यों किया गया है।

# उप्र में 30,618 मेगावाट की अधिकतम मांग को पूरा किया : एके शर्मा

## बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश को मिल रही 24 घंटे विद्युत आपूर्ति, विद्युत चोरी करने वाले और करवाने वाले कार्मिकों दोनों पर होगी सख्त कार्यवाही

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण तथा बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को सभी विद्युत कार्मिक, यूपीपीसीएल और डिस्कॉम के प्रबंधन ने अपने पूर्ण कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते

- ऊर्जा मंत्री ने सभी उपभोक्ताओं से बिजली के संयमित उपभोग की अपील की

सकुशल पूरा किया और पूरे प्रदेश में 24 घंटे में विद्युत की निर्वाध आपूर्ति कर रहे, जिससे भीषण गर्मी व लू से होने वाली परेशानियों से प्रदेशवासियों को राहत मिली है। स्थानीय दोषो, आंधी व तूफान या अन्य किसी कारण से आपूर्ति बाधित होने के अलावा बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश को रोस्टर मुक्त करके 24 घंटे बिजली दी जा रही है। फिर भी कुछ लोगों द्वारा बिजली नहीं आने का दुष्प्रचार किया जा रहा है, जो कि घोर निन्दनीय व द्वेषपूर्ण है। उ0प्र0 के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को अपने 14 कालीदास, लखनऊ स्थित आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्था की जानकारी दी।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उप्र में 30,618 मेगावाट विद्युत की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया और पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गयी। वर्तमान में उ0प्र0 पूरे देश में सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए महाराष्ट्र से भी 4000 से 5000 मेगावाट अधिक की आपूर्ति कर रिकार्ड बना रहा है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष प्रदेश में 28,284 मेगावाट सर्वाधिक मांग थी। जो कि इस वर्ष 28,284 मेगावाट से गर्मी की शुरूआत हुई और यह अब तक 30,618 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। आगे अभी भीषण गर्मी से राहत न मिली



तो 31 हजार मेगावाट से भी अधिक विद्युत मांग बढ़ेगी। कहा कि वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पहले से ही तैयारी की गयी और उन राज्यों से तापीय और जल विद्युत दोनों प्रकार के विद्युत खरीद का अनुबंध किया गया, जहां पर विद्युत अधिक थी। प्राइवेट एजेंसियों तथा एक्सचेंज से भी बिजली खरीद की गयी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए विगत 02 वर्षों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। इसमें आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपए, बिजनेस प्लान के तहत 05 हजार करोड़ रुपए तथा नगरीय निकायों में विद्युत तंत्र के विकास हेतु 01 हजार करोड़ रुपए के अनुरक्षण कार्य कराये गये। इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया तथा 01 लाख किमी0 तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये तथा 06 लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाये गये, क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ। ट्रांसफार्मर जलने पर कार्मिकों की जवाबदेही तय की गयी है। ट्रांसफार्मर के टम्प्रेचर को नार्मल बनाये रखने के लिए पहली बार कूलिंग की भी व्यवस्था की गयी है। इन सभी कार्यों से विद्युत की इस अप्रत्याशित मांग को सकुशल पूरा किया जा रहा, जो कि इसके पहले विद्युत की इतनी आपूर्ति कभी नहीं की गयी। कहा कि सभी विद्युत अधिकारी व कर्मचारी पूरी रात जागकर भीषण गर्मी में एवं लू के थपेड़े झेलकर भी उपभोक्ताओं को अनवरत बिजली देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं, जो कि बधाई के पात्र हैं। सभी उपभोक्ताओं को ऐसे हालातों में विद्युत कार्मिकों का सहयोग करना चाहिए।

बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 10 हजार मेगावाट क्षमता के सोलर प्लान्ट लगाये जा चुके हैं और इन सभी को ग्रीन कॉरीडोर कनेक्टिविटी भी मिल चुकी है। अब उत्पादन की स्थिति में हैं। 350 मेगावाट सोलर रूफटॉप से विद्युत उत्पादन हो रहा है। प्रधानमंत्रीके हर घर सौर्य ऊर्जा के आह्वाहन पर सौर्य ऊर्जा के उत्पादन में तेजी से कार्य हो रहा है। वाराणसी में 2500 घरों को सोलर रूफटॉप से आच्छादित किया जा चुका है। ऊर्जा मंत्री ने सख्त निर्देश दिये हैं कि विद्युत चोरी करने वाले तथा चोरी करवाने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी, किसी को भी बक्शा नहीं जायेगा। विद्युत चोरी से जहां सरकार को

# बाजार में किसानों को गेहूं के अच्छे दाम सुखद संकेत :अनुपम मिश्रा

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2275 रुपये तय किया था पर बाजार में किसानों को यदि इससे अधिक भाव मिल रहा है तो यह एक सुखद समाचार है क्योंकि एमएसपी का अर्थ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य है अर्थात कोई भी इस मूल्य से कम मूल्य पर किसान से उस उपज को नहीं खरीद सकता है और यही हो रहा है। किसानों को एम.एस.पी. से अधिक मूल्य खुले बाजार में मिल रहा है तो लाभ तो किसानों का ही हो रहा है और हम यही चाहते हैं कि अंतिम वास्तविक लाभ किसानों का हो। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 2.19 लाख टन गेहूं की खरीद सरकार के द्वारा की गई थी जबकि वर्ष इस वर्ष



9.30 लाख टन गेहूं की खरीद सरकार द्वारा की गई है अर्थात 7.20 लाख टन अधिक गेहूं खरीदा गया है। प्रदेश में लगभग 350 आटा मिले हैं जो लगभग 4 लाख टन गेहूं प्रतिमाह किसानों से खरीदती है तो इसका सीधा लाभ किसानों को ही मिलेगा! हाँ यदि सरकार किसानों को एम.एस.पी. के साथ 100- 125 रुपया प्रति क्विंटल बोनस की भी व्यवस्था कर देती तो यह एक क्रांतिकारी व कल्याणकारी कदम होता, हम प्रदेश सरकार से यह माँग करेंगे कि वह किसानों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है और तमाम सारी योजनाएं व नीतियां कृषक हित में बनायी जा रही है तो उसमें बोनस को भी समाहित करना किसानों के लिए एक बहुत बड़ा लाभकारी कदम होगा और इससे सरकारी खरीद भी बढ़ेगी।

# भीषण गर्मी से जल्द मिलेगी निजात, 45 पार रहा पारा

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भीषण गर्मी का कहर जारी है। रविवार को पारा 45.6 डिग्री रहा। भरी दोपहरी में यह 47 डिग्री तक पहुंच गया था। इससे पहले शुक्रवार को पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया था। प्रयागराज में 47.6 डिग्री रहा जो की सबसे अधिक रहा। तेज गर्मी के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश के लोग को जल्द ही भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। 20 जून तक राज्य के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग की तरफ से प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि मौसम विभाग की तरफ से 18 जून के बाद पूर्वी यूपी में बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने मानसून को लेकर लोगों की चिंता दूर की है। कहा है कि जल्द ही लू का कहर खत्म होने वाला है। सोमवार को पूरे प्रदेश में प्रचंड लू और तपन का प्रकोप बना रहेगा। 18 को पश्चिमी यूपी में प्रचंड ल अगला चलेगी लेकिन पूर्वी यूपी में इसका असर कम हो जाएगा। अगले ही दिन यानी 19 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज- चमक के साथ आंधी चलने और बौछारें पड़ने के आसार हैं। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। साथ बौछारें पड़ने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी चार-पांच दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों और बिहार के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। बिहार में आगे बढ़ने के उपरान्त ही मानसून के उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ने के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट होगी। पूर्वी यूपी से सेट बिहार में 20 जून को मानसून के दस्तक की उम्मीद जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, अमेठी, सुल्तानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, इटावा और रायबरेली में भीषण लू की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की बंगाल की खाड़ी की शाखा अगले चार से पांच दिनों में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार तक पहुंच सकता है। इसके बाद बिहार के रास्ते गोरखपुर या वाराणसी से मानसून उत्तर प्रदेश में दाखिल होगा। 19-20 जून से प्रदेश में मानसून से पहले की बारिश का सिलसिला भी शुरू होने का अनुमान जताया गया है। इससे पहले 17-18 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों तथा पूर्वी यूपी मेंलू चलने और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की उम्मीद है।

# अपनी मां का हाल जानने ऋषिकेश एम्स पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता (vol)



**ऋषिकेश/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचे। यहां उन्होंने एम्स ऋषिकेश में भर्ती अपनी मां से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। उन्होंने एम्स डायरेक्टर से मिलकर अपनी मां सावित्री देवी के स्वास्थ्य की विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद सीएम योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों से भी मिलने पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को समुचित उपचार का निर्देश भी दिया। सीएम योगी के साथ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार से सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे।

- एम्स डायरेक्टर से मिल कर मां के स्वास्थ्य और इलाज के विषय में भी ली जानकारी
- दो साल बाद बेटे से मिलकर प्रसन्न नजर आईं सीएम योगी की मां सावित्री देवी
- मां के बाद सीएम योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल यूपी के लोगों का भी जाना हाल

**दो साल बाद अपनी मां से भी मिले सीएम योगी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद सीधे ऋषिकेश पहुंचे थे। वह दो साल बाद अपनी मां से मिल रहे थे। सीएम ने मां का हालचाल लेने के बाद एम्स के डायरेक्टर से भी मुलाकात की और मां के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सीएम योगी को देखकर उनकी मां सावित्री देवी बहुत प्रसन्न नजर आईं। वह यहां करीब 20 मिनट तक रुके। सीएम योगी की मां को जीरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स प्रशासन के अनुसार सावित्री देवी वृद्धावस्था की दिक्कतों के चलते भर्ती हुई हैं। इससे पूर्व भी वह आंखों के संक्रमण के कारण यहां भर्ती रही थीं। शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी योगी आदित्यनाथ की मां से मिलकर उनका हाल चाल जाना था। मालूम हो कि सीएम योगी मूल रूप से उत्तराखंड के ही रहने वाले हैं। योगी के परिजन पौड़ी गढ़वाल के पचूर गांव में रहते हैं। इससे पहले सीएम योगी 2022 में अपने पैतृक गांव गए थे। तब उन्होंने मां के पांव छूकर आशीर्वाद भी लिया था।

**सीएम योगी ने रुद्रप्रयाग हादसे में घायलों से भी की मुलाकात, दी सांत्वना :** मां से मिलने के बाद सीएम योगी ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे में घायल उत्तर प्रदेश के लोगों का हाल चाल जाना और डॉक्टरों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। घायलों और डॉक्टरों के साथ बातचीत में सीएम योगी ने प्रदेश सरकार की ओर से हर तरह के सहयोग का भरोसा दिलाया।

सीएम योगी ने सभी घायलों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनके साथ है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शनिवार को हुए इस हादसे में कुल 14 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें यूपी के लोग भी शामिल थे। हादसे के बाद ही सीएम योगी ने दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी। यही नहीं, सीएम योगी के निर्देश पर शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की एक टीम रुद्रप्रयाग पहुंच गई थी। हादसे के तुरंत बाद ही योगी ने मुख्यमंत्री कार्यालय और राहत आयुक्त कार्यालय को तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार और आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे। साथ ही वह घटना का पल-पल अपडेट भी ले रहे थे।

# पीडब्ल्यूडी में स्थानांतरण नीति को अधिकारी लगा रहे पलीता

## बीते साल में स्थानांतरण सत्र में नियम विरुद्ध किये गये पटल परिवर्तन और ट्रांसफर की अब तक नहीं पूरी हुई जांच

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप विभागों में स्थानांतरण नियमावली बनायी गयी है और शासन की ओर से विभागों को नियम संगत स्थानांतरण के निर्देश दिये गये है लेकिन बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग में पटल परिवर्तन और स्थानांतरण को लेकर अफसर मनमानी कर रहे है।

- तत्कालीन जांच समिति गठित करने वाले अधिकारी अब बने प्रमुख
- मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने जांच की शुचिता पर भी उठाया सवाल

लोक निर्माण विभाग में पिछले स्थानांतरण सत्र 2023 में नियम विरूद्ध किये गये पटल परिवर्तन व ट्रांसफर की जांच एक सप्ताह में किए जाने के लिए विभाग के राज्य मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह के आदेशों के अनुक्रम में तत्कालीन मुख्य अभियंता, मुख्यालय-2 ने पांच सदसीय समिति का गठन किया था और एक सप्ताह में संस्तुति व आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। निर्देश के अनुसार रिपोर्ट एक सप्ताह में दी जानी थी लेकिन एक साल होने को है और अगला ट्रांसफर सत्र 2024 भी आ गया लेकिन मुख्य अभियंता विजय सिंह जो उस समय वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर थे अब वर्तमान में मुख्यालय-2 का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे है। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष जांच न होने की शंका मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने व्यक्त की है। ऐसे में मुख्य अभियंता विजय सिंह के स्थान पर मुख्यालय के किसी अन्य मुख्य अभियंता अतिरिक्त प्रभार दिया जाय तभी पारदर्शी जांच संभव हो सकेगी।

### पहली नियुक्ति से अब तक डटे बाबू

विभाग के सूत्रों के अनुसार पहली नियुक्ति से लंबे समय से तैनात कार्मिकों को अब तक नहीं हटाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बीरेन्द्र यादव, प्रधान बाबू, व्यवस्थापन-क (सहायक अभियंता) वर्ग, कनिष्ठ बाबू के पद पर वर्ष 2003 में मुख्यालय पर तैनात हुए थे, अब तक एक ही वर्ग में 16 वर्ष व्यतीत कर चुके। वहीं, बीरेन्द्र कुमार यादव, प्रधान बाबू, व्यवस्थापन क वर्ग, चपरासी के पद पर वर्ष 2003 में आये थे, अब तक एक ही वर्ग में 20 वर्ष हो चुके है। कृष्ण कुमार सिंह, वरिष्ठ बाबू, व्यवस्थापन क (सहायक अभियंता) वर्ग, कनिष्ठ बाबू के पद पर वर्ष 2009 में आये थे, अब तक एक ही वर्ग में 15 वर्ष हो चुके है। अभी भी मानव संपदा के पोर्टल में अपना रिकॉर्ड छिपा दिया है, ताकि इस बार भी बच सके।

### लोक निर्माण विभाग में जांच के प्रमुख बिंदु

गैर हाजिर सहायकों के जोन से जोन में ट्रांसफर उनको उपस्थित दिखाकर कर दिया गया लेकिन सूत्रों के अनुसार तीनों कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं थे चूंकि ट्रांसफर के लिए उपस्थित कर्मचारियों की विडियो रिकार्डिंग होती है। इसमें विकास शर्मा को मेरठ से मुरादाबाद मण्डल, दीपक सेहरा का आगरा से कानपुर मण्डल, महेश कुमार का बस्ती से गोरखपुर मण्डल किया गया है। वहीं, पटल परिवर्तन के नाम पर लखनऊ जोन में भी ट्रांसफर कर दिये गये जबकि पटल परिवर्तन में जोन ट्रांसफर नियमतः संभव ही नहीं है। ऐसे जो सहायक दो चार माह भी किसी वर्ग में यदि तैनात रह चुके थे, तो उनको अपनी तैनाती उन वर्गों में तीन वर्ष पूर्ण करने के लिए विकल्प भी नहीं खोले गये। इसके अलावा विभागीय कार्यवाही के दौरान पटल परिवर्तन और पदोन्नत कर्मियों को एक साथ काउंसलिंग में बैठाया गया। बताया जा रहा है कि पिछले सत्र 2023 में मानव संपदा में भी लागू नहीं की गयी और इस वर्ष 2024 में, अब प्रस्तावित मानव संपदा पोर्टल में संबंधित अधिष्ठान कर्मियों द्वारा डाटा को मुख्यालय से मिलान अब तक नहीं कराया जा सका है।

# पीजीआई में सेवानिवृत्त कर्मियों की पुनर्नियुक्ति का विरोध शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीजीआई से सेवानिवृत कर्मचारियो को पुनह रखे जाने पर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि वर्तमान में कार्य कर रहे है उनका वेतन बढ़ाया जाय, नयी नियुक्ति किया जाय। इनकी मांग है कि रिटायर होने वाले कर्मचारियों की जगह नई भर्ती प्रकिया से खाली पद भरे जाएं। संस्थान प्रशासन ने बीते एक साल के भीतर सेवानिवृत्त हुए करीब चार कर्मचारियों को पुनर्नियुक्ति दी है। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान और महामंत्री विवेक कुमार सागर ने बताया कि संस्थान में पुनर्नियुक्ति का हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। दो अन्य कर्मचारियों को सेवानिृत्त होने से पहले ही पुनर्नियुक्ति की कार्रवाई शुरू हो गई। कर्मचारी नेताओं ने संस्थान निदेशक को कई बार पत्र लिखकर पुर्ननियुक्ति का विरोध किया, लेकिन संस्थान प्रशासन ने इनकी एक नहीं सुनी। इससे नाराज कर्मचारियों ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ व मुख्य सचिव और पीजीआई के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्र को पत्र लिखकर पुनर्नियुक्ति पर रोक लगाने का आग्रह किया है। मेडिटेक एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके सिंह और महामंत्री सरोज का कहना है कि रिटायर के बाद इन्हें पुनर्नियुक्ति देने से संस्थान में गलत परम्परा शुरू हो जायेगी। पीजीआई कर्मचारी महासंघ के पूर्व महामंत्री धर्मेश कुमार का कहना है कि दोबारा नियुक्ति देने से दूसरे कर्मचारियों पर इसका प्रभाव पड़ेगा।

# हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर गंजिंग कार्निवल का समापन



**लखनऊ।** मेट्रो ने 14 से 16 जून के बीच 3 दिवसीय समर गंजिंग कार्निवल का आयोजन किया। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर आयोजित इस मेगा कार्निवल में लगभग 40 स्टॉल विक्रेताओं ने अपने स्टॉल लगाए हैं। विक्रेताओं ने हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सजावट, सिरेमिक पौधे, पौधे आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों में 'मेक इन इंडिया' स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन/बिक्री जारी रखी। समर कार्निवल का समापन समारोह आज मेट्रो स्टेशन पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जहां उत्साही मेट्रो यात्रियों की भारी भीड़ हस्तशिल्प उत्पाद खरीदते देखी गई। लखनऊ मेट्रो ने मेट्रो स्टेशनों पर स्टॉल लगाने की सुविधा प्रदान की है। ये प्रदर्शनियाँ छोटे और मध्यम विक्रेताओं को एक मंच प्रदान करती हैं। लखनऊ मेट्रो ने पिछले एक साल में 40 ऐसे आयोजन किए हैं जहां स्थानीय प्रतिभाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच मिला। प्रदर्शनी के आखिरी दिन म्यूजिक बैंड परफॉर्मेंस का भी आयोजन किया गया। संघहर्ष नाम के एक म्यूजिक बैंड ग्रुप ने दिल को छू लेने वाले बॉलीवुड गाने गाए, जिससे हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई। लखनऊ मेट्रो चारबाग और हजरतगंज मेट्रो स्टेशनों पर पुस्तक मेले का भी आयोजन करता रहा है। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 3 जून से बीइंग बुक फेयर लगा है और 15 जुलाई तक चलेगा। 5 जून से चारबाग मेट्रो स्टेशन पर बुकफ्लिक्स पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया है और यह 15 जुलाई तक चलेगा।

# सीएमएस छात्र को मिली 84 हजार अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सीएमएस के महानगर कैम्पस के छात्र कौस्तुभ वी.एस. प्रकाश को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 84,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। कौस्तुभ को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान दी जायेगी। सीएमएस छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रबन्धक, प्रो. गीता गांधी किंगडन ने सीएमएस छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी।

# माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण एक जुलाई से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समग्र शिक्षा ने राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों के कमजोर बच्चों को पढ़ाने के लिए विषय वार विशेष शिक्षण माड्यूल बनाए हैं। शिक्षकों को एक जुलाई से इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर विषयों में होने वाली कठिनाईयों को शिक्षक दूर करेंगे। मण्डलीय प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक विषय के दो-दो मास्टर ट्रेनर को पांच-पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। लखनऊ मण्डल के सभी जिलों के एडेड व राजकीय माध्यमिक स्कूलों के सम्बंधित विषयों के शिक्षकों को उपचारात्मक शिक्षण का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। मण्डल के सभी छह डीआईओएस और छह डायट प्राचार्यों से अलग-अलग विषयवार एसआरजी अथवा शिक्षकों को नामित कर सूची मांगी गई है। राज्य परियोजना कार्यालय ने जेडी से हाईस्कूल के मुख्य विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व विज्ञान और इंटरमीडिएट में हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित के के दो-दो एसआरजी व प्रवक्ताओं के नामों की सूची मांगी है।

- प्रत्येक विषय के दो-दो मास्टर ट्रेनर को पांच-पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा

# मनोज सोनकर चुने गये मध्यांचल निगम का क्षेत्रीय अध्यक्ष



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने रमन बासु मित्रा को लेसा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा भजनलाल उपाध्यक्ष, अजय कुमार सचिव और विनय कुमार संगठन सचिव नियुक्त किया गया। एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने रविवार को फील्ड हॉस्टल में नई कार्यकारिणी गठित की। इसके अलावा मनोज सोनकर को मध्यांचल निगम का क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया। राज कपूर को मध्यांचल का सचिव चुना गया है। वहीं विनय कुमार को पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय इकाई का संगठन सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष केबी राम ने बताया कि संगठन ने मध्यांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में जल्द ही अपना क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित करेगी। साथ ही सभी बिजली कंपनियों में जो भी दलित अभियंता लंबे समय से निलंबित चल रहे हैं। उनके द्वारा अपने ऊपर लगे सभी आरोपी के जवाब दाखिल किए जा चुके हैं। उन्हें अभिलंब बहाल किया जाए। इस दौरान अभियंताओं ने कहा कि कुछ दलित अभियंताओं का आगे उच्च पदों पर पदोन्नति न होने पाए, उनकी रिपोर्ट को जानबूझकर कमतर आकी जा रही है। इस अवसर पर यूपी पावर ऑफिसर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी सिंह, महासचिव अनिल कुमार, सचिन आरपी केन, अतिरिक्त महासचिव अजय कुमार, संगठन सचिव हरिश्चंद्र वर्मा, बिंदा प्रसाद सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# आजाद मार्केट की बदलेगी सूरत व्यापारियों को मिलेगी राहत

विशेष संवाददाता (vol)



- विधायक ने इंदिरानगर के आजाद मार्केट का निरीक्षण किया

**लखनऊ।** पूर्वी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रविवार सुबह मैथलीशरण वार्ड में एच. ए. एल. के सामने स्थित आजाद मार्केट का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां छोटी-बड़ी सभी दुकानों पर गए उनकी समस्याएं पूछी। दुकानों के साथ वाहनों की मरम्मत करने वाले मैकेनिकों का भी हालचाल लिया। व्यापारियों ने उन्हें मुख्य द्वार एवं पार्क का सुन्दरीकरण, बाजार के अंदर इंटरलॉकिंग लगाने जैसी समस्याएं बताईं जिसपर विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने जल्द ही समस्याओं के हाल का आश्वासन दिया।

उनके साथ मैथलीशरण वार्ड के पार्षद अशोक उपाध्याय भी साथ रहे। भाजपा नेता संदीप पाठक, शशांक शेखर गोल्डी, देवेश उपाध्याय, शांतनु दत्ता आदि अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने यहां पार्किंग बनाने की भी मांग रखी। उन्होंने जल्द ही समस्याओं के हल का अश्वासन दिया। आजाद मार्केट के निरीक्षण के बाद विधायक ने अपने निजी आवास सी-249 इंदिरानगर में विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की शिकायतें सुनी और उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया। शक्तिनगर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बी. के. राय, पूर्व अध्यक्ष जी. एस. वर्मा ने भी अपने इलाके की समस्याओं का पत्र दिया।

# योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं : संजय गुप्ता

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के तत्वाधान में लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आशियाना में सुबह 6:00 बजे योग जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। योग जागरूकता वाहन रैली को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता एवं चिरंजीव भारती स्कूल के निदेशक कर्नल राजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- आशियाना क्षेत्र में योग जागरूकता वाहन रैली निकाली गई

संदीप सिंह गौर ने बताया समिति के तत्वाधान में 21 जून को चिरंजीव भारती स्कूल सेक्टर एम, आशियाना में बड़ी संख्या में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें आशियाना क्षेत्र के सभी पार्कों में सुबह योगाभ्यास करने वाले योगाभ्यासी सामूहिक रूप से योग करेंगे। योग जागरूकता वाहन रैली में बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन पर महिलाएं एवं पुरुष सवार होकर निकले। योग जागरूकता वाहन रैली में योग जागरूकता का रथ भी साथ में चला। योग का प्रचार प्रसार किया गया, करो योग रहो निरोग के नारे लगाए। योग जागरूकता वाहन रैली की शुरूआत जोनल पार्क आशियाना से हुई तथा समापन चिरंजीवी भारतीय स्कूल सेक्टर एम में किया गया। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं समिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने इस अवसर पर कहा योग के माध्यम से ही स्वस्थ रहा जा सकता है एवं स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए नागरिकों का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है उन्होंने सभी से योग अपनाने की अपील की उन्होंने कहा योग से मन और तन दोनों स्वस्थ रहता है।

योग जागरूकता वाहन रैली में डेनियल हेल्थ केयर मैनेजिंग डायरेक्टर राज दुबे, वरिष्ठ समाजसेवी संजय मिश्रा, सरस मिश्रा एस के कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर (प्रदेश संयोजक) शैलेश कुमार श्रीवास्तव शैलू, इको गार्डन के योगाचार्य ओमप्रकाश श्रीवास्तव, संजीव नारायण, बुद्ध पार्क नंबर 3 के योगाचार्य राजकुमार शुक्ला, रजनी शुक्ला, अन्नु जी, आलोक सिंह, बुद्धा पार्क नंबर 2 से आर. डी वर्मा, आलोक सिन्हा, राजकुमार हिलोलिया, गुरुजी, राजीव गुप्ता, रनजीत सिंह, राम विलास प्रजापति, जोनल पार्क योग कक्षा से पी. डी वर्मा, सुनील मौर्य, एल. डी चौबे, पूनम सक्सेना, मधुलिका शुक्ला, कुसुम वर्मा, सायरा, दीपा, कौशल्या सिंह, हंसा, राकेश श्रीवास्तव, चौबे, भानू प्रताप सिंह, राय साहब, स्मृति उपवन योग कक्षा से अतुल टंडन, धर्मेंद्र अवस्थी, निषाद पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आर. के गुप्ता अंतरराष्ट्रीय योग ऑनलाइन योग ग्रुप निदेशक हरिश्चंद्र ओली, एम. पी सिंह, प्रदेश महासचिव ओ. पी श्रीवास्तव, आर. के त्रिपाठी के. बी श्रीवास्तव हरीश श्रीवास्तव, सी. एम. एस. योग कक्षा से डॉ रश्मि सिंह, वंदना जायसवाल, केंट मंडल अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डाक्टर चंद्र प्रकाश गौड़, शामिल रहे। उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति की पूरी टीम के साथ क्षेत्र के विशाल जन समूह ने इस यात्रा में घर-घर लोगों में योग के अलख जगाने का संकल्प लिया।

# शहर से जुड़े ग्रामीणी बिजली दर बढ़ाने पर उपभोक्ताओं में आक्रोश

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग के आसंवैधानिक आदेश पर उपभोक्तओं ने आपत्ति जताई है। समाजसेवी और व्यापारियों ने बताया कि यह जबरन बिजली बिल बढ़ाने का तरीका है। उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत 24 घंटे आपूर्ति देने का मुख्यमंत्री आदित्य नाथ ने आदेश दिया है फिर भी पावर कार्पोरेशन बिजली के दाम बढ़ाना चाहता है। उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 14000 करोड की राजकीय सब्सिडी देती है। पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा विद्युत आपूर्ति के आधार पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर करके शहरी दर पर बिलिंग किए जाने का जो असंवैधानिक आदेश निदेशक मंडल द्वारा पारित किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं व किसानों की बिजली दर सस्ती हो इसलिए लगभग 14000 करोड की सब्सिडी दी जाती है इसलिए शहरी फीडर की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण फीडर पर बिजली दर सस्ती होती है।

# दो करोड़ रुपये की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

**लखनऊ।** अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम बाधामऊ के गाटा संख्या 414 क्षेत्रफल 0.103 हे० पर बाउण्ड्री बनाकर कुछ व्यक्तियों को ओर से अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया। तत्काल सूचना प्राप्त होने के बाद नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह, लेखपाल राकेश कुमार व लेखपाल सुभाष कौशल की ओर से 296 व प्रवर्तन दल की मदद से उक्त अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया। कब्जामुक्त कराई गई लगभग 500 वर्ग मीटर भूमि का बाजारु मूल्य औसतन 2 करोड़ रु से अधिक है।

# अखिलेश ने दी बकरीद की बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने सभी को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की मुबारकबाद दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह त्योहार सद्भाव, सहयोग, समर्पण, त्याग और बलिदान का संदेश देता है।



बकरीद को लेकर पुराने लखनऊ में खरीदारी करतीं महिलाएं



आर्टिफिशियल ज्वेलरी से सजा बाजार



बकरीद की नमाज के लिए शहर के ईदगाह तैयार

# कुर्बानी का पर्व बकरीद आज, बाजारों में देर रात तक चली खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक ईद-उल-अजहा यानि बकरीद सोमवार 17 जून को धूमधाम से मनाया जायेगा। ईद-उल-अजहा पर राजधानी के बाजारों में आज खूब रौनक रही। बाजारों में बकरीद की रौनक देर रात तक छाई रही। अमीनाबाद, मौलवीगंज व नक्खास में लोगों ने खूब खरीदारी की। यहां पर महिलाओं की टोलियां चूड़ियां, कंगन व कपड़ों से लेकर अन्य सामानों की खरीदारी करती दिखीं। वहीं मेहमाननवाजी को लेकर तैयारियां आज भी जारी रहीं। उधर, कुर्बानी के लिए बकरा मंडी पर खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। खानपान का स्वाद लेने वाले भी देर रात तक बकरीद की रौनक का लुत्फ लेते रहे।

बकरीद की तैयारियों को लेकर नक्खास और अकबरी गेट करीब-करीब पूरी रात खुला रहा जहां चूड़ी कंगन व कपड़ों के साथ नमाज के लिए कुर्ता टोपी की खरीदारी होती रही। चौक की गलियां देर रात तक रोशन रहीं। वहीं खदरा में भी पूरी रात दुकानों में खरीदारी हुई। शहर की ईदगाह व मस्जिदों में ईद.उल.अजहा की नमाज गुरुवार को अदा की जाएगी। इसे देखते हुए ईदगाह और मस्जिद कमेटियों ने खास तैयारी की है। नमाज के लिए इबादतगारों की बड़ी संख्या को देखते हुए साफ सफाई, चटाई व दरी का इंतजाम किया गया है। ईद.उल.अजहा की नमाज सबसे पहले मस्जिद सिद्दीकिया हाता बेगम खां और मस्जिद सारिया हाता सूरत सिंह में सुबह 6 बजे अदा की जाएगी। वहीं ऐशबाग ईदगाह में नमाज सुबह 10 बजे और टीले वाली मस्जिद में सुबह 9 बजे ईद.उल.अजहा की नमाज होगी।

**घरेलु सामानों की हुई खरीदारी:** कोई रेडीमेड कपड़े खरीद रहा है तो कोई खजूर। कोई सिवंई ले रहा है तो कोई घर की सज्जा के लिए चादर या पर्दे। हर ओर बकरीद की तैयारियां देखने को मिल रही हैं। कुछ ऐसा माहौल देखने को मिला नक्खास बाजार में। बकरीद पर शहर के बाजारों में खास रौनक देखने को मिली। बकरीद के अवसर पर सिवई, खजूर, कपड़े, चप्पल-जूते व बकरा मंडी में खरीदारों की भीड़ लगी रही।

**कुर्ता पायजामा और पठानी शूट का जलवा:** दुकानों पर लेडीज चिकन कुर्ते व शलवार सूट और जेन्टस कुर्ते-पायजामों, पठानी सूट, स्कार्फ बड़े रूमाल जैसी चीजों की खूब खरीदारी हुई। अकबरी गेट, नक्खास और अमीनाबाद में चिकन के कपड़ों के साथ-साथ रेडीमेड जीन्स, टीशर्ट व बच्चों के कई प्रकार के कपड़ों की दुकाने सजी हैं जो ग्रहाकों को अपनी ओर खींच रहीं थी। बकरीद के लिए विभिन्न प्रकार के इत्र भी बाजार में हैं। अमीनाबाद, नजीराबाद व चौक में इत्र की दुकान पर हिना, शमामा, संगे असवत, अल हबीब, सेहरा, महफिल, खुशनुमा और जन्नतुल फिरदौस के अलावा अकबरी गेट पर जन्नत-उल-फिरदौस, अलसूद, अटर शमामा, हिना तीन और तरह-तरह के परफ्यूम मौजूद है।

**आटीर्फीशियल ज्वैलरी की मांग:** अमीनाबाद, गड़बड़झाला, नक्खास व चौक में आटीर्फीशियल ज्वैलरी की दुकानों पर एक से बढकर एक डिजाइने हैं जिसे खरीदने वालों की भीड़ दिखायी दी। यहां हार-बुन्दे, माला, ब्रेसलेट, इयर रिंग, पायल, बाजूबंद के अलावा तरह.तरह के हेयरबैण्ड वगैरह हैं। बकरीद पर शाही जमजम, जाफरानी, मुन्नका, बनारसी और बनारसी गोला सिंवई दस्तरख्वान की जीनत बनेगी।

## सिवईं और खोये की दुकानों पर खूब रही भीड़



लखनऊ। बाजारों में सिवई और खोये की दुकानों पर खरीदारों की काफी भीड़ दिखायी दी। दुकानों पर नमाज के लिए सुन्दर टोपियों की कई किस्में देखी जा सकती है। इन्हीं दुकानदारों के साथ-साथ बकरीद पर सिंवई खाने के लिए चीनी के प्याले और चम्मचों की बिक्री भी जोरों पर हो रही है। देर रात में बकरीद के सामानों की बिक्री करने वाले अकबरी गेट के बाद अमीनाबाद के बाजारों में पर्दानशीन औरतों को खरीदारी करते हुए देखा जा सकता है। बकरीद के त्योहार में बड़ों के साथ.साथ बच्चों में अधिक खुशी होती है जहां बड़े सोचते है कि बकरा अच्छे से अच्छा खरीदा जाये वहीं बच्चों की यह सोच होती है की जल्द से जल्द बकरा आ जाये ताकि हम उसे हार-फूल पहना कर मोहल्ले में दोस्तों के साथ घूमाये फिरायें।

**बाजार में बनारसी सेंवईयों की डिमांड:** ईद-उल-अजहा के लिए पुराने लखनऊ में सेवईयों का बाजार सजा हुआ है। बकरीद के दिन मीठी सेंवईयां भी परोसी जाती हैं। चौक, नक्खास, अमीनाबाद, मौलवीगंज, हुसैनाबाद आदि जगहों पर सेवईयों का बाजार सजा हुआ है। जहां मोटी, बारीक, लच्छेदार के साथ कई वैराइटी की सेवइयां मौजूद है। सेवइ कारोबरी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उनके यहां छड़ व सादी सेवई, छत्ते वाली सेवई, किमामी सेवई, बनारसी, भुनी सेवई, लाल लच्छा, सफेद लच्छा, बनारसी लच्छा, सूतफेनी, रूमाली, दूध फेनी आदि बिक रही है। इस समय सबसे ज्यादा मांग में बनारसी किमामी सेवई है, जो हाथों हाथ खरीदी जा रही है। सेंवईयां 80 से 120 रुपए प्रति किलो बाजार में बिक रही हैं। सेंवई के साथ चना, छोले, तेल मसाले, आदि की बिक्री भी बकरीद की वजह से खूब हो रही है।



## ईदगाह और मस्जिदों में तैयारी मुकम्मल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व 17 जून को मनाया जाएगा। बकरीद की नमाज और कुबार्नी की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शहर की ईदगाहों और सभी मस्जिदों की साफ-सफाई की गई और कुबार्नीगाहों पर विभिन्न इंतजाम किए गए। ऐशबाग ईदगाह में सुबह 10 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज होगा। वहीं आसिफी मस्जिद (बड़ा इमामबाड़े) में 11 बजे नमाज अदा की जाएगी।

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में हुई बैठक में चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि ईदगाह में नमाज की सभी तैयारियां मुकम्मल हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और नगर निगम की जिम्मेदारी है कि ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई कराए और बिजली और पानी की व्यवस्था को यकीनी बनाए क्योंकि बकरीद के दिन लाखों लोग ईदगाह और मस्जिद में नमाज अदा करते हैं। मौलाना ने कहा कि ईद उल अजहा की नमाज में सख्ती गर्मी से निजात के लिए बारिश की दुआ की जाएगी। मौलाना ने सभी से अपील करी कि कुर्बानी की फोटो और वीडियो सोशल साइट पर न डाले। उन्होंने कहा कि यह जरूर ध्यान रखे कि सड़क या आम रास्ते पर नमाज न अदा की जाए। मौलाना मोहम्मद मुश्ताक ने कहा कि ईद-उल-अजहा के दिन ईदगाह के तमाम गेट पर ईदगाह कमेटी और इस्लामिक सेंअर ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे ताकि नमाजियों को अधिक से अधिक सहूलियत दी जा सकेंगी। ईदगाह में औरतों के लिए नमाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### नमाज का समय

- ईदगाह लखनऊ 10 बजे
- मस्जिद नदवतुल उलमा 7.30 बजे
- मस्जिद हमजा राजाजीपुरम 7.30 बजे
- मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह 8.30 बजे
- मस्जिद तकवियतुल नादान महल 6 बजे
- मस्जिद चांद वाली ताल कटोरा 8.30 बजे
- मस्जिद इब्राहिमी, गली मरीमाता 5.45 बजे
- मस्जिद हमजा कंघी वाली गली 7 बजे
- मस्जिद सिद्दीकिया बिल्लौचपुरा 5.40 बजे
- मस्जिद फारुकिया हुसैनाबाद 7 बजे
- इदारे वाली मस्जिद मेहदीगंज 8 बजे
- मस्जिद उमर, बिल्लौचपुरा 6.30 बजे
- मस्जिद कादर खां, तालकटोरा 8 बजे

## कुर्बानी के लिए 80 हजार तक बिके बकरे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के लिए पुराने शहर के बाजार गुलजार रहे। इसके अलावा राजधानी की नीबू पार्क स्थित सबसे बड़ी बकरा मंडी में बकरों की जमकर खरीदारी हुई। पिछले साल की अपेक्षा इस साल बकरों के दामों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है।

नीबू पार्क बकरा मंडी में 40 हजार रुपये से लेकर 80 हजार तक के बकरे हैं। वैसे यहां औसत दर्जे का बकरा जो पिछले सप्ताह सात हजार का था, आज आठ हजार रुपये में बिका। यहां बकरीद के लिए बकरा खरीदने वालों की सुबह से ही भीड़ थी। बकरीद पर अगले तीन दिनों तक कुबार्नी का दौर चलेगा। शहर से दूर ग्रामीण इलाकों में दाम कम होने से कुछ लोग ग्रामीण क्षेत्र में जाकर बकरे ला रहे हैं। मौलानाओं ने भी घरों में नमाज पढ़ने और कुबार्नी के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने की अपील की है। सोमवार को सुबह पांच बजे से कुबार्नी का दौर शुरू हो जाएगा।

**बकरामंडी में सुल्तान और टाइगर का आकर्षण:** बकरीद पर कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी जोर शोर से हो रही है। गली, मोहल्ले व बाजार में कुर्बानी के बकरे बिक रहे हैं। चौक, अमीनाबाद, मौलवीगंज, सआदतगंज, ठाकुरगंज, अम्बर गंज, हुसैनाबाद, घंटाघर व अन्य जगहों पर बाजार हर रोज सज रहा है। बाजार में करीब 14 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक बिक रहे हैं। वहीं विशेष रूप से तैयार किए गए कुछ बकरों की कीमत डेढ़ से दो लाख रुपए तक लगायी जा रही हैं। इन खास बकरों के नाम भी रखे हैं। सुल्तान, टीपू, टाइगर जैसे नामों से भारीभरकम मंहगे बकरे बिक रहे हैं। इसके साथ ही बाजार में देसी, तोतापरी, बरबरी, सिरोही, जमुनापरी, राजस्थानी आदि नस्ल के बकरे बिकने के लिए आए हैं। कुबार्नी 17, 18 और 19 जून को होगी।

### कुर्बानी की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें : मौलाना खालिद रशीद महली

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया फरंगी महल के चेयरमैन व इमाम ईदगाह व काजी-ए-शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने लोगों से अपील की कि वह कुर्बानी करते वक्त न तो फोटो खीचें और न सोशल मीडिया पर अपलोड करें। एडवाइजरी में उन्होंने कहा कि नमाज ईदगाहों और मस्जिदों के अंदर ही पढ़ी जाये, सडकों पर नमाज न अदा की जाये। हमेशा की तरह उन्हीं जानवरों की कुबार्नी की जाए जिन पर कोई कानूनी पाबन्दी नहीं है। खुली जगह या सड़क के किनारे, गली और पब्लिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। जानवरों की गंदगी रास्तों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके बल्कि नगर निगम के कूड़े दानों ही का प्रयोग किया जाए। कुर्बानी के जानवरों का खून नालियों में न बहायें। गोश्त का तिहाई हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदो को जरूर दिया जाए। ईद उल अजहा की नमाज के बाद भीषण गर्मी से राहत के लिए खुसूसी दुआ की जाये।

# डॉ.अंजना सिंह सेंगर अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड-2024' से अलंकृत

- साहित्यकार डॉ.अंजना ने फ्रांस में सम्मानित होकर बढ़ाया उत्तर प्रदेश का गौरव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.अंजना सिंह सेंगर को साहित्य, शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए फ्रांस के प्रतिष्ठित 'अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड-2024' से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें फ्रांस सीनेट पेरिस के लक्जमबर्ग पैलेस में हुए भव्य सम्मान समारोह में 5 जून को दिया गया। इसमें मुख्य अतिथि फ्रांस सीनेट के उप सभापति डोमिनिक थेफिल, सीनेट सदस्य फ्रेडरिक बुवाल, फ्रांस में भारत के काउंसलेट जनरल प्रवीण कुमार मिश्रा, मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत डॉ.नरेश पुरी गोस्वामी महाराज थे। उक्त जानकारी डॉ.अंजना सिंह सेंगर ने रविवार को यूपी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। सम्मानित होने के बाद लखनऊ लौटीं डॉ.अंजना ने पत्रकारों से अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार अतुल प्रताप चौहान मौजूद रहे।

डॉ.सेंगर ने बताया कि संस्कृति युवा संस्था ने फ्रांस की संसद में आयोजित भव्य 13वें अंतर्राष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड समारोह-2024 में अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले भारतवासियों और दुनिया के 18 देशों में बसे भारतवंशियों को सम्मानित किया। फ्रांसीसी संसद के उप सभापति डॉ.डोमनिक थियोफिले, सांसद फ्रेडरिक बुवल, संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, मेहंदीपुर बालाजी धाम के महंत डॉ.नरेश पुरी महाराज, अमेरिका के प्रमुख व्यवसायी इंद्रजीत शर्मा, फ्रांस सरकार के प्रतिनिधि, सांसद, दूतावास के अधिकारियों समेत गणमान्य की उपस्थिति रही। संस्कृति युवा संस्था यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह 2012 से अनवरत कर रही है। यह अवार्ड संस्था द्वारा विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली विभूतियों को विशेष विश्लेषण के बाद दिया जाता है। डॉ.अंजना सिंह सेनगर ने बताया कि संस्था ने उत्कृष्ट साहित्य लेखन से प्रभावित होकर उनका नाम सम्मान हेतु चयनित किया।

साहित्य उनके जीवन की धड़कन है जब कभी लिखना नहीं हो पाता तो लगता है जीवन शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि साहित्य प्रेमियों को समृद्ध एवं सार्थक साहित्य देना उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है। इसमें साहित्य की छंद परम्परा पर प्रमुखता से कार्य कर रही हूं। साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ-साथ शिल्पकार भी होता है, क्योंकि उत्कृष्ट साहित्य अच्छे समाज का निर्माण करता है। डॉ.अंजना सिंह को साहित्य के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुका है। इसके साथ ही अमेरिका एवं दुबई में साहित्य विधा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

**साहित्य साधना के लिए छोड़ी भारत सरकार की सेवा :** डॉ.अंजना सिंह सेंगर ने बताया कि वर्ष 2016 में उन्होंने साहित्य साधना के लिए भारत सरकार की सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर स्वयं को लेखन के लिए समर्पित कर दिया था। माता सीता पर रचित खण्डकाव्य समेत अब तक उनकी 6 पुस्तकें मन के पंख, जुगनू की जंग, अगर तुम मुझसे कह देते गजल संग्रह (हिंदी एवं उर्दू), जनमानस के महाराज प्रकाशित हो चुकी हैं।

**35 विभूतियों को मिला भारत गौरव सम्मान :** डॉ.अंजना सिंह सेंगर ने बताया कि उनके साथ ही 'अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड-2024' में भारत की कई अन्य विभूतियों को भी सम्मानित किया गया था। इसमें बॉलीवुड एक्टर अन्नू कपूर, फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी संस्कार टीवी के मनोज त्यागी, इंद्रजीत राय, जगदीश शर्मा समेत कई पद्म भूषण एवं पद्मश्री विजेताओं समेत 35 विशेष लोगों को सम्मानित किया गया।

## कहानी संग्रह भरत कुल का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहित्यिक संस्था चेतना साहित्य परिषद की ओर से प्रेस क्लब में हुए समारोह में डा. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के कहानी संग्रह भरत कुल का लोकार्पण किया गया। समारोह में लेखक समेत अन्य साहित्यकारों ने लोकार्पित कृति पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. विश्वम्भर शुक्ल ने कहा कि एक चिकित्सक द्वारा कहानी संग्रह का सृजन अपने आप में सराहनीय है। इस पुस्तक की कहानियां लेखक के सामाजिक जीवन में अपने अनुभवों को समेटे हुए हैं। इस कृति ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। अध्यक्षता कर रहे डा. उमाशंकर शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में काम करते हुए भी लेखक ने साहित्य सृजन के लिए समय निकाला और इतनी श्रेष्ठ कहानियों का सृजन किया। उन्होंने कहानियों में उठाए गए मुद्दों को समाज के लिए उपयोगी बताया। मुख्य वक्ता डॉ गोपाल कृष्ण शर्मा कहा कि इस कहानी संग्रह की कहानियां आज के समय की स्थितियों को अपने में समेटे हुए हैं और उन पर सटीक टिप्पणी करती हुई प्रतीत होती हैं। इस मौके पर डा. शिव भजन कमलेश, प्रमोद द्विवेदी, अशोक कुमार पाण्डेय समेत अन्य साहित्यकार मौजूद रहे।



# जेठ का चौथा व आखिरी बड़ा मंगल कल, फूलों से सजेंगे हनुमान मंदिर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जेठ के चौथा व आखिरी बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मन्दिर सज धजकर तैयार हो चुके है। अलीगंज के नये व पुराने हनुमान मन्दिर में चौथे बड़े मंगल की तैयारी पूरी हो गयी है। मंगलवार भोर से ही बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला आना शुरू हो जायेगा।

भक्त भोर की आरती में हिस्सा लेने के लिए और अंजनी के लाल के दर्शन करने के लिए जुटना शुरू हो जायेंगे। हनुमान सेतु मन्दिर में जेठ के चौथे व आखिरी बड़े मंगल पर कई कुंटल फूलों से सजावट होगी। जेठ का चौथा बड़ा मंगल फूलों की खुशबू से महकेगा। शहर भर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है। हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, अलीगंज नये व पुराने हनुमान मन्दिर, हनुमान सेतु मन्दिर, मेडिकल कालेज चौराहा स्थित छांछी कुंआ हनुमान मन्दिर, पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर समेत अन्य मन्दिर फूलों और बिजली की रंगबिरंगी झालरों से सजकर तैयार हो चके है। अलीगंज के नये व पुराने हनुमान मन्दिर में हनुमान जी महाराज का फूलों से और सिंदूर से श्रृंगार होगा। यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के आने का क्रम सोमवार की देर रात से ही शुरू हो जायेगा। भक्तों को दर्शन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए मन्दिर ट्रस्ट ने तैयारी पूरी कर ली है। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में सुबह पहले आरती होगी उसके बाद 11 किलो लड्डू का भोग लगेगा। मन्दिर की ओर से बाहर भण्डारे के आयोजन होंगे। शाम को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होगा। अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। चौक चौराहा स्थित प्राचीन श्री कोतवालेश्वर मन्दिर के पुजारी ने बताया कि जेठ के आखिरी मंगल पर मन्दिर का फूलों से श्रृंगार होगा और भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर में सुन्दरकाण्ड और भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर गेंदे और गुलाब से सजाया जायेगा। सुन्दरकाण्ड के बाद प्रसाद वितरण होगा। भूतनाथ मन्दिर के सामने भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, आईटीआई चौराहा अलीगंज हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगेगा।

**छांछी कुआं हनुमान मन्दिर:** मेडिकल कालेज चौराहा स्थित छांछी कुआं हनुमान मन्दिर में जेठ के चौथे व आखिरी बड़े मंगल की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मन्दिर के सचिव ने बताया कि मंगल को प्रातः पांच बजे मन्दिर खुलेगा आरती के बाद दर्शन का क्रम शुरू हो जायेगा। दर्शन करने वाले भक्तों को प्रसाद में लड्डू और गुड़धनिया का प्रसाद मिलेगा तथा भण्डारे में पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटा जायेगा। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में शाम को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होगा। अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। चौक चौराहा स्थित प्राचीन श्री कोतवालेश्वर मन्दिर के पुजारी विशाल गौड़ ने बताया कि मन्दिर का फूलों से श्रृंगार होगा।

**तालकटोरा बालाजी मन्दिर:** तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर गेंदे और गुलाब से सजाया जायेगा। सुन्दरकाण्ड के बाद प्रसाद वितरण होगा। राम कृष्ण प्रेम सेवा संस्थान ने बताया कि जेठ माह के चौथे मंगल पर सुन्दरकाण्ड व भण्डारे का आयोजन सेक्टर नौ इन्दिरानगर स्थित होंडा शोरुम के पा किया जायेगा। इसके अलावा हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगेगा।

**अमीनाबाद हनुमान मंदिर:** अमीनाबाद हनुमान मंदिर में बड़े मंगल 4 बजे मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती होगी। 11:30 बजे सब्जी-पूड़ी, हलवा, चना, बूंदी और भोग लगाकर भोग आरती उतारी जाएगी। मंदिर के प्रधान पुजारी श्याम पाठक ने बताया कि बजरंगबली का सिन्दूर, चांदी का वर्क से श्रृंगार किया जाएगा। शाम को सुंदरकाण्ड होगा।

**त्रिलोचन हनुमान मंदिर:** चारबाग स्थित प्राचीन त्रिलोचन हनुमान मंदिर में जेठ के दूसरे बड़े मंगल को लेकर तैयारियां तेज हैं। सुबह पांच बजे आरती के बाद 51 किलो लड्डू और एक कुंतल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा।

## शहर भर में जगह-जगह लगेगा भंडारा

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर भी शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इंदिरानगर के सी ब्लॉक हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा लगाया जायेगा, इसके अलावा मानस विहार, मुंशी पुलिया, जानकीपुरम, भूतनाथ, गोमती नगर, बाल विहार, शिव विहार, हजरतगंज, अमीनाबाद, आशियाना, सहित शहर के तमाम जगहों पर बजरंगबली का भंडारा लगाया जायेगा। लखनऊ के निरालानगर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

**11 बार बदला जाएगा बजरंगबली का चोला:** जेठ माह के चौथे बड़े मंगल पर अलीगंज हनुमान मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंगलवार रात 12 बजे बंद हो जायेंगे। मंदिर की ओर से 2.5 कुंतल लड्डू और एक हजार कालाजाम बांटा जाएगा। बजरंगबली को लड्डू और कालाजाम के साथ हलवा, सब्जी-पूड़ी और रायते का भोग लगेगा। इसके अलावा दिन भर में उनका चोला 11 बार बदला जाएगा। साथ ही, भंडारे में सब्जी-पूड़ी, रायता और बूंदी वितरित की जायेगी। वहीं, अलीगंज पुराना हनुमान मंदिर में विशेष पूजन के साथ भंडारे का आयोजन होगा, जबकि अमीनाबाद हनुमान मंदिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगेगा और पातालपुरी हनुमान मंदिर में 56 व्यंजनों का भोग बजरंगबली को लगाया जायेगा। इसके अलावा महाआरती के साथ फूलों से भव्य श्रृंगार भी होगा।

# लखनऊ के दशहरी आम की खुशबू से महकेगा अमेरिका

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** आम और बागवानी क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। भारत से पहली बार आम की एक खास किस्म को अमेरिका भेजा जा रहा है। यह आम की और कोई किस्म नहीं बल्कि दशहरी है। मलिहाबाद का दशहरी आम पहली बार अमेरिका निर्यात किया जाएगा और वहां पर अपने स्वाद का जलवा बिखेरेगा। दशहरी आम के अमेरिका को निर्यात होने से आमों की बागवानी करने वाले किसानों को भी बड़ा फायदा होने जा रहा है। अभी तक रंग-बिरंगे आमों की मांग तेजी से बढ़ रही थी जिस वजह से दशहरी आम लगाने वाले किसानों को लगातार नुकसान हो रहा था।

इस कारण किसानों ने भी अब रंग-बिरंगे आम लगाने शुरू कर दिए थे। दशहरी के बाग काटे जा रहे थे, इसी बीच बड़ी संख्या में दशहरे आमों के अमेरिका निर्यात होने से किसानों में एक बार फिर आस जगी है कि इसके जरिए भी उन्हें मुनाफा हो सकता है। दशहरी आम का अमेरिका को निर्यात होना न सिर्फ मलिहाबाद बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। आखिरकार पहली बार दशहरी आम अमेरिका निर्यात हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार और भा.कृ.अनु.प -केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के संयुक्त प्रयास से उत्तर प्रदेश का आम पहली बार अमेरिका जाने को तैयार है।

**चार टन आम अमेरिका होगा निर्यात:** लगभग चार टन दशहरी आम की पहली खेप सोमवार को यानी 17 जून को रेफर वन के जरिए रवाना होगी। इसे बेंगलुरु के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि शिक्षा एवं शोध मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह रहमानखेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान से रवाना करेंगे। खास बात यह है कि साप्ताहिक अंतराल पर मलिहाबाद के दशहरी के साथ ही बुलंदशहर और सहारनपुर के चौसा आमों के निर्यात को मौसम के अंत तक जारी रखा जाएगा।

**किसानों को होगा फायदा:** केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन ने बताया कि इस बार मलिहाबाद, रहमान खेड़ा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में किसानों ने जो दशहरी आम को बचाने के लिए बैगिंग की थी उसका फायदा हुआ है। बैगिंग से दशहरी आम की गुणवत्ता बहुत अच्छी हुई है और तो और अब यह आम अमेरिका को निर्यात किया जाएगा तो इससे कहीं ना कहीं किसानों को भी फायदा होगा।

## माँ गोमती गौरव पद यात्रा निकाली




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रातः 5:00 बजे गंगा दशहरा के अवसर पर मनकामेश्वर मंदिर से लेटे हुए हनुमान मंदिर तक : माँ गोमती गौरव पद यात्रा में लोक भारती एवं मनकामेश्वर मठ मंदिर द्वारा आयोजित 'माँ गोमती नदी संरक्षण अभियान' के तहत गोमती नदी के तटों की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए एक जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कैडेट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने नदी के किनारे स्थित कचरे एवं नदी के पानी को साफ करने में योगदान दिया। इसके साथ ही, उन्होंने नदी के पास जागरूकता अभियान भी चलाया ताकि लोग नदी की स्वच्छता की महत्वता को समझें और नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करें।

## स्वच्छ पर्यावरण सेना ने गोमती से निकाली सिल्ट



लखनऊ। हीट वेव के बावजूद सन्डे फॉर गोमती के दौरान स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना लखनऊ ने गोमती नदी से लगभग 15 कुंतल कचरा निकाला। जलकुंभी तथा कचरे से भरी गोमती नदी के स्वच्छता अभियान के लिए स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने का ये 314 वा रविवार था। सिल्ट, पालीथीन, देवी देवताओं की मूर्तियों, अन्य अपशिष्ट पदार्थों से भरी गोमती नदी की स्वच्छता को लेकर स्वच्छ पर्यावरण सेना ने आज प्रातः 5:00बजे हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर अपने दर्जनों साथियों के साथ गोमती नदी सफाई अभियान की शुरूआत की। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग

2 घंटे चले इस अभियान में बबिता यादव, वंदना, पंकज तिवारी, दिनेश दत्त पाण्डेय महेंद्र प्रताप सिंह, अजय चौधरी, विवेक जोशी, कमलेश कुमार हरिनाम सिंह रमेश जोशी अनमोल वर्मा विष्णु तिवारी अनुग्रह सिंह, संजय वर्मा जय सिंह कृपा शंकर वर्मा, नाथ शरण त्रिपाठी, रामकुमार बाल्मीकि, राजेश कुमार बाल्मिकी, आंनद वर्मा, ललित सिंह कश्यप, रिंकू सिंह, मनोज सिंह, राकेश सोनकर परमेश जोशी, वीरेंद्र जोशी, जे पी गुप्ता इत्यादि स्वयं सेवकों ने गोमती नदी स्वच्छता अभियान चलाने के बाद मुख्यमंत्री से गोमती नदी में मिलने वाले सभी गंदे नालों को बंद कराने की आवाज बुलंद की। आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती तथा राष्ट्रगान के बाद आज के कार्यक्रम का समापन हुआ।

## लविवि के 23 छात्रों का मदरसन कंपनी में हुआ प्लेसमेंट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के. सिंह ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और उच्च शैक्षणिक मानकों का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र अपनी निपुणता, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे एवं अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को साकार करेंगे।

अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के. सिंह ने कहा, यह चयन हमारे छात्रों की उत्कृष्टता को दर्शाता है। मैं आशा करता हूँ कि वे अपने करियर में उत्कृष्ट सफलता अर्जित करेंगे।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आईसीजे द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में मदरसन कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 छात्रों (कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी, संगम) एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों (प्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, पंकज कुमार, कपिल देव यादव, अभिजीत सिंह, निखिल पटेल, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक वर्मा) का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को ऑपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

# गोमती के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में रविवार को प्रातः5.30 गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य को सूर्य देवता माना जाता है, जिन्हें ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है, और वैदिक परंपरा में सूर्य चेतना और ईश्वर का प्रतीक है। इस प्रकार, सूर्य नमस्कार को सबसे महत्वपूर्ण योग अभ्यासों में से एक माना जाता है। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। महिलायें, पुरुष, बच्चे, वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता, मन की हर चिंता और तनाव को दूर करता है,

शरीर में लचीलापन लाता है, मासिक धर्म को नियमित करता है, अंतर्दृष्टि विकसित होती है, हड्डियाँ मजबूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है, एकाग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा नम्रता मिश्रा ने सूर्यनमस्कार किया।

## शहर में 20 हजार ई-रिक्शा, लेसा ने नहीं बनाया चार्जिंग स्टेशन

लखनऊ। शहर में ई-रिक्शा गली मुहल्लो से लेकर मुख्य सड़क पर भी धडल्ले से चल रहा है। ज्यादा संख्या में ई-रिक्शा के चलने से सड़क पर जाम लग जा रहा है। ई-रिक्शा जाम लगाने के साथ ही घरेलू बिजली कनेक्शन से ई-रिक्शा भी चार्ज कर रहे है। जिससे बिजली विभाग को माह में लाखो रुपये का नुकसान हो रहा है। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि घरेलू बिजली कनेक्शन से ई-रिक्शा चार्ज नही किया जा सकता है।

शहर में ई-रिक्शा हजारो की संख्या में चल रहे है। ई-रिक्शा चलाने वाले किसी भी वाहन मालिक ने कोई भी ई-चार्जिंग प्वाईट कनेक्शन नही लिया है। ऐसे में 20 हजार से अधिक ई-रिक्शा या तो घरेलू बिजली कनेक्शन से चल रहे है नही तो कटिया कनेक्शन से चल रहे है। ई-रिक्शा प्रति दिन लखनऊ में आरटीओं आकड़ो के मुताबिक 12 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो रहे है। सबसे ज्यादा बीकेटी, चिनहट, गोमतीनगर, और सरोजनीनगर में ई-रिक्शा चार्ज हो रहे है। जब इस बारे में बिजली विभाग के एक अधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि रात 10 बजे के बाद ई-रिक्शा चार्ज होना शुरु होता है और सुबह 4 बजे हटा दिया जाता है इसलिए कोई भी बिजली अधिकारी इस खेल को पकड़ नही पता है। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए लेसा को जगह-जगह चार्जिंग स्टेशन बनाना चाहिए। स्टेशन बनने से पता चल सकेगा कि कितने वाहन मालिक चार्जिंग स्टेशन पर ई-रिक्शा चार्ज कराने आते है। लेसा सिस की मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने कहा ई-रिक्शा घरेलू कनेक्शन से जार्च हो रहा है तो गलत है इसकी जांच कर वाहन मालिको के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक- 1830/ई-टेण्डर नोटिस / 2024-25    दिनांक- 10.06.2024

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड (भवन पंजीकृत) श्रेणी - ए, बी, सी, डी, ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सीतापुर | वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत एन.सी.सी. कालोनी सीतापुर का अनुरक्षण कार्य। | 17.40 | 1.74 | 2354.00 | 6 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, सीतापुर | अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि. सीतापुर | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी.एस.टी. करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम - 6 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू.पी. ई.-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी। बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम - 5 के अनुसार केवल नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू०पी० ई.-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।

निविदा आनलाइन दिनांक 19.06.2024 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 27.06.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 27.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई.टी./2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एम.के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
सीतापुर

UPID-206161 Date: 15.06.24
Website : www.upgov.nic.in


# निर्जला एकादशी कल, तीन शुभ योग में होगी श्रीहरि की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन धर्म में एकादशी के दिन सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही जीवन में आध्यत्मिक उन्नति और सुख-शांति, समृद्धि की प्राप्ति के लिए व्रत भी किया जाता है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली निर्जला एकादशी 18 जून, मंगलवार को है। इस व्रत को 'देवव्रत' भी कहा जाता है क्योंकि सभी देवता, दानव, नाग, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, नवग्रह आदि अपनी रक्षा और श्रीविष्णु की कृपा पाने के लिए एकादशी का व्रत करते हैं। भगवान विष्णु को समर्पित एकादशी तिथि साल में 24 पड़ती हैं। इनमें से सभी से एकादशी व्रत को महत्वपूर्ण माना गया है, लेकिन ज्येष्ठ माह में पड़ने वाली निर्जला एकादशी बेहद खास माना जाता है। क्योंकि इस व्रत में अन्न के अलावा जल भी ग्रहण नहीं किया जाता है। इस साल निर्जला एकादशी पर 3 शुभ योग के संयोग से भक्तों को विष्णु भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होगी। मान्यताओं के अनुसार, निर्जला एकादशी का व्रत रखने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं।

**निर्जला एकादशी शुभ योग:** इस साल निर्जला एकादशी 2024 पर एक साथ तीन शुभ योग बनेंगे। इसलिए यह दिन बेहद शुभ रहेगा। दरअसल इस दिन त्रिपुष्कर योग, शिव योग और स्वाति नक्षत्र का उत्तम संयोग बनता है। त्रिपुष्कर योग 18 जून को दोपहर 3:56 बजे से 19 जून को सुबह 5:24 बजे तक रहेगा। अतः स्वाति नक्षत्र भोर से दोपहर 3:56 बजे तक रहता है। अन्यथा सुबह से रात्रि 9 बजकर 39 मिनट तक शिव योग रहेगा।

**इन शुभ योगों में होता है पारण:** 19 जून की सुबह निर्जला एकादशी मनाई जाएगी। इसी दिन योग सर्वार्थ सिद्धि, रवि योग और अमृत सिद्धि योग की स्थापना हुई थी। ये तीन शुभ योग 29 जून शाम 5:23 बजे से अगले दिन 30 जून शाम 5:24 बजे तक रहेंगे। ऐसे में इस दिन पारण करने से अनंत फल की प्राप्ति होती है।

**निर्जला एकादशी की पूजा-विधि:** स्नान आदि कर मंदिर की साफ सफाई करें। भगवान श्री हरि विष्णु का जलाभिषेक करें। प्रभु का पंचामृत सहित गंगाजल से अभिषेक करें। अब प्रभु को पीला चंदन और पीले पुष्प अर्पित करें। मंदिर में घी का दीपक प्रज्वलित करें। संभव हो तो व्रत रखें और व्रत लेने का संकल्प करें। निर्जला एकादशी की व्रत कथा का पाठ करें। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। पूरी श्रद्धा के साथ भगवान श्री हरि विष्णु और लक्ष्मी जी की आरती करें। प्रभु को तुलसी सहित भोग लगाएं। अंत में क्षमा प्रार्थना करें।

## प्रदीप शर्मा समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदीप शर्मा को समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। वे विगत 22 सालों से समाजवादी पार्टी की विभिन्न इकाइयों में महत्वपूर्ण पद पर कार्य कर चुके हैं। 18वीं लोकसभा के चुनाव में उन्हें कैंट विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था, जिसमें उन्होंने सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा को 68800 मत दिलाया था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रदीप शर्मा ने कहा कि वो पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। पार्टी ने जब भी मुझे कोई जिम्मेदारी दी तो मैंने उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी और लगन से पूरा करने का काम किया है। प्रदीप शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर इरफान सिद्दीकी, संजय राजपूत, राहुल वर्मा, हिमांशु तिवारी, ऋतिक विश्वकर्मा इत्यादि नेताओ ने बधाई दी। लोकसभा में कैंट विधान सभा में प्रदीप शर्मा की रणनीति से विभिन्न वार्डों से 68800 मत रविदास को प्राप्त हुए। वही प्रदीप शर्मा अपनी पोलिंग और बूथ संख्या 183 जीतकर पार्टी में संदेश दिया है।

## विधि छात्रा के शोध को मिला श्रेष्ठ अवार्ड

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विवि. की शोध छात्रा अदिति सिंह के शोध को बेस्ट पेपर प्रेजेंटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह शोध विवि की शिक्षिका एवं शोध पर्यवेक्षक डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में किया है। शोध का शीर्षक रेफ्लेक्टिंग लीगल चैलेंजेज आफ ऑनलाइन सोलिसिटेशन इन वांट टू गो प्राइवेट है। यह शोध सारा डेरर लिटमैन के उपन्यास वांट टू गो प्राइवेट पर किया गया है। डॉ.अलका सिंह ने बताया कि यह शोध खूबसूरती व अन्य उपयोगी उत्पादों के लुभावने प्रचार प्रसार में गलत तरीके से किया गया है। इसे कानूनी दायरे में लाने की जरूरत है। इसका किशोर और किशोरियों में गलत प्रभाव पड़ रहा है।

संक्षेप

## पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**कसया, कुशीनगर।** कसया थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।आगामी त्यौहार गंगा दशहरा, ईदुज्जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से एएसपी अभिनव त्यागी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन की अध्यक्षता व सीओ कसया कुन्दन सिंह व ईओशैलेंद्र मिश्रा की मौजूदगी में शनिवार को कसया थाना परिसर में विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।इस दौरान परंपरागत रूप से त्यौहार को मनाने की अपील किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी।प्रतिबन्धित पशुओं की कुबार्नी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर तथा रास्तों पर किसी भी पशु की कुबार्नी नहीं दी जायेगी।कहा कि नमाज केवल ईदगाहों/मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। भीड़ ज्यादा है तो दो शिफ्ट में नमाज अदा कर ली जाए।

# डीएम, एसएसपी ने यूपीएससी परीक्षा का लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)





**बरेली।** रविवार को 41 केंद्रों पर यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 18046 अभ्यर्थियों को शामिल होना था।जिसके चलते अभ्यर्थी रात में

**● गेट बंद होने से बाहर रह गए अभ्यर्थी**

ही शहर पहुंच गए थे।परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।इसके साथ ही तीन आईएएस अफसरों को आब्जर्वर बनाकर भेजा गया। परीक्षा दो पालियों में हुई। इसमें पहली पाली सुबह 9.30 बजे से 11.30 तक चली। मगर, सुबह कुछ अभ्यर्थियों के पहुंचने से पहले ही गेट बंद हो गया।वह काफी देर तक पुलिस कर्मियों से अंदर जाने को गिड़गिड़ाते रहें मगर, गेट नहीं खुला।इसके बाद मायूसी के साथ घरों को वापस लौटना पड़ा। इस पाली में काफी अभ्यर्थी गायब थे। मगर, दूसरी पाली 2.30 से 4.30 बजे के बीच चली। डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### परीक्षा केंद्र पर तैनात रहे स्टेटिक मजिस्ट्रेट

संघ सेवा आयोग की परीक्षा कराने की तैयारी पिछले कई दिन से चल रही थीं।प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।हर केंद्र पर सुरक्षा के मद्देनजर 6-7 पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगी है। परीक्षा में एक हजार से ज्यादा पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी लगाए गए हैं।परीक्षा को संपन्न कराने के लिए विद्युत वितरण उत्पादन के प्रबंध निदेशक आईएएस रणवीर प्रसाद, जल निगम के प्रबंधक निदेशक आईएएस राजशेखर और सहकारी चीनी मिल के प्रबंधक निदेशक आईएएस रमाकांत पांडे को आब्जर्वर बनाकर भेजा गया है।

### ऑटो ड्राइवरों की मनमानी से परेशान रहे अभ्यर्थी वसूला मनमाना किराया

बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर भी अभ्यर्थियों के आने को लेकर संबंधित को बेहतर इंतजाम करने के आदेश पहले ही दे दिए गए थे। मगर, इसके बाद भी रविवार को ऑटो ड्राइवर ने अभ्यर्थियों से मनमाना किराया वसूला।परीक्षा के दौरान मोबाइल समेत किसी भी तरह से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित था। इसके साथ ही अभ्यर्थियों की तलाशी ली गई।इसके बाद ही प्रवेश दिया गया।

## प्रबंधकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा प्रबंधक संघ : रविकांत मणि

**रूद्रपुर,देवरिया।** राष्ट्रीय विद्यालय प्रबन्धक संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ0 रविकान्त मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रबन्धकों के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए उनका संगठन चौबीस घंटे प्रबन्धकों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े प्रबन्धक खुद को अकेला न समझें। पूरा संगठन उनके साथ है।प्रबन्धकों का अनावश्यक उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ लड़ाई के लिए संगठन हमेशा तत्पर रहता है। बैठक में प्रबन्धकों ने अपनी-अपनी समस्याओं की चर्चा की तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों की नवीन मान्यता व यू-डायस कोड के नाम पर प्रबन्धकों का शोषण किया जा रहा है, जो तत्काल बन्द होनी चाहिए। यू-डायस कोड व नवीन मान्यता से सम्बंधित तमाम आवेदन विभाग कार्यालय में लंबित हैं, किंतु उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। अब यह शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर बैठक का शुभारंभ किया।बैठक को जिला मन्त्री संजय कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, बरहज ब्लॉक अध्यक्ष जनार्दन चौहान, भलुअनी ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, यतीन्द्र देव गुप्ता, अमित प्रताप सिंह, मदन उपाध्याय, बीएन दुबे ने भी सम्बोधित किया।डीके एकेडमी के प्रबंधक एडवोकेट विश्वविजय कुमार मल्ल ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान एडवोकेट विश्वविजय कुमार मल्ल को सर्वसम्मति से जिला विधिक सलाहकार का दायित्व सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से दिग्विजय मल्ल, इमरान खान, सोनू तिवारी, रामभगत शर्मा, आनन्द त्रिपाठी, रामअवतार यादव, पंकज शुक्ला, श्याम विश्वकर्मा, चन्द्रदेव विश्वकर्मा, पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद पाण्डेय, विशाल सिंह आदि प्रबन्धक मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



जिला संवाददाता(vol)

**सिरौली-बरेली।** रविवार को गंगा दशहरा के पर्व उपलक्ष्य में सिरौली घाट एवं कैलाश गिरी बाबा की घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा में डुबकी लगाकर मन्नत मांगी एवं पूजा अर्चना की। रविवार को सुबह तड़के 3 बजे से ही गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया।

प्रचंड गर्मी में भी हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां गंगा में डुबकी लगाई और माता रानी से मन्नत मांगी। दूर दराज से आए ट्रैक्टर ट्राली एवं ई रिक्शा से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां गंगा के किनारे अनुष्ठान कराए एवं भगत बजवाई तथा छोटे-छोटे बच्चों के मुंडन भी करवाए गए। इसके साथ ही जगह-जगह भंडारे एवं मीठे पानी की व्यवस्था की गई मेले में आई हुई महिलाओं ने मेले में लगी हुई खिलौने की दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने खरीदे तथा चाट पकौड़ी खाई।

सुरक्षा की दृष्टि से थाना सिरौली पुलिस द्वारा एक दिन पहले ही गंगा जी में बैरिकेडिंग लगा दी गई जिससे कोई भी श्रद्धालु गहरे पानी में ना जा पाए इसके साथ ही पहले से गंगा के किनारे गोताखोरों को लगा दिया गया। पुलिस ने भारी वाहनों को मेले में नहीं जाने दिया जिससे जाम की स्थिति पैदा ना हो। मेले में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। रविवार की सुबह ही मीरगंज सीओ डॉक्टर दीपशिखा ने मेले में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया इसके साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मेले में सुरक्षा की दृष्टि से इंस्पेक्टर लव सिरोही, इंस्पेक्टर अपराध प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक घनश्याम सिंह चौहान, उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक नाहर सिंह, उप निरीक्षक बलजीत सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## दबंग बिना मीटर के जला रहे बिजली

**ललितपुर।** जी हां यह सच है, जहां आम जनता भीषण गर्मी में भी कूलर, पंखे नहीं चला पा रही है तो वहीं दबंग अपने घरों में एयर कंडिशनर चला रहे हैं, वो भी एक से अधिक की संख्या में। नगर के मुहल्ला वसुंधरा कालोनी, चांदमारी की स्थिति यही है, यहां पर कुछ दबंगों द्वारा खुलेआम बिना मीटर के बिजली जलाकर लाखों रूप्यों की राजस्व की चोरी की जा रही है, जबकि बिजली विभाग आंख बंदकर सब कुछ जानते बूझते हुये भी बैठा हुआ है।

गांव-देहातों में टीम जाती हैं, लेकिन वह जेबें भरकर और गरीबों पर मुकदमे दर्ज कराकर वापस आ जाती हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में जांच अभियान चलाने में इन्हें पसीना आता है, क्योंकि अधिकतर दबंग लोग जिनमें कुछ सत्ताधारी पार्टी से जुडे हुये हैं, तो कुछ गली के गुंडे बनकर तो कुछ विभागीय कर्मचारियों से सांठ गांठ करके खुलेआम बिजली की चोरी करा रहे हैं, जिससे प्रदेश सरकार को लाखों-करोड़ों की राजस्व चपत लग रही है, तो वहीं उसकी पूर्ति गरीब उपभोक्ताओं पर डंडा चलाकर विभाग कर रहा है।

## हमारी जीत जनता की जीत ,जनता की समस्या हमारी समस्याः रमाशंकर विद्यार्थी



जिला संवाददाता(vol)

**भटनी (देवरिया)।** लोकसभा सलेमपुर के नवनिर्वाचित सांसद रमाशंकर विद्यार्थी सांसद निर्वाचित होने पर अपने जनसम्पर्क अभियान मे पहली बार भिंगारी बाजार मे आने पर पूर्व विधायक स्व योगेन्द्र सिंह सेंगर आवास पर पहुंचे ।जहाँ सबसे पहले पूर्व विधायक स्व योगेन्द्र सिंह सेंगर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

आवास पर पूर्व विधायक स्व योगेन्द्र सिंह सेंगर के सुपुत्र सूरज सिंह सेंगर ने सांसद को माल्यार्पण कर स्वागत किया ।वहां इण्डिया गठबन्धन के कार्यकताओं ने भी गरमजोशी के साथ स्वागत किया।सांसद रमाशंकर विद्यार्थी ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी जीत आम जनता की जीत है ।क्योंकि जनता हमारा चुनाव अपना चुनाव मान कर लडी ।जनता का जनादेश ने बता दिया है ।जनता जिसके पक्ष मे उतर जाती है वहां धनबल व जनबल काम नही आता।

इस अवसर हम सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आपको आस्वासन देते है कि हम आपकी समस्या अपनी समस्या मानकर उसका हल कराने का सदैव प्रयास करता रहुंगा ।इस अवसर पर सूरज सिंह सेंगर के अलावे भारी संख्या मे इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान मोर्चा सभी विधान सभा क्षेत्रों चलायेगा बृहद पौधरोपण अभियानः पवन मिश्र

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आगामी 20 से 30 जुलाई के बीच मे जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित होने वाले बृहद पौधरोपण अभियान के लिये पदाधिकारीगण की बैठक डाक बंगला देवरिया में सम्पन्न हुई ।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि आगामी जुलाई माह में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा जनपद के 200 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर अमरूद, निम, आंवला, सहजन, शरीफा, आम, नीबू, पीपल, अर्जुन, महोगनी, शीशम के फलदार और छायादार पौधों का रोपण करके उनको संरक्षित किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि पौधा हमें आक्सीजन के साथ-साथ, फल, छाया और कीमती लकड़ी देता है। पौधारोपण से ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है ।इस अभियान को सफल बनाने के लिये और पौधों के संरक्षण के लिये किसान मोर्चा द्वारा पालक नियुक्त कर उन पौधे की देखभाल किया जाएगा ।बैठक का संचालन जिला महामंत्री भगवान यादव ने किया ।बैठक में मुख्य रूप से काशीपति शुक्ल, अरुण मिश्र, गौतम सिंह, प्रभुनाथ पाण्डेय, आयुष यादव, डॉ विनोद पाण्डेय, अनवर अहमद खान, गोलू यादव, जे पी यादव, वीरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

## समस्याओं के निस्तारण में अधिकारी लापरवाह, मुख्यमंत्री का फरमान बेअसर

**रूद्रपुर, देवरिया।** लोकसभा चुनाव बीत गया। चुनाव में हार की समीक्षा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की मीटिंग की। जिम्मेदार अधिकारियों के पेंच कसे। शासन व्यवस्था को गंभीरता से चलाने का निर्देश दिया। बावजूद इसके अधिकारियों के ऊपर कोई असर नहीं पड़ा। चुनाव के बाद पहली बार आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में रुद्रपुर में कुल 12 प्रार्थना पत्र पड़े। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडे की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में 12 में से एक भी मामले का निस्तारण नहीं किया जा सका इनमें से आठ मामले केवल राजस्व के थे। सभी मामलों को लेखपाल व कानगो के भरोसे जांच के लिए छोड़ दिया गया ।अब देखना यह है कि जांच कब तक पूरी होती है और कब तक फरियादियों को न्याय मिल पाता है।

## संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

**कसया, कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशीनगर स्थित मांथा कुंवर मंदिर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति जमीन पर गिरा मिला। आसपास के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व लोगो ने आनन फानन में सीएचसी कसया लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। कसया थाना क्षेत्र के अनिरुद्धवा गांव के खनुआ टोला ( वार्ड -20 शहीद भगत सिंह नगर ) निवासी रमेश यादव ( 45 ) पुत्र बंसु यादव किसी काम से कुशीनगर गया था। शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे मांथा कुंवर मंदिर के बाहर पास में आसपास के दुकानदारों ने जमीन पर पड़ा हुआ देखा। किसी ने इसकी जानकारी कुशीनगर चौकी पुलिस को दी। सूचना पर चौकी प्रभारी रणजीत सिंह बघेल मय फोर्स पहुंचे और व्यक्ति को सीएचसी कसया पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। इसे प्रथम दृष्टया पुलिस मौत की वजह हीट स्ट्रोक मान रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि परिजन के पोस्टमार्टम की कार्रवाई से इंकार कर रहे थे इसलिए जरूरी विधिक कार्रवाई करते हुए शव को सुपुर्द कर दिया गया।

# छोटी गंडक नदी के तटवर्ती क्षेत्रों के लिए नदी गंगा स्वरूप

**भटनी(देवरिया)।** जनपद के उत्तरार्ध में बहने वाली छोटी गंडक नदी की पहचान उसकी स्वच्छ, अविरल धारा और सफेद रेता को लेकर रहा है। इस नदी क्षेत्र के दायरे में आने वाले गांव के लोगों के लिए यह गंगा नदी से कम महत्व नहीं रखती है। इस नदी की पौराणिक महत्ता को देखते हुए जंगली जलपा माता मंदिर के घाट पर दो बार गंगा महा आरती का आयोजन भी नगर वासियों के सौजन्य से कराया जा चुका है। प्रतिवर्ष किसी न किसी श्रद्धालु के द्वारा यहां यज्ञ का आयोजन भी कराया जाता है। धार्मिक ग्रंथों में भी इस नदी के महात्म्य को दशार्या गया है। आज गंगा दशहरा के अवसर पर भले ही देश भर में सनातानियों द्वारा गंगा दशहरा की शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही हों, हो सकता है कि काशी, हरिद्वार जैसे तीर्थ नगरियों में आज भव्य आयोजन किए जा रहे हों लेकिन यहां छोटी गंडक नदी की महत्ता को याद किए बिना हम अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करें तो यह बात बेमानी होगी। लोगों की माने तो इस समय नदी की स्वच्छता और निर्मलता को कायम रखने के लिए एक बड़ी मुहिम की जरूरत है। सरकार की मुहिम शुरू हो या न हो लेकिन आमजन की पहल ही इसकी अस्मिता को कायम रख सकती है। नहीं तो गिद्ध जैसी कुदृष्टि लगाए कुछ असामाजिक लोगों द्वारा इसको खोखला करने की पुरजोर कोशिश की जाती रही है। इस नदी की पहचान इसमें मिलने वाली सफेद रेता भी है जिसका व्यापक पैमाने पर अनाधिकृत रूप से काला बाजारी किया जाता रहा है। आज परिणाम यह है कि नदी के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। नदी में जहां बालू का भंडार होना चाहिए वहां कीचड़ हो गया है, फलस्वरूप नदी में खर पतवार उग गए है। नदी में जगह जगह उगे खर पतवार को देखकर ऐसा लगता ही नहीं है कि यह एक नदी है। नदी की शक्ल कहीं कहीं किसी अन्य रूप में चरितार्थ हो रही है। भटनी के जंगली जलपा माता मंदिर से लेकर बनकटा शिव घाट तक जगह जगह ऐसे दृश्य देखने को मिल जायेंगे जिससे यह अस्पष्ट हो जाएगा कि खनन के नाम पर नदी का कितना दोहन हुआ है। नदी की पहचान इसके वास्तविक रूप में हो इसके लिए यह आवश्यक है कि इसका भी उद्भव दिवस मने। इसकी पौराणिकता की चर्चा आम लोगों की जुबान पर हो। ऐसा कहा जाता है कि नदी जीवन दायिनी है। इसके तट पर सभ्यताओं का विकास हुआ है। फिर आज यह नदी क्यों उपेक्षा का शिकार है? भटनी के जंगली जलपा माता मंदिर के घाट पर नदी में फैली गंदगी यह बताने को काफी है कि आमजन ने इसके प्रति मुंह मोड़ लिया है। अगर यही स्थिति

## ब्रजवासियों ने किया कालिया नाग मर्दन का रोमांचक मंचन

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** फाजिलनगर के जौरा बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान रविवार को दोपहर में भोजपुरी में राम कथा का रसपान कराते हुए पंडित वीरेंद्र तिवारी व्यास ने शिवधनुषभंग तथा राम सीता मिलन की संगीतमयी कथा सुनाई ।इसके पूर्व व्यासपीठ का पूजन करके प्रभारी क्षेत्रीय बन अधिकारी प्रवर्तन दल अखिलेश दूबे ने कथा का शुभारंभ कराया। श्रीधाम वृंदावन से आए श्रीराधारसिकबिहारी लीला संस्थान के विष्णु ठाकुर के निर्देशन में ब्रजवासियों घनश्याम, दानबिहारी, पंकज पराशर, बालगोविंद तिवारी, भरतलाल दीक्षित, राधेश्याम बाबा आदि नें रासलीला में शनिवार की रात को कालियानागनाथन का भावपूर्ण मंचन किया। इस भावपूर्ण मंचन में कंस अपनें दरबार में श्रीकृष्ण को मारनें के लिए अपने सेना के साथ बिचार विमर्श कर कालियानाग को तैयार करता है ।यमुना नदी में कालिया नाग के वजह से पानी जहरीला हो जाता है। प्रत्येक पशु पक्षी यमुना पानी के सेवन से मर जाता है ।श्रीकृष्ण ग्वालबालों के साथ नदी के किनारे खेल रहे होतें हैं। तभी श्रीकृष्ण जानबूझकर गेंद को यमुना नदी में फेक देते हैं।

कृष्ण यमुना मे कूदकर गेंद लाने को जातें हैं और कालियानाग से युद्धकर उसे परास्तकर उसके फन पर पर पैर रखकर यमुना से बाहर आतें हैं ।यह सब देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। ब्रजवासियों ने सुरीले संगीत व भजनों की धुन पर श्रीकृष्ण चरित्र का बखान कियाऔर रासलीला देखने आए लोगों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान नंदलाल विद्रोही, धीरज तिवारी, पारसनाथ सिंह, पवन यादव, रामेश्वर सिंह, श्रीकांत मिश्र, चंद्रभूषण मिश्र, प्रमोद गौड़, शिक्षक अरविंद मिश्र, रबिलाल श्रीवास्तव, संतोषलाल श्रीवास्तव, राकेश साहनी, मदन यादव, उपेंद्र यादव, आशुतोष चौबे, कृष्णा साहनी, ग्राम प्रधान गायत्री देवी, शिक्षिका सिंपल उपाध्याय, अमृता तिवारी, संध्या चौबे, बिंदू सिंह, किरण कुशवाहा, गीता उपाध्याय, निक्की श्रीवास्तव गुप्त, गनेश यादव, चंद्रिका यादव, राधेश्याम यादव, राजू शर्मा, श्रीनिवास सिंह, पिंटू सिंह, प्रिंस, सोनू, इंद्रपाल प्रसाद, जेपी साहनी, भोला सिद्दीकी, गोलू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कवि ओमप्रकाश की रचना जीवन काव्य पथ विमोचित



**कुशीनगर।** काव्य हिन्दुस्तान अंतरराष्ट्रीय साहित्य समूह के चतुर्थ वार्षिकोत्सव नेपाल की राजधानी काठमांडू में साहित्यिक सांस्कृतिक एवं पौधा वितरण व दो पुस्तक अंतः वाणी लेखिका मीरा भारती लिचीपुरम मुजफ़्फरपुर बिहार एवं जीवन काव्य पथ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम कुशीनगर उत्तर प्रदेश की सफलता पूर्वक पुस्तकों का मंच की संस्थापिका एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा शर्मा 'स्नेहा' मुख्य अतिथि महंथ ठाकुर आदि द्वारा विमोचन किया गया ।लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी नेपाल के प्रमुख मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महंथ ठाकुर द्वारा दीप प्रजलन एवं सम्मान वितरण पौधा वितरण तथा पुस्तक विमोचन समारोह समारोह पूर्वक सम्पन्न किया गया। उक्त आशय की जानकारी काठमांडू से लौटने के पश्चात कवि व पत्रकार डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम ने देते हुए बताया कि इसमें देश के कोने-कोने से साहित्यकार उपस्थित हुए। श्रीमती सीता शर्मा जोशी जी बेगूसराय बिहार से मंच संचालक डॉ बिनोद कुमार दरभंगा बिहार से पधारे। वहीं डॉ अरविंद श्रीवास्तव ₹असीम₹ दतिया मध्य प्रदेश ने बड़े भाग मानुष तन पावा राम कथा वाचन कर दर्शकों की तालियाँ बटोरी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में गोरर्धन सिंह सोढ़ा ₹जहरीला₹ चंद्र प्रसाद गुप्ता चंद्र , कवि मेघराज बाड़मेर की दमदार उपस्थिति रही। सतना मध्य प्रदेश प्रीति मुकेश पंसारी हिमगिरी, कृष्ण गोपाल द्विवेदी, समाज सेविका ज्योति द्विवेदी पूनम भगत, गिरिजा शर्मा, पत्रकार मिंटू कुमार झा, और भारत के टीवी रिपोर्टर आनंद मोहन, कवि रामस्वरूप साहू , पत्रकारव कवि डॉ ओम द्विवेदी ओम, कवि बृजेश कुमार श्रीवास्तव, लेखक निर्देशक निर्देश सूरज तिवारी फिल्म सिटी, नेपाल की कवयित्री डॉक्टर श्वेता दीप्ति, कंचन झा, की उपस्थिति सराहनीय रही। सभी ने अपनी कविता पाठ कर दर्शकों की तालियां बटोरी ।इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजेंद्र नेपाल ने बहुत ही सुंदर व्यवस्था दी ।कार्यक्रम नेपाल के वरिष्ठ व सम्मानित कवि जयप्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संस्था की अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षा रेखा शर्मा 'स्नेहा' लीचीपुरम- मुजफ़्फरपुर -बिहार ने सभी का आभार व्यक्त किया और उन्होंने अपने आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा बताइ कि अगला कार्यक्रम श्रीलंका में किया जाएगा। इस अवसर पर नेपाल व भारत के गणमान्य नागरिक होटल तपस सभागार मे उपस्थित रहे।

# बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला

### आयोजन में प्रदेश के 200 से अधिक शिक्षकों ने लिया हिस्सा




**कुशीनगर।** जिले में मिशन शिक्षण संवाद व बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक आयोजन किया गया। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण में चीवर भी दान किये गए। कुशीनगर के फाजिलनगर में महुअवा स्थित पीएन नेशनल स्कूल में दो दिवसीय प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन विमर्श कार्यशाला सकुशल सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा अतिथि शिक्षकों का स्वागत मन्त्रोच्चार द्वारा तिलक लगाकर व माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के उत्थान व बच्चों में बौद्धिक क्षमता के विकास हेतु मिशन शिक्षण संवाद द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पढ़ाई से प्रतियोगिता तक, दैनिक श्यामपट्ट, स्वरांजलि, बाल संवाद, शक्ति संवाद, पाठ्य सामग्री, निःशुल्क आनलाईन कक्षाओं, दर्पण समाचार आदि पर विस्तृत चर्चा तथा और उत्कृष्ट बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए गए। उसके पश्चात विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में शैक्षिक प्रयासों तथा नवाचारों का प्रस्तुतिकरण पावर पाइण्ट प्रजेंटेशन के द्वारा किया गया। तत्पश्चात टेक्निकल टीम का परिचय भी मंच के माध्यम से कराया गया जो पर्दे के पीछे से अपने अथक प्रयासों द्वारा मिशन की दैनिक गतिविधियों को सक्रियता प्रदान करते हैं। विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों द्वारा टी०एल०एम० प्रदर्शनी लगाई जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यशाला के दूसरे दिन बस द्वारा भगवान बुद्ध के विभिन्न मंदिरों महापरिनिर्वाण स्थल, थाईलैण्ड मंदिर, चाइनीजमंदिर, रामभार स्तूप के भग्नावशेषों आदि का दर्शन कुशीनगर टीम द्वारा कराया गया। कार्यशाला में चयनित शिक्षकों को अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया। जनपद कुशीनगर टीम को शानदार आयोजन के लिए विमल कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। भटवलिया बनकट विद्यालय द्वारा विमल कुमार तथा वीरेंद्र परनामी को उनकी पेंटिंग भेंट की गई। कार्यक्रम में उपस्थित देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी द्वारा शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा० राम जियावन मौर्य व विमल कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र व मिठाई का डिब्बा देकर सम्मानित किया गया तथा अपने उद्बोधन में शिक्षकों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों द्वारा कुशीनगर टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी, कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गोंड, हाटा विधायक मोहन वर्मा, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा० राम जियावन मौर्या समेत सभी विकास खण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारी, मिशन के संस्थापक विमल कुमार, प्रादेशिक टीम से अवनीन्द्र जादौन, रविन्द्र सिंह, शशिभूषण सिंह, शिवम् सिंह, वीरेन्द्र परनामी व आयोजक टीम कुशीनगर से मंजू सिंह, सुनील सिंह, सूर्य प्रताप सहित कोर टीम तथा 75 जनपदों से आए लगभग 200 शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रचंड गर्मी से जीव जंतु परेशान परिंदो को पानी भी नसीब नहीं

**भटनी (देवरिया)।** प्रचण्ड गर्मी की चपेट मे मानव ही नही जीव जन्तु पर परिन्दें भी आ गये है और पशु पक्षियों को अब पानी भी नशीब नही हो पा रहा है ।गर्मी से निजात पाने, पेयजल के लिए लोंगों को भले ही कुँओं, तालाबों आदि पर निर्भर न रहना पड़ रहा हो लेकिन बेजुबान पशु पक्षियों को तो नदी ,नालों ,तालाबों ,नहरों पर ही निर्भर रहना पड़ता है जो इस भीषण गर्मी में बहुत पहले ही सुखे पड़े हैं ।बाग बगीचों की कमी जले पर नमक साबित हो रही है। कुछ वर्षों पूर्व तक लगभग प्रत्येक गांव में एकाध पोखरे ,तालाब ऐसे होते थे जन्मे वर्षभर कमोवेश पानी रहता था और गर्मी के दिनों में पशुपक्षी का सहारा बनता था। आबादी बढ़ने , और बेरोकटोक अवैध कब्जे से गाँवो मे कुँए व तालाब पाट दिये गये है ।जिससे पशु पक्षियों के सामने पानी का संकट खडा हो गया है ।बेचारे पशु पक्षी की जुबान की भाषा मानव के समझ से परे है ।जिससे बैचैन होकर दिन ही नही रात मे भी घुमने के लिए विवश है ।सरकार द्वारा तो जलाशय बनवाने का कार्य किया गया है ।फिर पानी का घोर संकट खडा हो गया। इधर भटनी विकास खण्ड के ग्राम नूनखार से एक कोईलाड नाला मंगराईच होते हुए रजवल साहोपार मजूरी चाँदपार कोडरा ठाकुर होते हुए घुसरी पीवकोल होते हुए प्यासी गाँव के सामने छोटी गण्डक मे मिल जाता है ।कोईलाड नाले की हालत यह है की नूनखार से लेकर प्यासी तक नाले मे पानी नही है ।इस नालेके पानी से पशु पक्षी गर्मी के दिनो मे पानी से अपना प्यास बुझाते थे ।अब इनको इधर उधर भटकना पड रहा है ।इस कोईलाड की सफाई समय समय पर सिंचाई विभाग द्वारा कराया भी जाता है ।इस कोईलाड नाले को लेकर काफी परेशान है ओर ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस कोईलाड नाले को बैकुन्ठपुर के नाले से नूनखार से प्यासी तक जोड दिया जाय तो जहां इस नहर से हमेशा किसानों को पानी मिलता और आपने खेतो की सिंचाई भी कर ते ।साथ ही पशु पक्षियो व जलचर को भी हमेशा पानी मिल जाता ।क्षेत्रीय जनता ने सिंचाई विभाग जिलाधिकारी सांसद विधायक से बैकुन्ठपुर के नहर से जोडने की माँग किया है।

संक्षेप

## विवाहिता फांसी पर झूली

**बांदा।** थाना मरका के ग्राम मऊ का मजरा कुरेहापुरवा निवासी शिवबहादुर वर्मा की 26 वर्षीय पत्नी अल्पना पारिवारिक कलह के चलते शनिवार की देर शाम सूने घर में गले में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब देखा तो उसे फंदे से नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन का कहना है कि 3 वर्ष पहले अल्पना की शादी हुई थी। पति बाहर मजदूरी करता है। मृतक की मां चंद्रकली ने दहेज उत्पीड़न एवं हत्या की बात पुलिस में कही है। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार मनोहरलाल सिंह व थानाध्यक्ष नरेश कुमार प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मेडिकल कालेज भेज दिया है।

## पत्नी से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मुहल्ला नेहरूनगर सिद्धंनपुरा निवासी साधना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति उमाशंकर रिछारिया उर्फ बंटी आये दिन शराब का सेवन कर उसके साथ गाली-गलौज करता है। बताया कि बीती 14 जून को शाम करीब 5 बजे जब उसने शराब पीकर उसके साथ लात-घूसों व बेल्टों से मारपीट कर दी। जिससे उसके शरीर व हाथ में चोटें आयीं। इसके अलावा पैरों में डण्डा मार देने से उसके पैर में अंधरूनी चोट आयी है। बताया कि उसका पति घर में वर्तन, कपड़े आदि फेंकते हुये उसे मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित कर रहा है। इसके अलावा बच्चों से भी मारपीट करता है। आरोप है कि उसके पति ने छूटकर आने पर फिर मारपीट करने और जान से मार डालने की धमकी दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मिला युवक का शव मिला

बहेड़ी-बरेली। नगर के मोहल्ला कानूनगोयान में रेलवे लाइन किनारे की बस्ती स्थित एक मकान में गृह क्लेश से परेशान एक युवक ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों को जानकारी हुई तो घर में हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया।जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कानूनगोयान निवासी स्व. विशंभर दयाल के सबसे छोटे बेटे सुधीर उर्फ.मोनू का अपनी पत्नी से कुछ क्लेश चल रहा था। उसकी पत्नी वट अमावस्या पर्व से तीन दिन पहले रुद्रपुर में रह रहे अपने माँ बाप के साथ चली गई थी। परिजनों के मुताबिक, शनिवार रात करीब 11 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाकर छत पर सोने चले गए और मोनू की माँ कमरे में सो गयीं।

# ईद-उल अजहा के त्यौहार को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**नगीना, बिजनौर।** ईदुल अजहा के पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद नगीना के सभागार में नगीना एसडीएम अवनीश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों व सभासदों के साथ एक बैठक की गई। इस बैठक में एसडीएम अवनीश कुमार त्यागी ने कहा कि सभी धर्मों के त्यौहार आपस में प्रेम व भाई चारें का संदेश देते है।

ईदुल अजहा पर्व के मद्देनजर उन्होंने नगर पालिका परिषद के इओ सन्दीप सक्सेना व स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक धीरज रॉय वर्मा से पर्व पर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही सभासदों से अपील की कि वह अपने अपने वार्डो में पूरी जिम्मेदारी के साथ पर्व को मनवाए, कुबार्नी के अवशेषों को पालिका की कूड़ा गाड़ियों में ही डाले, सड़कों पर इधर उधर न फेकें, प्रतिबंधित जानवरो की कुबार्नी न करें व खुले में कुबार्नी न करें एक दूसरे का ख़्याल रखें। सफाई पर ध्यान दे। और आपस में मिल झुल कर प्रेम के साथ ईदुल अजहा के पर्व को मनाये। सरकारी गाइड लाइन का ध्यान रखें। इस बैठक में एसडीएम अवनीश कुमार त्यागी, नायब तहसीलदार नगीना राजकुमार, इओ सन्दीप सक्सेना, स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक धीरज रॉय वर्मा, चेयरपर्सन पुत्र शहराज खलील, वरिष्ठ लिपिक मदनपाल सिंह, सय्यद मुनीर अहमद जैदी, पथ प्रकाश प्रभारी नरेश कुमार, मौ0 असलम, शददन ठेकेदार, सभासद संजीवदत्त शर्मा, सिद्दीक मुल्तानी, मौ0 राशिद, मौ0 शारिक, मौ0 तालिब, रामकुमार यादव, जहीर पहलवान, मतलूब अहमद, राजकुमार, कपिल पंवार, रोहित विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## चप्पे- चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

**महोबा।** चन्द्रदर्शन के अनुसार आज जनपद में बकरीद का पर्व मनाया जायेगा। इस पर्व की संवेदनशीलता के दृष्टिगत शान्ति सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा को 3 सुपर जोन एवं 10 जोन व 15 सेक्टर में विभाजित कर पर्याप्त संख्या में भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों थाना प्रभारियों चौकी प्रभारियों को पर्व के दृष्टिगत सभी मस्जिदों पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से लगातार संवाद बनाये रखने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही पर्व के दौरान कोई भी सड़क में नमाज न अदा करेए बकरीद की नमाज मस्जिद के अन्दर ही कराना सुनिश्चित किया जाये। कोई नई परंपरा एवं सार्वजनिक जगहों पर कुबार्नी न होने दी जाये।

सोशल मीडिया पुलिस टीम को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में पैनी नजर रखे जाने व किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु महत्वपूर्ण स्थलों में फायर टेण्डर को एलर्ट मोड में रखा गया है। नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने हेतु महत्वपूर्ण तिराहों चौराहों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है जो यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करना सुनिश्चित करेंगे।

## आयुष्मान भवः साप्ताहिक मेला का आयोजन

**आंवला-बरेली।** आरोग्य मेले में अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंवला पर 10 पुरुष, 19 महिलाएं एवं 11 बच्चों सहित कुल 40 रोगियों को परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। गर्भवती स्त्रियों को प्रसव पूर्व जांचे कराकर टीकाकरण भी किया गया। शिशुओं का टीकाकरण भी किया गया। 04 ज्वर से पीड़ित रोगियों की मलेरिया की जांच कर दवा देकर उपचारित किया गया। 3 संदिग्ध क्षय रोगियों को जांच कराकर उपचारित किया गया।

आयुष्मान भवः मेला के अंतर्गत 333 आभा आई. डी. का सृजन किया गया एवं 10 आयुष्मान कार्ड बनाये गए। 22 रोगियों को पोषण एवं खान पान संबधी सलाह दी गयी एवं 11 लाभार्थियों को परिवार नियोजन एवं प्रजनन पथ संक्रमण से बचाव के लिए काउंसलिंग की गयी। उनमे से 07 लोगों ने परिवार नियोजन सम्बंधी सेवाओं का लाभ उठाया तो वहीं सीएचसी आंवला पर भी रोगियों को जांच कर दवा देकर उपचारित किया गया।

मेले में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ इंतजार हुसैन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास यादव के अतिरिक्त फार्मासिस्ट अवशेष कुमार, नरेंद्र कुमार, एल.टी अर्जुन कश्यप, मोहम्मद सालिम, स्टाफ नर्स रोशनी, ए. एन. एम. अनीता मौर्य, मेहराज और चाँदनी तोमर, छत्रपाल सिंह, मुकेश मौजूद रहे।

# जमरार बांध के इंटेक वेल के पास हुई सिल्ट सफाई



**ललितपुर।** जामनी नदी पर निर्मित जमरार डैम जिसका डैड स्टोरेज लेवल 363.35 मी० है तथा वर्तमान में पानी का लेवल 364.40 मी0 है। उक्त डैम पर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सौजना-गुढ़ा ग्राम समूह पेयजल योजना के इण्टेक वैल का निर्माण किया गया है, जिसकी इण्टेक के बॉटम से प्रथम ओपनिंग का लेवल 363.02 तथा द्वितीय ओपनिंग का लेवल 367.00 मी0 है।

प्रथम ओपनिंग के पास सील्ट जमा होने के कारण डैम का जल इण्टेल वैल में पहुंचने में बाधा उत्पन्न हो गई थी। उक्त के सम्बन्ध में आयुक्त झांसी मण्डल झांसी एवं जिलाधिकारी ललितपुर द्वारा पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण ललितपुर के निर्देशानुसार कार्यदायी फर्म मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि० जोधपुर के परियोजना प्रबन्धक सुभाष विश्नोई के द्वारा अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण प्रदीप शर्मा, टी०पी०आई० एवं पी०एम०सी० के इंजीनियर विनय साहू, नितिन नागवंशी, मनीष शुक्ला एवं गोविन्द नारायण शर्मा की उपस्थिति में सील्ट की सफाई का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। उक्त के अनुक्रम में सौजना-गुढ़ा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित 31 ग्रामों में जलापूर्ति सुचारू रूप से देर रात में प्रारम्भ कर दी गयी है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में मध्यप्रदेष के जिला टीकमगढ़ में पेयजल की किल्लत होने पर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर जमरार बांध द्वारा टीकमगढ़ को जल प्रदान किया गया था, उक्त जल निकासी के बाद भी जल जीवन मिशन की योजना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

# योग सप्ताह का उद्घाटन



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जागरूकता के अंतर्गत इंदिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित होने वाले योग सप्ताह का विधिवत रूप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलितकर भव्य रूप से उद्घाटन किया गया।जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग सप्ताह का उद्घाटन करते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और योग सप्ताह कार्यक्रम को पूर्ण मानक के अनुरूप सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय प्राचीन पद्धति है जिसका कोई भी व्यक्ति उपयोग कर आध्यात्मिक एवं शारीरिक लाभ अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में योग की आवश्यकता प्रासंगिक हो गई है योग के द्वारा आम आदमी अपनी शारीरिक और मानसिक रोगों का निदान कर सकता है और अपनी आध्यात्मिक शक्ति को भी प्रमाण चढ़ा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, माननीय विधायक चांदपुर विधानसभा क्षेत्र, बिजनौर नगर पालिका अध्यक्षा, मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी प्रतिभागियों द्वारा योग आसन भी किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन, आयुष विभाग, क्रीड़ा भारती, गोविंद मॉर्निंग क्लब, वरिष्ठ नागरिक संगठन, गुड मॉर्निंग क्लब, पर्यावरण प्रहरी, स्वदेशी जागरण मंच, गायत्री परिवार, पतंजलि योग समिति तथा अन्य योग संस्थाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चांदपुर स्वामी मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मलखम्भ में प्रतिभावान खिलाड़ियों ने दिखाये हैरत अंगेज करतब

जिला संवाददाता(vol)




**ललितपुर।** श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला में विगत एक माह से चल रहे समर कैम्प का समापन विश्व मलखम्भ दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भुजंगासन, शवासन, नटराजासन, परमोत्तासन, अंग निकास, नाभि बैलेंस, निंद्रासन आदि का प्रदर्शन रोप व पोल मलखम्भ के माध्यम से किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक के रूप में पुष्पेन्द्र कुशवाहा एवं शैलेन्द्र सिंह रहे। रोप मलखम्भ में कशिश कुशवाहा, लाठी में भूपेन्द्र कुमार, जिमनास्टिक में गुलझारी कुशवाहा ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में कैलाश नारायण डयोडि ?ा, मनमोहन जडि ?ा, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, देवेन्द्र चतुवेर्दी, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, दीपक चैबे, रमेश रावत, अमित सोनी, विजय जैन कल्लू, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, मदन चतुवेर्दी, जमील खान, मुन्नालाल त्यागी, अमित तिवारी, जगदीश पाठक, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, कृष्णकान्त तिवारी, उपस्थित रहे। अतिथियों का आभार अध्यक्ष राजेश दुबे ने व्यक्त किया।इस अवसर पर आदर्श लोधी, विश्वादित्य बुन्देला, पीयूष मालवीय, पिगांक्ष चतुवेर्दी, कृष्णगोपाल नामदेव, वीर श्रीवास, अभिरथ, अर्चित नामदेव, आदर्श ठाकुर, राजवीर सेन, महक श्रीवास्तव, गार्गी चतुवेर्दी, मुस्कान नामदेव, पूजा साहू, काव्या साहू, रितिका राजा, येश्वरी पाल, आस्था पटेल, इशिका कुशवाहा, हिमांशी कुशवाहा, हार्दिक जोशी, वेद साहू, रचिव ने हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश नामदेव, महेश राठौर, राकेश तामियां, कमलेश साहू, वासुदेव पटवा, हरीबाबू सोनी, धर्मेंद्र चैबे, दिनेश श्रीवास्तव, धीरज कुशवाहा, विशाल श्रीवास, आशीष पंथ, मौसम सेन, मनीराम पाल, संजय, रवि झां ने सहयोग किया। मंच का संचालन डा.प्रबल सक्सेना व ब्रजेश चतुवेर्दी ने किया।

- विश्व मलखम्भ दिवस पर संपन्न हुआ एक माह से चल रहा समर कैम्प

## गंगा दशहरा पर नदी व सरोवरों में रही भीड़



**बांदा।** ज्येष्ठ माह में गंगा की पूजा का बहुत महत्व है, ऐसा माना जाता है कि इस माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को देवी गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। यही कारण है इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। पावन पर्व पर आज नदियों व सरोवरों में लोगों की भीड़ देखी गयी। यहां स्नान कर आस्थावान दान के अलावा रुद्राभिषेक भी करते देखे गए। ज्योतिषाचार्य पं0 ओमप्रकाश शास्त्री कहते हैं कि गंगा दशहरा के दिन शिव पूजन का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि शिव पूजा से बहुत लाभ मिलता है. इस समय भोलेनाथ बहुत प्रसन्न मुद्रा में होते हैं, ऐसे में उनकी विधि-विधान से पूजा करना बहुत फलदायी हो सकता है। रविवार को शहर के केन नदी व नवाब टैंक में लोगों ने स्नान कर पूजन अर्चन किया।

## एलईडी के माध्यम से नहीं मिल रही बसों की जानकारी

**बांदा।** रेलवे स्टेशनों की तरह रोडवेज बसों के परिवहन की जानकारी अब यात्रियों को सुलभ होगी। यात्रियों की परेशानी दूर होगी। यात्रियों को एलईडी स्क्रीन पर बसों के आने जाने की जानकारी मिल सकेगी। शासन के आदेश पर बांदा, महोबा, हमीरपुर, चित्रकूट और राठ में एलईडी व दो-दों साउंड लगाए गए है। आरएम संदीप अग्रवाल ने बताया कि बसों के यात्रियों को अब बसों की जानकारी एलईडी स्क्रीन पर दिख सकेगी। साफ्टवेयर इंस्टालेशन का कार्य हो रहा है। साउंड सिस्टम के माध्यम से बसों की जानकारी का प्रसारण होगा। अब यात्रियों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। पहले यात्रियों को पूछतांछ कक्ष या परिचालकों के पास बस की जानकारी को जाना पड़ता था। कई माह बीत जाने के बाद भी यह व्यवस्था अब तक सुचारू रूप से संचालित न होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## योग शिविर का आयोजन



**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अंतर्गत 15 से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह के द्वितीय दिन पुलिस लाइन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है अपितु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता हैए तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों को दिनचर्या में शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों व पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं में नियुक्त अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा भी योगाभ्यास किया गया। योगाचार्य द्वारा कहा गया कि प्रकृति से जुड़कर शारीरिक एवं मानसिक व आत्मिक स्तर पर शुद्धता एवं स्वास्थ्य में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने पुलिस के जवानों को विभिन्न आसन और प्राणायाम मुद्राओं का भी अभ्यास कराया।

# मानव तस्करी, बालश्रम, भिक्षावृत्ति के खिलाफ चलाया अभियान

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं यूनिट (एएचटीयू) जनपद ललितपुर उ.नि. योगेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष एएचटीयू मय हमराह हे.का. वीरेन्द्र सिंह तोमर, म.का. कल्पना बाजपेयी व विशेष किशोर पुलिस इकाई से हे.का.राना सिंह व रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान ललितपुर में होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड़ आदि स्थानों पर एएचटीयू व विशेष किशोर पुलिस इकाई व रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त की टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के दौरान कोई भी नाबालिग बच्चें कार्य करते हुये नहीं पाये गये। अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों व होटल /ढाबा मालिक को बाल श्रम अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। होटल, ढाबा, दुकान आदि के मालिकों को हिदायत दी गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उक्त अभियान में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) थानाध्यक्ष उ.नि. योगेन्द्र सिंह, हे.का. वीरेन्द्र सिंह तोमर, म.का. कल्पना बाजपेयी व राना सिंह व रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## शिकायतें मिलने पर तीन क्लीनिक सील



**बिजनौर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिकायते मिलने पर जलीलपुर क्षेत्र में आठ अप्रशिक्षित चिकित्सकों के क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अवैध रूप से संचालित तीन क्लीनिक सील कर दिए तथा चार अप्रशिक्षित चिकित्सकों को नोटिस जारी किया है। नोडल अधिकारी डॉ0 राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा के अनुसार तहसील चांदपुर क्षेत्र के जलीलपुर में श्री श्याम कृपा हेल्थ केयर सेंटर एवं जच्चा-बच्चा केंद्र, रौनक हेल्थ केयर सेंटर एवं जच्चा-बच्चा केंद्र अवैध रूप से चलता मिला। कागजात नहीं दिखा पाने पर सील कर दिया गया। इसके अलावा पूनम शर्मा ने घर में ही डिलीवरी सेंटर बना रखा है, जिसके दो कमरे सील कर नोटिस जारी किया। नकुल कुमार का शांति क्लीनिक भी अवैध रूप से चलता मिलने पर नोटिस दिया गया। वहीं खुर्शीद के यहां निरीक्षण किया। वहां मेडिकल स्टोर चलता मिला, उसका लाइसेंस था। मौ0 जुबैर के इंडियन डेंटल क्लीनिक को नोटिस जारी किया। इसके अलावा गांव सुल्तानपुर के लोगों का कहना है कि डॉ0 इमलेश और डॉ0 मोनिका ने घर में भी डिलीवरी सेंटर चला रखा है। उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। प्रशासन को उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## ईद-उल अजहा की नमाज का टाइम तय

**नगीना।** हजरत इब्राहिम की याद में मनाये जाने वाले पर्व ईद उल अजहा की नमाज का टाइम मुकर्रर कर दिया गया है।नगीना में बढ़ापुर मार्ग पर स्तिथ ईदगाह पर ईदुल अजहा की नमाज सुबह 7 बजे मौलाना डॉ खलिक अहमद कासमी अदा करायेंगे। जबकि मोहल्ला शाहजहीर स्तिथ मस्जिद घास मंडी में ईदुल अजहा की नामाज 7 बजकर 15 मिनट पर मौलाना निसार अहमद अदा करायेंगे। नगर की जामा मस्जिद में ईदुल अजहा की नमाज सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर मुफ़्ती मुहम्मद उवैस अकरम अदा करायेंगे। मोहल्ला काजी सराय स्तिथ मस्जिद पत्थर वाली में ईदुल अजहा की नामाज 7 बजकर 45 मिनट मुफ़्ती उबैदुल्लाह अयाज अदा करायेंगे। मोहल्ल बिश्नोई सराय स्तिथ मस्जिद खजूर वाली मस्जिद में ईदुल अजहा की नामाज 7 बजकर 45 मिनट पर मौलाना इस्लामुद्दीन अदा करायेंगे। अकबराबाद चैक स्तिथ फारूक ी मस्जिद में ईद की नामाज 6 बजकर 15 मिनट पर मुफ़्ती फहीम अहमद अदा करायेंगे। मुहल्ला पंजाबियान स्तिथ मस्जिद दौलतशाह वाली में ईद की नामाज 7 बजे मुफ़्ती उजैर शम्सी अदा करायेंगे, यह जानकारी मस्जिद के जिम्मेदारान लोगो ने दी है।

# भीषण गर्मी में विद्युत विभाग की लापरवाही से आमजन परेशानः बु.वि.सेना

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** स्थानीय कम्पनी बाग में बु.वि.सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में भीषण गर्मी के मौसम के मद्देनजर विद्युत विभाग की अकर्मण्यता को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सेना प्रमुख ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में मामूली फाल्ट होने पर पूरी रात-रात भर बिजली गायब रहती है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और विकास कार्यों का दम्भ भरने वाले सत्तारूढ़ पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के मामले में चुप्पी साध रखी है। कहा कि ऊपर सूर्य देवता का भीषण प्रकोप और नीचे विद्युत विभाग की अकर्मण्यता के चलते जनता कीड़े-मकोड़ों की तरह जीवन जीने को मजबूर है। बगैर बिजली के जनता बगैर पानी के मछली की तरह तड़प रही है। ललितपुर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको जनता की इस पीड़ा से कोई भी सरेकार नहीं हैं। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग की अकर्मण्यता की यह हालत है कि फाल्ट होने और मरम्मत होने की स्थिति का पता लगाने के लिए जनता जब विभाग द्वारा दिये गये मोबाइल पर फोन करती है तो विद्युत विभाग के संवेदनहीन जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं और परेशान नागरिक मन मसोस कर रह जाते हैं। यहां तक कि अधिशासी अभियन्ता को भी फोन लगाने पर उनका फोन भी नहीं उठता है। अब ऐसी स्थिति में जनता अपनी गुहार किससे लगाये। उन्होंने कहा कि ऊपर से तो भरपूर बिजली जिले को मिल रही है परंतु ट्रान्सफार्मरों का उचित रखरखाव, मेन्टीनेन्स और स्थानीय फाल्ट के कारण बिजली घंटो तक गायब रहती है। यह भी कहा कि विद्युत विभाग में मेन्टीनेन्स स्टॉफ की भारी कमी है। स्टॉफ की कमी के कारण जो फाल्ट लगभग आधा घंटे में दूर हो जानी चाहिए उसको दूर करने में चार पांच घंटे या कभी कभी पूरी रात लग जाती है। ने विद्युत विभाग को चेतावनी दी है कि वो अपनी अकर्मण्यता से बाज आकर अपने दायित्वों का उचित प्रकार से पालन करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में बु.वि.सेना उग्र आन्दोलन छेड ? के लिए बाद्ध हो जायेगी। बैठक में कदीर खां, राजकुमार कुशवाहा, बी.डी.चन्देल, अमरसिंह, शाहिद अली, नंदराम कुशवाहा, फूलचंद रजक, प्रदीप साहू, गफूर खान, प्रकाश रैकवार, विजय कुशवाहा, विजय कुशवाहा, संजू राजा, जगदीश झा, अनिल अहिरवार, आकाश कुशवाहा, लालूसिंह, अनिल जैन, प्रकाश रैकवार, नीरज कुशवाहा, बलवानसिंह, रोहित कुमार, कामता प्रसाद भट्ट, भईयन कुशवाहा, प्रदीप साहू, विनोद साहू आदि मौजूद रहे।

- अधिशासी अभियन्ता विद्युत अपने कर्तव्यों का सही पालन नहीं कर रहे हैं
- ललितपुर के जनप्रतिनिधियों पर चुप्पी साधने का आरोप

## बुंदेलखण्ड योद्धा संडे सुपर लीग का शुभारम्भ

**बांदा।** राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान में वीर आल्हा फाइटर्स एवं महाराजा खेत सिंह राइडर्स के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराजा खेत सिंह राइडर्स ने विदित त्रिपाठी की 55 रनों की आतिशी पारी के दम पर निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाए। वीर आल्हा फाइटर्स के गेंदबाज पोलार्ड ने 24 रन देकर दो विकेट तथा धोनी, अभिषेक, विनय ने क्रमश 1-1-1 विकेट लिए। 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर आल्हा फाइटर्स ने अभिषेक निषाद की 41 रन (26 गेंद) तथा विनय 16 रनों की पारी के दम पर लक्ष्य का पीछा 13.1 ओवर में छह विकेट से जीत हासिल कर ली।

## नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर ने अपने क्षेत्र का किया दौरा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**बिजनौर।** लोकसभा नगीना से नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने क्षेत्र के कई गांव का दौरा कर जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया। नगीना लोकसभा से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने डेढ़ लाख वोटो से अधिक जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत के लिए उन्होंने क्षेत्र के शादीपुर, गनौरा, कुम्हेड़ा, गाजीपुर आदि क्षेत्रों मैं क्षेत्र की जनता से जनसंपर्क कर धन्यवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि जिस प्रकार से क्षेत्र की जनता ने मुझ पर भरोसा रख कर विजय कराया है मैं क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करता हूं की सदैव उनके काम आता रहूंगा, तथा क्षेत्र में विकास करके दिखाऊंगा। सांसद ने कहा कि जनहित से जुड़े छोटे व बड़े कार्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी दलिता व पिछडों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ हरिओम सिंह, हरिश्चंद्र भगत जी, आशीष, विपिन निवाल, डॉक्टर रामकुमार आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में मनाया गया फादर्स डे



**बांदा।** जेडीयू कि महिला प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल और ईओ नगर पालिका नीलम चैधरी ने वृद्धाश्रम पहुंचकर फादर्स डे मनाया। शहर के नरैनी रोड स्थित वृद्ध आश्रम मे फादर्स डे के मौके पर जेडीयू की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल और नगर पालिका कि ईओ नीलम चैधरी ने वृद्ध जनों के साथ केक काटा। सभी वृद्धजनो का हल्दी कुमकुम से तिलक किया। लड्डू खिलाया। जरूरत की सामग्री बुजुर्गों को बांटा। इस दौरान लेखाकार उमाकांत शुक्ला, राकेश कुमार, महेश गोस्वामी, आदित्य गोस्वामी, दिनेश सिंह आदि लोग रहे मौजूद रहे।

# आतंकियों का करें अंत

जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन ऑल आउट, धारा-370 हटाने और आतंकियों के चुन-चुन कर सफाये के बाद यह सही है कि कश्मीर में आतंकवाद की घटनाएं घटी हैं। पत्थरबाज अपने घरों में दुबक गये हैं। आतंकियों पर नकेल कसने के कारण जम्मू-कश्मीर की फिजां में काफी बदलाव आया है। पर्यटन उद्योग बढ़ा है, निवेश बढ़ रहा है, शिक्षा, स्वास्थ्य और कारोबारी गतिविधियों में भी व्यापक सुधार हुआ है। बस इसी बात को लेकर आतंकी परेशान हैं और समय-समय पर अपनी उपस्थिति दिखाने के लिए निर्दोषों को निशाना बनाते हैं। शायद चुनाव के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था का फोकस दूसरी तरफ शिफ्ट हुआ हो, कहीं न कहीं सुरक्षा में चूक हुई होगी तभी आतंकी शिव कोहरी के तीर्थयात्रियों पर हमला करने में सफल हुए। तीर्थ यात्रियों पर हमला दुखद, चिंताजनक है और इससे पूरा देश आक्रोशित है। इस बात को भारत सरकार भी अच्छी तरह समझती है। शायद इसीलिए कश्मीर और जम्मू क्षेत्र में फिर सिर उठाने की कोशिश कर रहे आतंकियों के सफाये और नागरिकों की सुरक्षा को पुख्ता करने के मद्देनजर नयी दिल्ली में गृहमंत्री ने हाई लेबल की बैठक कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की है। इस बैठक में गृहमंत्री के साथ एनएसए डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेनाध्यक्ष सहित सभी संबंधित बड़े अधिकारी शामिल हुए। गौरतलब है कि शिव कोहरी के तीर्थ यात्रियों पर हमले के बाद अमरनाथ यात्रा और माता वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी सरकार गंभीर है। इन सबके मद्देनजर ही गृहमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है और आतंकियों को सबक सिखाने की रणनीति भी बनी है। इस बैठक के नतीजे जल्द दिखने शुरू हो सकते हैं और कश्मीर घाटी के साथ जम्मू रीजन में भी चुन-चुन आतंकियों को उचित जगह पर पहुंचाने का अभियान भारत सरकार छेड़ सकती है। वैसे यह जरूरी भी है। दरअसल आतंकियों ने केन्द्र सरकार को चुनौती दी है। राजधानी दिल्ली में जब एनडीए की नई सरकार शपथ ले रही थी, उससे ठीक पहले जम्मू के रियासी में आतंकियों ने दुस्साहस दिखाते हुए श्रद्धालुओं से भरी बस पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से ड्राइवर संतुलन खो बैठा और बस खाई में गिर गई। इससे 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 33 घायल हुए। जम्मू की बस (जेके 02ई 3485) रियासी जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर शिवखोड़ी से कटड़ा लौट रही थी। आतंकियों ने पहले भी कई बार तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया है। अब यह बात स्पष्ट हो गयी है कि जम्मू-कश्मीर जाने वाले तीर्थयात्री आतंकियों के निशाने पर रहते हैं। हां सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत होती है कि आतंकी इसे वेध नहीं पाते हैं। लेकिन सुरक्षा की कठोर स्थिति को सालों साल बनाये रखना बड़ी चुनौती है। इसलिए यह जरूरी है कि आतंकियों को प्रोएक्टिव तौर-तारीकों से सरकार और सुरक्षा बल अपनी तरफ से पहल कर उनका सफाया करें, जैसा की बीते कई सालों से करते आये हैं। आतंकियों से किसी भी तरह की नरमी की जरूरत नहीं है। आतंकवादी चाहे कश्मीर में हों या पंजाब में इनसे निपटने का तरीका सिर्फ कठोरता के साथ इनका दमन ही है। इसलिए सरकार को मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आतंकियों के खात्मे पर विशेष रूप से फोकस करना चाहिए। गृह मंत्री ने शिव कोहरी तीर्थयात्रियों पर हमले पर गंभीर चिंता जाहिर की है और माता वैष्णो देवी, शिव कोहरी और अन्य तीर्थस्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए समन्वित प्रयासों की बात कही है। ऐसे में यह उम्मीद बनी है कि आने वाले दिनों में सुरक्षा प्रबंध और मजबूत होंगे और आतंकवादियों का जल्द सफाया होगा।



**जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि सरकार आतंकियों का जल्द सफाया सुनिश्चित करे।**

# नदियों के साथ करें मानवतापूर्ण व्यवहार



अरविन्द जयतिलक

**सीवर का गंदा पानी और औद्योगिक कचरे को बहाने से क्रोमियम एवं मरकरी जैसे घातक रसायनों की मात्रा बढ़ी है जो जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। उचित होगा कि जीवनदायिनी गंगा एवं अन्य नदियों के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार छोड़ आस्था एवं परंपरा का निर्वहन मानवता के लिए किया जाए।**



धर्म/संस्कृति

कल देश में गंगा दशहरा मनाया गया। इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई। स्कंद पुराण व वाल्मीकी रामायण में गंगा अवतरण का विशद उल्लेख है। रामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास जी ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला।' अर्थात गंगा जी समस्त आनंद-मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। भारतीय शास्त्र, पुराण एवं उपनिषद इत्यादि सभी ग्रंथों में गंगा की महिमा और महत्ता का बखान किया गया है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक एवं हजारों साल की आस्था की पूंजी है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी है।

गंगा का जितना धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व है उतना ही आर्थिक भी है। भारत गांवों और नदियों का देश है। गांव और नदियों का संबंध सदियों पुराना है। गंगा का पानी कृषि व उद्योगधंधों के लिए प्राणवायु है। लेकिन यह विडंबना है कि गंगा में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इससे सिर्फ उसका निर्मल पानी ही प्रदूषित नहीं हो रहा है बल्कि उसका अस्तित्व भी संकट में आन पड़ा है। याद होगा अभी गत वर्ष ही कोरोना महामारी में लाखों लोग काल का ग्रास बने। उस समय गंगा नदी के तट पर सैकड़ों शव उतराते देखे गए। गौर करें तो देश में हर दिन अनगिनत शव गंगा में बहाए जाते हैं। शवों को बहाने से न सिर्फ गंगा की निर्मलता प्रभावित होती है बल्कि उसका सीधा असर गंगा में रहने वाले जलीय जीवों के सेहत पर भी पड़ता है। विशेषज्ञों की मानें तो गंगा में बहाए जाने वाले शवों को विशेष प्रकार की मछलियां और कछुए खाते हैं। शवों को बहाने से न सिर्फ गंगा का जल संक्रमित होता है बल्कि इससे गंगाजल का सेवन करने वाले लोगों की भी सेहत बुरी तरह बिगड़ती है। विशेषज्ञों का तो यहां तक कहना है कि इसका असर नमामि गंगे जैसे प्रोजेक्ट के लिए भी चुनौती बन सकता है। उल्लेखनीय है कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के जरिए गंगा की निर्मलता और पवित्रता बनाए रखने का प्रयास हो रहा है। इस प्रोजेक्ट पर हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन जिस तरह गंगा में आस्था के नाम पर शवों को बहाया जा रहा है उससे गंगा की निर्मलता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हां, यह सच्चाई है कि शवों को बहाने की अपेक्षा जलाने पर ज्यादा खर्च आता है। ऐसे में आर्थिक रूप से विपन्न परिवार शवों को जलाने के बजाए उन्हें गंगा में बहा देते हैं। एक सच यह भी है कि आस्था के नाम पर भी शवों को गंगा में बहाने की परंपरा विद्यमान है। वह परंपरा आज तक जारी है। गौर करें तो आस्था के नाम पर अकेले गंगा में ही हर वर्ष हजारों शव बहाये जाते हैं। उसके तटों पर लाखों शव जलाए जाते हैं। दूर स्थानों से जलाकर लायी गयी अस्थियां भी गंगा में विसर्जित कर दी जाती हैं।

भला ऐसी आस्था और परंपरा से गंगा की निर्मलता और पवित्रता कैसे सुरक्षित रह सकती है। हद तो यह है कि गंगा एवं अन्य नदियों की सफाई अभियान से जुड़ी एजेंसियां और स्वयंसेवी संस्थाएं भी गंगा और अन्य नदियों से निकाली गयी अधजली हड्डियां एवं राखों को पुनः उसी में उड़ेल देती हैं। क्या इस तरह की सफाई अभियान से गंगा साफ-सुथरी हो सकेंगी? समझना होगा कि जब तक आस्था के उमड़ते सैलाब पर रोक नहीं लगेगा तब तक गंगा समेत अन्य नदियां मैली होती रहेंगी। भारत नदियों का देश है। देश के आर्थिक-सांस्कृतिक विकास में नदियों का अहम योगदान है। नदियां भारतीय संस्कृति और सभ्यता की पर्याय हैं। नदी घाटियों में ही आर्य सभ्यता पल्लवित और पुष्पित हुई। देश के अधिकांश नगर नदियों के किनारे स्थित हैं। देश के अधिकांश धार्मिक स्थल किसी न किसी रुप में नदियों से संबंद्ध हैं। नदियां देश की बड़ी आबादी को अपने जल से ऊर्जावान करती हैं। लिहाजा नदियों को निर्मल बनाए रखने के लिए जितना सख्त कानून की जरुरत है उससे कहीं अधिक पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और संत समाज की सार्थक भागीदारी निभाने की जरुरत है।

याद होगा गत वर्ष केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी), प्लास्टिक और थर्मोकॉल जैसी हानिकारक चीजों से बनी देव प्रतिमाओं के जल विसर्जन पर रोक लगा दी है। बोर्ड ने यह कदम देश में मूर्ति विसर्जन को पर्यावरण हितैषी तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से उठाया। बोर्ड के नए नियमों के मुताबिक अब हानिकारक तत्वों से बनी मूर्तियों का जल विसर्जन नहीं हो सकेगा। यानी अब जलविसर्जन उन्हीं देव मूर्तियों का होगा जिनके निर्माण में केवल सूखे फलों के अंशों और पेड़ों की प्राकृतिक गोंद का इस्तेमाल हुआ है। दो राय नहीं कि बोर्ड के इस पहल से नदियां प्रदूषित होने से बचेंगी और सिंथेटिक पेंट एवं रसायनों के बजाए प्राकृतिक रंगों से रंगी मूर्तियों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। भारत उत्सवों एवं त्यौहारों का देश है। देश में गणेश, विश्वकर्मा, दुर्गा, लक्ष्मी, काली और सरस्वती पूजा बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाता है। इन त्यौहारों और उत्सवों पर हर वर्ष नदियों और जलाशयों में लाखों की संख्या में देव मूर्तियों को विसर्जन होता है। एक अनुमान के मुताबिक अकेले मुंबई में ही डेढ़ लाख से अधिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। इसी तरह कोलकाता की हुबली नदी में पंद्रह से बीस हजार देव प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। देश के अन्य नदियों के साथ भी ऐसा ही होता है। बिडंबना यह कि विसर्जित होने वाली मूर्तियों में कमी के बजाए हर वर्ष उनमें इजाफा हो रहा है। इन मूर्तियों के निर्माण में जहरीले अकार्बनिक रसायनों का इस्तेमाल होता है। रंग बिरंगे आयल पेंटों में नुकसान करने वाले घातक रसायन होते हैं। जब मूर्तियों का विसर्जन होता है तो कुछ सामग्री तो नष्ट हो जाती है लेकिन प्लास्टर ऑफ पेरिस और पेंट के घातक रसायन पानी में मिल जाते हैं। इससे पानी जहरीला बन जाता है। उसका सीधा असर जलीय वनस्पतियों और जीव-जंतुओं एवं मनुष्यों की सेहत पर पड़ता है। यह सच्चाई है कि नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए किस्म-किस्म के कानून गढ़े गए हैं। लेकिन नदियां अभी भी प्रदूषण से कराह रही है।

गत वर्ष पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गंगा और यमुना नदी को जीवित व्यक्ति सरीखा दर्जा दिए जाने का अभूतपूर्व फैसला दिया। देखें तो गंगा एवं अन्य नदियों की दुर्गति के लिए सिर्फ उसमें बहाए जाने वाले शव या मूर्तियां ही जिम्मेदार नहीं हैं। सीवर और औद्योगिक कचरा भी उतना ही जिम्मेदार है। किसी से छिपा नहीं है कि इसे बिना शोधित किए बहाया जा रहा है। उचित होगा कि नदियों के तट पर बसे औद्योगिक शहरों के कल-कारखानों के कचरे को इनमें गिरने से रोका जाए और ऐसा न करने पर कल-कारखानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। अच्छी बात यह है कि देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश इस दिशा में ठोस पहल कर रहा है। वैज्ञानिकों की मानें तो प्रदूषण के कारण नदियों में आक्सीजन की मात्रा लगातार कम हो रही है। उनका पानी पीना तो दूर नहाने लायक तक नहीं रह गया है।

## सोशल मीडिया



जम्मू कश्मीर में नौसेरा में शहीद हुए बिहार के मधेपुरा के पथराहा गांव निवासी सेना के हवल-दार पवन कुमार जी को नमन। उनकी शहादत को देश हमेशा याद करेगा। नीतीश कुमार.



टेक्नोलॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, वही मुश्किलों की वजह बन जाये तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए, आज ईवीएम पर सवाल उठ रहे हैं। अखिलेश यादव



सरकार के प्रत्येक अधिकरी की जिम्मेदारी है कि जन समस्याएं और अपेक्षाएं सुनें तथा एक तय समय सीमा में निस्तारण करें, उनको लटकायें नहीं समाधान दें। सीएम, योगी.

# असाधारण शक्तियां

अंतर्दृष्टि

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# टांग अड़ाने की कला

व्यंग्यलोक

चक दे ... चक दे इंडिया .. लो जी अपने देश में हॉकी का खेल भी शुरू हो चुका है। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे है। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं।

अब 'उपयोगी' को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है( हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। पिताजी रात में हॉकी को अपने सिरहाने रखकर सोते थे ताकि घर में घुसे चोरों की हॉकी से धुनाई कर सकें। हॉकी पर बनी फिल्म चक दे इंडिया खूब चली। लोगों ने अनेक बार देखी। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। उनमें विकट समानता है। दिखने में एक जैसी दिखती हैं। ऊपर से सीधी और नीचे से पंजे की तरफ टेढ़ी। सीधे भाग पर जोर देकर टेढ़े भाग से धौल जमाने का काम लिया जाता है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त 'धौल' के शब्दार्थ भिन्न है। एक को 'शॉट लगाना' कहते हैं और दूसरे को 'लात जमाना'। गोया कि टांग अड़ाना और हॉकी अड़ाना एक ही बात है। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते।



राकेश सोहम

# किन-किन रूपों में धरती पर आते हैं एलियन!



रहस्य/रोमांच

धीरज बसाक

स्कॉटलैंड के स्टर्लिंग शहर में इस साल की शुरूआत में यह बहस बहुत तेज हो गई कि एक दो नहीं यहां हजारों की तादाद में एलियन आते हैं। शहर के दो चार दस लोग नहीं बल्कि सैकड़ों लोगों ने दावा किया कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कम से कम 4 से 5 बार किसी दूसरे ग्रह से आने वाले लोगों से मिले हैं, उनसे हाथ मिलाया है। कुछ लोगों को उनके रहस्यमयी एयरक्रॉफ्ट की बारीक डिजाइन तक याद हैं। कुछ लोगों का कहना था कि एलियन ने उन्हें गले से लगाया, किस किया। शहर के एक दो नहीं छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस तरह के दावे किये और कहा कि यह सिलसिला पिछले 20 सालों से चल रहा है।

कुछ साल पहले अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने उन खबरों का खंडन किया था कि उसके पास दूसरे ग्रह से आने वाले एलियंस की कुछ सीक्रेट फाइलें हैं और यह भी कि उसने कुछ एलियंस को बंधक बना रखा है। लेकिन पेंटागन कुछ भी कहे अमरीका में कोई यह मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि एलियंस नहीं होते। कुछ ही दिनों पहले एक अमरीकी ने दावा किया है कि एक दो नहीं बल्कि 20 साल तक कुछ एलियंस ने उसकी आंखों में इंजेक्शन लगाकार उसे बेहोश कर देते थे और फिर उस पर शोध करते थे। टोनी रोड्रिगुएस नामक इस शख्स के मुताबिक जब वह 10 साल का था, तब यह सिलसिला शुरू हुआ और उसकी 30 साल की उम्र तक यह सिलसिला चलता रहा। उसके मुताबिक छिपकलियों जैसी शक्ल वाले एलियंस उसका अकसर अपहरण कर लेते थे। दिसंबर 2018 में पुणे के एक शख्स ने पीएमओ को लेटर लिखकर दावा किया उसने अपने घर की खिड़की के बाहर एक एलियन को देखा है, जो धरती की महत्वपूर्ण जानकारियां अपने ग्रह भेज रहा था। इस शख्स ने कहा कि उसकी बात पर यकीन किया जाए और इसकी गहराई से पड़ताल हो कि यह कौन था? पीएमओ से महाराष्ट्र सरकार को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए कहा गया तो महाराष्ट्र सरकार ने पुणे के सिंघगढ़ रोड पुलिस थाने से इस मामले में जांच करने के लिए कहा। इस जांच के बाद इस थाने के एक अधिकारी के मुताबिक जिस व्यक्ति ने पीएमओ को लेटर लिखा था, वह मानसिक बीमारी से पीड़ित था और अपना संतुलन खो बैठा था। लेकिन उस शख्स ने इस बात से इंकार किया कि वह मानसिक रूप से परेशान है। उसके मुताबिक अपने बंगले के बाहर उसने पेड़ों में रोशनी देखी और जब वो उसके नजदीक गया तो पता चला वह एक एलियन है। पिछले करीब 100 सालों से भले धरती के बाहर का कोई इंसान आज तक हमें सबूत के तौर पर न मिला हो, लेकिन दूसरे ग्रह के लोगों की धरती में आने की पिछले सौ सालों में दस लाख से ज्यादा कहानियां सामने आ चुकी हैं। हर कहानी हकीकत के इतनी नजदीक लगती है कि एकबारगी उस पर अविश्वास करना मुश्किल हो जाता है। इसकी वजह यह है कि एलियन जिन लोगों को मिले हैं, उन सबकी कहानियां एक जैसी नहीं हैं। ये कहानियां इतनी विविध और सहजता के इतने करीब हैं कि सोचा ही नहीं जा सकता कि ये काल्पनिक होंगी। लगता है वाकई कोई बहुत बड़ी आंख मिचैली चल रही है, जिसमें एलियन रह रहकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं और साइंस बार बार इन्हें खारिज करता है, क्योंकि ये साइंस की पकड़ में नहीं आते। दुनिया में एलियंस को लेकर ये कहानियां इसलिए भी ध्यान खींचती हैं, क्योंकि ये सारी कहानियां न तो मानसिक रूप से बीमार लोग सुनाते हैं, न ही ये बहुत चालाक और रहस्यमयी व तेजतर्रार लोग होते हैं।

एलियंस से जुड़ी अपनी कहानियां सुनाने वाले ये लोग इतने आम और रोजमर्रा की दुनिया में सबसे कम बातें बनाने वाले सहज लोग होते हैं। इसलिए अंतिम रूप से हम इस निष्कर्ष पर पहुंच ही नहीं पाते कि सही क्या है? अमरीका से लेकर हिंदुस्तान तक के अगर बहुत ही आम लोग, बहुत गंभीरता से एलियनों से जुड़े अपनी मुलाकातों की कहानियां और अनुभव सुनाते हैं तो लगता है कुछ न कुछ कहीं न कहीं तो कोई ऐसी सच्चाई है, जिसे अभी हम यानी विज्ञान की आंखें देख और पकड़ नहीं पा रहीं। एलियंस की कहानी आधी हकीकत और आधा फसाना बनकर रह गई है। जिसमें कभी लगता है कि जल्द ही वह दिन आयेगा जब यह आधी हकीकत पूरा फसाना बनेगा, तो कभी लगता है कि हम अंततः इस कहानी को कहानी मानकर भुला देंगे।

## विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

## आप की बात

### चीन को दें कड़ा जवाब

चीन में जिस तरह शी चिनफिंग की तीसरी बार ताजपोशी हुई है और जैसे उन्होंने इरादे जाहिर किये हैं उससे यह जरूरी है कि भारत चीन को लेकर सतर्क रहे। चीन की हरकतें लगातार बढ़ रही हैं इसलिए सीमा पर कड़ा जवाब देने के साथ ही अब चीन पर आर्थिक प्रहार भी करने की जरूरत है। कुछ समय पहले जब चीन ने भारत के आर्थिक प्रतिष्ठानों पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसे एफडीआई नीति में बदलव के जरिये रोका गया। भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जरूरी बदलाव करके अपने कारपोरेट को बचाने का जो प्रयास किया है वह सही समय पर उठाया गया कदम था। चीन के शातिर चाल पर रोक लगाने के लिए भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जो बदलाव किया है वह स्वागतयोगय कदम है। इससे भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण का खतरा कम होगा। उदारीकरण की नीतियों को लागू किये जाने के बाद देश में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आया है और भारतीय कंपनियां एवं उद्यमियों ने भी आक्रामक अधिग्रहण के जरिये विदेशों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को अपने कब्जे में लिया है। कोरोना काल में भी चीन के केन्द्रीय बैंक 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना' ने अचानक भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी में अपनी हिस्सेदारी को एफडीआई रूट के जरिये 0.80 से बढ़ाकर 1.01 फीसद कर लिया था। बैंक ऑफ चाइना के इस कदम ने भारत के कारपोरेट जगत में हलचल पैदा कर दी थी। इसके बाद केन्द्र ने एफडीआई नियमों में संशोधन किया है। अब चीनी कंपनियों एवं नागरिकों के लिए भारतीय कंपनियों का अधिग्रहण सरकार की मंजूरी के बिना नहीं हो सकेगा। भारत सरकार ने एफडीआई नियमों में संशोधन करएक नया प्रावधान जोड़ा है जिसमें भारत के साथ सीमा साझा करने वाले देश की कंपनी, व्यक्ति, संस्था या किसी ऐसी कंपनी जिसका स्वामी सीमावर्ती देश के नागरिक या कंपनी के पास हो, उसको भारतीय कंपनी में निवेश के लिए मंजूरी लेनी होगी। एफडीआई में एक प्रावधान और जोड़ा गया है कि किसी भी ऐसे वर्तमान या भावी निवेश के लिए भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी जिसमें स्वामित्व हस्तांतरण शामिल हो। वैश्वीकरण के इस युग में कंपनियों में निवेश, अधिग्रहण सामान्य बात है, लेकिन अगर भारत की किसी कंपनी का मालिकाना हक चीन, पाकिस्तान जैसे देशों के पास चला जाये तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय हित पर बहुत गहरी चोट भी है। इसके अलावा अब चीनी आयात पर भी लगाम लगाने की जरूरत है क्योंकि यह लगातार बढ़ता जा रहा है।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत

**पाटन, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के भगवंतनगर चैकी के अंतर्गत सरेनी भगवंतनगर रोड पर मिट्टी लदे डम्फर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक में बैठी एक महिला सड़क पर गिर गयी व सर पर गंभीर चोट होने की वजह से अस्तपताल ले जाते से मौत हो गयी है। जबकि बाइक में बैठी दूसरी महिला व चालक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिनका इलाज अस्तपताल में चल रहा है। बिहार थाना क्षेत्र भगवंतनगर चैकी के अंतर्गत सरेनी भगवंतनगर रोड पर चैकी के पीछे लगभग सुबह 6 बजे ठाकुरद्वारा मंदिर के पास मिट्टी लदे डम्पर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे सरेनी जिला रायबरेली की रहने वाली ज्ञान देवी पत्नी स्व रतीपाल 65 की अस्तपताल ले जाते समय मौत हो गयी व साथ मे बैठी प्रीति पत्नी कृष्णपाल व बाइक चला रहे कृष्णपाल पुत्र राम प्रसाद गम्भीर रूप से घायल हो गये। मृतका सरेनी से मधुकर खेड़ा थाना बारा सगवर अपने रिश्तेदारी में पड़ोसी के साथ जा रही थी। डम्फर द्वारा टक्कर मार देने से बाइक सवार सभी सड़क पर जा गिरे जिसमे ज्ञानदेवी के सर पर गंभीर चोट आ गयी। जहां डॉक्टरों ने ज्ञानदेवी को मृतक घोषित कर दिया।

# भाकियू की चेतावनीः सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा नहीं दिया तो लगायेंगे राष्ट्रीय पंचायत



**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस करके प्रशासन से मुआवजे की मांग की। कहा कि अयोध्या जनपद का सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजे का भुगतान तथा जिनकी भूमि ले ली गई है उन्हें एरियर भी दर्ज कराए गए हैं। किसानो ने वर्ष 2017 से सर्किल रेट न बढ़ाने के कारण प्रशासन व शासन से कई बार लिखित रूप से मांग भी की है। किसान नेताओं ने कहा कि मौजा शहनेवाजपुर में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 51,25,526 रुपये प्रति विस्वा जमीन खरीदी गई। लोढ़ा कम्पनी ने मांझा

- किसानो की जो भूमि अधिग्रहित की गई है उन्हें ऐरियर का भूगतान किया जाए
- एक माह में पूरी करें मांगे वरना सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

सहित भुगतान किया जाए। भाकियू की मांग है कि वर्षो से अयोध्या धाम के निकटवर्ती राजस्व ग्रामो में किसानो के भूमि का व्यावसायिक उपयोग में अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है जिसके सापेक्ष में समय-समय पर जनपद के किसानो द्वारा सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा देने की मांग की जाती रही है किंतु प्रशासन मांगो को दर किनार कर बल पूर्वक किसानो से औने पौने दाम पर जमीन ले ली गई। आरोप लगाया कि जो किसान देने से आना कानी किए उनपर फर्जी मुकदमे तिहुरा में लगभग 6 लाख विस्वा जमीन खरीदी गई जिसके सापेक्ष में आवास विकास परिषद द्वारा शहनेवाजपुर के किसानो को 6 लाख रुपये मुआवजा दिया गया।

मांझा तिहुरा में रेट लगभग 50 हजार रुपये विस्वा मुआवजा दिया जा रहा है जो बेहद ही कम रेट है। इसी तरह एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में मुआवजा बहुत ही कम दिया गया। सर्किल रेट 2017 से बढ़ाया गया होता तो जनपद के सभी किसान प्राप्त मुआवजे का ज्यादा तीन गुना मुआवजा पाते तो किसी भी किसान को सरकार के प्रति कोई नराजगी नहीं होती। किसान नेताओं ने प्रेसकांफ्रेन्स में आरोप लगाया कि जिला प्रशासन एयरोसिटी बनाये जाने के लिए सम्बंधित गांवों के सामने अधिग्रहण करने का बोर्ड लगाकर जनता में भय को माहौल बनाया है। इसी प्रकार आवास विकास परिषद एयरपोर्ट विस्तारीकरण, रिंग रोड निर्माण व रामपथ पचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग चैड़ीकरण आदि में जा रहे सैकड़ो ग्राम सभा के किसानो का मुआवजा सर्किल रेट न बढ़ाकर किसानो पर अन्याय किया है। हमारी मांगों है कि श्रीराम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई 51,25,526.00 रू० विस्वा और लोढ़ा का कम्पनी द्वारा तिहुरा मांझा में खरीद रेट 6 लाख रुपये विस्वा के अनुसार मुआवजा दिया जाए। उक्त मांगे प्रशासन द्वारा 1 माह में पूरी नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राष्ट्रीय पंचायत अयोध्या में आयोजित करने को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर राजमणि यादव ,जे पी किसान, राम प्यारे धुरिया मौजूद थे।

## आईटीआई में आयोजित होगा बृहद रोजगार मेला

**बहराइच** । प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में 16 जून 2024 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के कुल 04 नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर लखनऊ द्वारा वेलनेस एडवाइजर के 80 पदों पर योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 18 से 25 वर्ष वेतन मासिक रू. 12,000=00, आर एस स्टाफिंग स्लयूशन इन्डिया प्रा.लि. द्वारा मशीन आपरेटर के 200 पदों व जी. लाग लगिस्टिक स्लयूशन प्रा.लि. द्वारा डिप्लोमा होल्डर के 200 पदों पर तथा मारूति सुजुकी द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

## अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का ज्ञान सिंह यादव ने किया स्वागत



**बाराबंकी।** अयोध्या लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सपा सांसद अवधेश प्रसाद का सफदरगंज चौराहा पर सपा नेता ज्ञान सिंह यादव के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने फूल-माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सपा सांसद श्री प्रसाद ने कहा कि यह जीत बाबा साहब के संविधान को समर्पित है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गैर आरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाकर देश के दलितो का सम्मान किया है। मैं और दलित समुदाय राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभारी व्यक्त करता हू तथा जनता की सेवा में सदा तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम में समाजवादी महिला सभा के अध्यक्ष पूनम यादव, अर्पिता, ओमचंद यादव, सूरज लाल यादव, डॉक्टर इंदेश, सोनू यादव, वेद प्रकाश, अमित विश्वकर्मा, लखपत रावत, अंजनी कुमार, प्रदीप परसा, श्रीराम रावत, विकास यादव, चमन यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का अनुपालन कराएं अधिकारीः डीएम



**बहराइच** । राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से राजस्व, पुलिस, वन, वाणिज्यकर, खनन, जिला पंचायत, उद्योग, अग्निशमन आदि विभागों के अधिकारियों के साथ शनिवार को देर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये कि साप्ताहिक भ्रमण कर मा. हरित अधिकरण के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसौदिया, महसी अनिल कुमार सिंह, कैसरगंज रूपेन्द्र कुमार गौड़, जिला अग्निशमन अधिकारी गौड़ विशाल रामानुज, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा सहित जिला पंचायत, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या से वैज्ञानिक सहायक अफजल अबरार, प्रयोगशाला सहायक विनोद वर्मा तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मान समारोह संपन्न



जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** जनपद व प्रदेश में इंडिया गठबंधन को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओ ने जो संघर्ष किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है।

कार्यकर्ताओं की एकजुटता व समर्पण का ही नतीजा है कि बाराबंकी लोकसभा सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह मे सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुये कही। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम गिहार, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप, जिला महासचिव हिमांशु यादव, अजय वर्मा बबलू, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सुनील यादव फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष व अशोक महामंत्री निर्वाचित

जिला संवाददाता(vol)




**अयोध्या।** फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन में हुए चुनाव में शनिवार को अध्यक्ष पद पर सुनील यादव, महामंत्री पद पर अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जे पी

- फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश का हुआ प्रांतीय अधिवेशन

नायक, उपाध्यक्ष पद पर राजेश सिंह, विद्याधर पाठक, शिव करन यादव, संगठन मंत्री पद पर आर पी सिंह विसेन, संयुक्त मंत्री पद पर विवेक पाल, कोषाध्यक्ष पद पर सत्य प्रकाश सप्रिक्षक पद पर सचिन मित्तल निर्विरोध निर्वाचित हुए। सर्वसम्मति से के के सचान, शिव प्रसाद, किरन सिंह को संरक्षक चुना गया। यह अधिवेशन अयोध्या में हुआ है। निर्वाचन, चुनाव अधिकारी अमरपाल सिंह, आर के मिश्रा, जे पी गौड़ द्वारा संपन्न किया गया। जय सिंह सचान को सेवानिवृत्त विंग का अध्यक्ष, ओ पी सिंह को महामंत्री, नवी मोहम्मद को उपाध्यक्ष, आदेश कृष्ण को यूथ फेडरेशन का अध्यक्ष, उपेंद्र को संरक्षक, देवेंद्र सिंह को महासचिव, वैज्ञानिक समिति के केंद्रीय शाखा का चेयरमैन प्रो हरलोकेश नारायन एम्स नई दिल्ली, प्रदेश शाखा के चेयरमैन पद पर प्रो डॉ संजय यादव को नामित किया गया। वैज्ञानिक समिति का अन्य राज्यों में विस्तार किया गया। अधिवेशन के प्रथम सत्र में वैज्ञानिक सेमिनार संपन्न हुआ जिसमें डॉ अजय शुक्ला प्रोफेसर अवध यूनिवर्सिटी ने बढ़ते तापमान में दवाओं की सुरक्षा प्रबंधन, प्रो संजय यादव, प्रोफेसर शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी ने फामेसी का भविष्य और स्टोर मैनेजमेंट, डॉ चंदन प्रधानाचार्य ने औषधियों की संरचना विषय पर व्याख्यान दिया। अधिवेशन में डॉ अजय शुक्ला के रिसर्च और विभिन्न जर्नल में छपे हुए आर्टिकल को देखते हुए उन्हें युवा वैज्ञानिक अन्वेषक की उपाधि प्रदान किया गया। जनपद शाखा बाराबंकी को सबसे उत्कृष्ट शाखा की उपाधि दी गई। दूसरे चरण में हुए सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सिविल सर्विसेज के लिए बी फॉर्म को अहकार्री माना जाए, फार्मेसिस्ट की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता भारत सरकार की भांति करते हुए डिप्लोमा के साथ बैचलर को भी जोड़ा जाए। पदनाम परिवर्तन कर फामेर्सी अधिकारी किया जाए। निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि सभी विधाओं के फार्मेसिस्टो में एकता स्थापित करने , संघों को मजबूत करने के लिए फेडरेशन कार्य करेगा। फार्मेसिस्टो का ज्ञान बढाने के लिए नियमित वैज्ञानिक सेमिनार होंगे। सभी पदाधिकारियों को हरद्वारी लाल राज द्वारा पद और संविधान की शपथ दिलाई गई। अधिवेशन के आयोजक जनपद शाखा अयोध्या के अध्यक्ष एस पी चैधरी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन में प्रदेश के लगभग हजारों फार्मेसिस्ट ने भागीदारी की।

## अलग-अलग दुर्घटना में एक मौत, तीन घायल

**बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थान पर हुई दुर्घटना में तीन लोग जहों चोटहिल हुए वहीं एक की घटनास्थल पर मौत हो गई। रविवार को किन्ना देवी पत्नी श्रीराम निषाद उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी तारापुर ऐमीघाट थाना महाराजगंज ने पिपरी निवासी अपने दामाद को देखने आई थी जिनको सांप काट लेने की जानकारी मिली थी दामाद के स्वस्थ होने पर साथ में आई देवरानी संवारी देवी आदि परिवार के लोगों के साथ जा रही थी कि सड़क क्रॉस करते समय सुल्तानपुर की तरफ से जा रही स्विफ्ट गाड़ी संख्या यूपी 44 बी एम 4785 की चपेट में आने में घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उक्त घटना दिन में लगभग दो बजे होने पर तत्काल सी एच सी बीकापुर लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अनुराग गुप्ता ने जांच में मृत घोषित करके मेमो पुलिस के पास भेज दिया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। और पोस्टमार्टम के लिए लिखा पढ़ी करके भेज दिया है। दूसरी घटना क्षेत्र के चमैला गांव के पास बाइक से घर आ रहे दो व्यक्ति मित्रसेन यादव पुत्र राम जग यादव उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी कर ईश्वरपुर एवं विकास यादव पुत्र राम धीरज उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी सिंधु तारा की बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से रविवार की बीती रात लगभग 9:00 बजे गंभीर चोट आने पर सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने दिया गया है। बीती रात लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लगभग 26 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को गंभीर चोट आने पर एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## नशा कारोबारियो के खिलाफ आबकारी ने पकड़ी रफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

- रेस्टोरेंट, ढाबो, परचून की दुकानो समेत सरकारी मदिरा दुकानों को किया चेक
- पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत बिक्री करने के लिए किया निर्देशित

**बाराबंकी।** जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालो के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम ने हाईवे के किनारे स्थित विभिन्न रेस्टोरेंट, ढाबो व परचून की दुकानो की चेकिंग समेत सरकारी देशी, विदेशी मदिरा की दुकानों को चेक किया। टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली देशी दुकान गाजीपुर, अग्रेजी सोहिलपुर नम्बर-2, ग्राम सभा सहेलपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आबकारी निरीक्षक ने शराब का स्टॉक रजिस्टर से मिलान, साफ सफाई, शराब की एक्सपायरी डेट, अनुज्ञप्ति, रेट लिस्ट चस्पा तथा टोल फ्री नंबर की जांच करते हुये अनुज्ञापियो व सैल्समैनो को पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत बिक्री करने हेतु निर्देशित किया। चेकिंग टीम मे आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

## सहायक प्राध्यापक की पत्नी की संदिग्ध हालत में मौत

संवाददाता(vol)

- घर में पंखे पर लटका मिला था शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी (25) का शव उसके कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात लगभग 10:00 बजे फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी के बाद पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन-फानन में इलाज के लिए सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चला गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस में महिला का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूप कुमार सिंह निवासी नेहरू नगर चंदौली की डेढ़ वर्ष पूर्व कृषि विश्व विद्यालय के कॉलेज आफ वेटरनरी में सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति हुई थी बीते वर्ष 2022 में उनका विवाह नेहा कुमारी पुत्री संजय सिंह निवासी यार पुरा थाना गार्डनीबाग जनपद पटना बिहार के साथ हुआ था। उनके 9 माह का एक बेटा भी है। वह कृषि विश्वविद्यालय के मकान संख्या बी - 87 में परिवार के साथ रहते थे। बीते शनिवार की रात करीब 9:00 बजे उनकी पत्नी नेहा कुमारी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक गई थी।

थोड़ी देर बाद पति ने जब देखा, तब उन्होंने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतारा और पड़ोस में ही स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। अस्पताल के डॉक्टर अमित ने महिला को इमरजेंसी कक्ष में लाने की बात कहते हुए हालत नाजुक बताई। इतने में कार में सवार तीनों लोग महिला को जिला अस्पताल ले जाने की बात कहते हुए लेकर चले गए थे। घटना के दूसरे दिन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ एस पी सिंह की मौजूदगी में सहायक प्राध्यापक के बंद कमरे का ताला तुड़वाकर गहन छानबीन की। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि जिस कार से महिला को लेकर आए थे उसमें सवार तीनों लोग शराब के नशे में धुत थे और उनसे बार-बार कहा गया कि महिला को कार से उतार कर इमरजेंसी कक्ष में ले आइए, किंतु उन लोगों ने एक भी नहीं सुनी थी। फिलहाल मामले में अभी कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं मिली है अलबत्ता पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्रकेश रावत ने ठोकी दावेदारी



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** लोकसभा सीट पर सपा की जीत के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर चचाएं शुरू हो गई हैं। मिल्कीपुर सुरक्षित सीट होने के कारण अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं भाजपा नेता चंद्रकेश रावत ने भी अपनी दावेदारी मजबूत की हैं , क्षेत्र में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जनसंपर्क शुरू कर दिया है, चंद्रकेश रावत अमानीगंज ब्लाक अंतर्गत गड़ौली गांव के निवासी है, एवं प्रतिष्ठित व्यापारी भी हैं। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं, और लोगों के सामने अपने विचार भी रख रहे हैं, वहीं उनको अपार जन समर्थन भी लोगों द्वारा मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं इससे साफ दिखाई दे रहा है कि उपचुनाव में अपनी प्रबल देवदारी रख रहे हैं। चंद्रकेश रावत जब से क्षेत्र में जनसम्पर्क कर रहे हैं नेताओं में खलबली मच गई है।

## उच्च न्यायालय के आदेश पर दो वर्ष बाद दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

जिला संवाददाता(vol)

**कुमारगंज-अयोध्या।** थाना पूरा कलंदर अंतर्गत ग्राम दौलतपुर में विगत 24 जून 2022 को हुए एक हत्या में अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी की पैरवी पर उच्च न्यायालय के आदेश पर 2 साल बाद तीन अभियुक्तों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत हुआ। थाना कुमारगंज अंतर्गत ग्राम रसूलपुर लिलहा निवासी मृतक रामस्वरूप (35) जो कि थाना पूरा कलन्दर के ग्राम दौलतपुर में रहकर राजगीर का कार्य करता था को पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए गांव के ही दलगंजन यादव, हनुमंत यादव पुत्रगण गंगाराम तथा लाल जी पुत्र अमरनाथ ने मिलकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से मार कर पेड़ से लटका दिया था।

मृतका की पत्नी श्रीमती रामादेवी ने उक्त हत्याकांड की सूचना स्थानीय पुलिस पूराकलन्दर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या तथा जिलाधिकारी अयोध्या से प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाए जाने की बहुत याचना किया परंतु अभियुक्त गण के प्रभाव में प्रथम सूचना रिपोर्ट ही नहीं अंकित की गई। रंजिश का मुख्य कारण विपक्षी अभियुक्त लाल जी यादव की पुत्री रानी जो कि रामादेवी के देवर जितेंद्र के साथ भाग गई थी।

नतीजतन अभियुक्त गणों ने रामस्वरूप की नृशंस हत्या कर बदला लिया। विवश होकर रामादेवी ने जिला जज अयोध्या के यहां रिपोर्ट अंकित कराए जाने के लिए धारा 156/3 में प्रार्थना पत्र दिया।

न्यायालय ने प्रथम सूचना प्रथम दृश्य घटना गंभीर और संघीय अपराध पाए हुए प्रभारी थाना पूरा केंद्र को सूचना अंकित का विवेचना करने का आदेश दिया परंतु तब भी पूरा कलंदर थाना प्रभारी ने प्राथमिक की दर्ज नहीं की। थक हारकर पीड़िता रामादेवी ने अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी की पैरवी पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में रिट याचिका दायर किया तब मुकदमा अपराध संख्या 194/ 2024 धारा 302 आईपीसी व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की कार्यवाही तो हो पाई परंतु अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

# प्राणघातक हमले के मुख्य आरोपी को विवेचक ने पकड़कर छोड़ा

- घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिलों को सवा महीने बाद भी कब्जे में नहीं ले पाए विवेचक
- घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड आज तक बरामद नहीं कर सकी पुलिस
- शहर कोतवाल की भी भूमिका पर भी उठ रहे सवाल, पत्रकारों में रोष

बस्ती। कोतवाली थाना क्षेत्र के खीरीघाट भटोलवा निवासी पत्रकार दिनेश प्रसाद मिश्र पर प्राण घातक हमला करने वाले एक माह बाद भी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ पाए हैं, जबकि 8 मई को ब्राह्मण महासभा कार्यालय के निकट हुए प्राण घातक हमले में पत्रकार का हाथ पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया था। इसका सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पुलिस ने चार नामजद एवं पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले की विवेचना रौता चौकी प्रभारी अरुण पांडे को सौपी गई। बावजूद इसके पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी करने और अन्य अज्ञात की पहचान कर पाने में अब तक विफल है। यहां तक की घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिलों का भी विवेचक अभी तक पता नहीं लगा सके और न ही घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड बरामद हो सका। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो विवेचक और अपराधियों के बीच में लंबी डील हुई है जिसके कारण विवेचक आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं 14 जून 2024 को विवेचक ने मुख्य आरोपी हरीश पाठक को उसके घर से पकड़ा था लेकिन बकरा लेकर छोड़ दिया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है गौरतलब है कि पत्रकार दिनेश प्रसाद मिश्र पर एक मुकदमें में न्यायालय पैरवी के लिए बाइक से जाते समय 8 मई को दिन में करीब 7.45 बजे मालवीय रोड स्थित ब्राह्मण महासभा के निकट हमला किया गया। बाइक चला रहे पत्रकार के हाथ पर रॉड से प्रहार किया गया, उनके नीचे गिरने के बाद हमलावरों ने ताबड़तोड़ उन पर वार किए, जिससे उनके दोनों पैर और बाएं हाथ की हड्डियां टूट गईं। तीन बाइक पर सवार हमलावरों की दबंगई और संख्या को देखते हुए कोई बचाने के लिए आगे नहीं आया। उनके जाने के बाद लोगों ने एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी। एम्बुलेंस से घायल अवस्था में उन्हे जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें हमलावर गिरने के बाद उस पर ताबड़तोड़ प्रहार करते दिखाई दिए।

पत्रकार दिनेश प्रसाद मिश्र का आरोप है कि पुलिस जान बूझकर आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। उन पर प्राणघातक हमला करने की घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी नामजद आरोपियों तक को बचाने में जुटी है। जबकि तीन बाइक पर सवार हमलावरों द्वारा उन पर रॉड से बेतहासा प्रहार किया गया। इसमें उनका एक हाथ और दोनों पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने उन पर प्राणघातक हमला करने के मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की और न्याय नहीं दिलाया तो वह परिवार सहित आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होंगे।

## जल्द ही उपनिबंधक कार्यालय नए भवन में संचालित होगा

**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन में उप निबंधक कार्यालय के लिए चिह्नित भूमि का अधिग्रहण किया गया शीघ्र ही निर्माण कार्य कराया जाएगा ताकि नए भवन में उप निबंधक कार्यालय का संचालन हो सके। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन में उप निबंधक का कार्यालय लंबे समय से तहसील मुख्यालय के एक कमरे से संचालित हो रहा है भवन में कम स्थान होने के कारण कार्यालय के संचालन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि उपनिबंधक कार्यालय के लिए जिला निबंधन उन्नाव के नाम राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में कार्यालय सब रजिस्टार बीघापुर की भूमि संख्या 341 व 342 जिसका रकबा 0, 229 हैकटेयर ग्राम पाटन स्थित है जो सरकारी कमजात दर्ज है उक्त भूमि उन्नाव रायबरेली एन एच 31 के किनारे स्थित है जिस भूमि का शनिवार को अधिग्रहण राजस्व टीम की मौजूदगी में किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए उप निबंधक कार्यालय के प्रभारी प्रमोद कुमार दीक्षित ने बताया कि भूमि अधिग्रहित कर ली गई है।

## पिताश्री सम्मान से नवाजे गये हरिकृष्ण अरोड़ा और डॉ. जावेद अख्तर



**अयोध्या।** फादर्स डे के अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के मोतीबाग स्थित आभा होटल के सभागार में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण हनुमत सदन अयोध्या द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण का ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा, ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह , उपाध्यक्ष मंजूर खान, कोषाध्यक्ष एकता टण्डन ने पटका पहनाकर, माल्यार्पण करके व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत व अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण ने पत्रकारिता के क्षेत्र में हरिकृष्ण अरोड़ा का पटका व साफा बाँधकर तथा स्मृति चिन्ह देकर पिताश्री सम्मान से सम्मानित किया। बीमार होने के कारण पिताश्री सम्मान लेने वरिष्ठ चिकित्सक डा. जावेद अख्तर नहीं उपस्थित हो पाये उनका सम्मान ट्रस्ट उनके घर ले जाकर देगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिता का स्थान प्रभु से बड़ा है पिता का त्याग, तपस्या, प्यार अनमोल है। दुनिया में पिता ही एक ऐसा है जो चाहता है कि मेरा पुत्र मुझसे ज्यादा कामयाब हो। इसलिये पिता का स्थान जीवन में अहम होता है जिसने अपने पिता की सेवा व सम्मान नहीं किया वह जीवन में सफलता के रास्ते पर कभी बढ़ नहीं सकता। पिता की सेवा में ही भगवान बसता है अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा ने कहा कि पिता से अच्छा मार्गदर्शक और कोई नहीं हो सकता। इसको जानते हुए भी लोग अपने पिता का सम्मान नहीं करते यह एक सोचनीय विषय है। पुत्र को अपने पिता की सेवा निस्वार्थ धर्म समझकर करना चाहिए।

संक्षेप

## 30 तक छह खनिज ब्लॉक की नीलामी करे तेलंगाना सरकार

नयी दिल्ली। खान मंत्रालय ने तेलंगाना सरकार द्वारा पिछले नौ साल में एक भी खनिज ब्लॉक की नीलामी नहीं कर पाने को लेकर चिंता जताई है। मंत्रालय ने राज्य सरकार को इस महीने के अंत तक कम से कम छह खानों की बिक्री करने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, नीलामी के लिए 11 ब्लॉक की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट तेलंगाना सरकार को सौंप दी गई है। इनमें पांच लौह अयस्क खदानें, पांच चूना पत्थर ब्लॉक और एक मैंगनीज ब्लॉक शामिल हैं। आज तक तेलंगाना द्वारा एक भी ब्लॉक नीलामी के लिए नहीं रखा गया है, जबकि खान मंत्रालय ने राज्य सरकार को बार-बार इसके लिए पत्र भेजे हैं। नीलामी के माध्यम से खनिज ब्लॉकों के आवंटन की प्रक्रिया 2015 में शुरू हुई थी। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना सरकार को हाल ही में लिखे पत्र में खान मंत्रालय ने राज्य से 30 जून तक नीलामी के लिए 11 में से कम से कम छह ब्लॉकों को अधिसूचित करने को कहा है।

## सस्ते घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटी

नयी दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियलएस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी। बिक्री में इस गिरावट के लिए किफायती घरों की कम आपूर्ति प्रमुख कारण है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान इन शीर्ष आठ शहरों में 60 लाख रुपये तक के नए घरों की आपूर्ति घटकर 33,420 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 53,818 इकाई थी। प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग को भुनाने के लिए बिल्डर्स लग्जरी अपार्टमेंट पेश करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## कंपनियों का कारोबार बढ़ाने के बाद होगा उनका मौद्रीकरण

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिये होगा। इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा, शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे। उसके बाद ही हम इन कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी का मौद्रीकरण करने के लिए पूंजी बाजार में जाने की सोचेंगे। लेकिन, चालू वित्त वर्ष में ऐसा नहीं होगा।

## सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह कमजोर मांग और बेपड़ता देशी तेल-तिलहन की पेराई के बाद लागत बढ़ने के बीच कम खपत के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बिनौला तेल में आई मामूली तेजी को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था हाफेड की ओर से सरसों बिक्री की पहल के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन कीमतों पर दबाव रहा और इनके दाम गिरावट के साथ बंद हुए। किसानों के पास सरसों का स्टॉक बचा हुआ है और वे न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर बिकवाली नहीं कर रहे हैं। देश की पेराई मिलों को सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सूरजमुखी, बिनौला आदि की पेराई करने में नुकसान हो रहा है।

# कंपनियों की पूंजी 35582 करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 85,582.21 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 299.41 अंक या 0.39 प्रतिशत के लाभ में रहा। 13 जून को सेंसेक्स 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 84,704.81 करोड़ रुपये का नुकसान रहा। सप्ताह के दौरान एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 46,425.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6,74,877.25 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में एलआईसी ही रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,639.61 करोड़ रुपये बढ़कर 12,14,965.13 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 10,216.41 करोड़ रुपये जोड़े और उसका मूल्यांकन 19,98,957.88 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 9,192.35 करोड़ रुपये बढ़कर 7,49,845.89 करोड़ रुपये हो गई। वहीं भारती एयरटेल का मूल्यांकन l,108.36 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,11,524.37 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 22,885.02 करोड़ रुपये घटकर 5,82,522.41 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 22,052.24 करोड़ रुपये घटकर 13,86,433.05 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,600.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,18,030.37 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,179.27 करोड़ रुपये घटकर 7,77,795.90 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 9,987.78 करोड़ रुपये घटकर 5,38,216.34 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# म्यूचुअल फंड उद्योग ने अप्रैल-मई में 81 लाख नये निवेशक खाते जोड़े



नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड उद्योग ने चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 81 लाख से अधिक निवेशक खाते जोड़े हैं। इसका मुख्य कारण लगातार विपणन प्रयास, सेलिब्रिटी से प्रचार और वितरण नेटवर्क का समर्पित कार्य है। स्टॉक ट्रेडिंग मंच ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने कहा कि इसके अलावा सावधि जमाओं (एफडी) के बारे में बदलती धारणाएं तथा आय के स्तर में वृद्धि और वित्तीय बाजारों तक पहुंच ने भी नए निवेशकों की संख्या में वृद्धि में योगदान दिया है। सावधि जमा योजनाएं अब म्यूचुअल फंड की तुलना में प्रतिस्पर्धी प्रतिफल नहीं देती हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही म्यूचुअल फंड के लिए संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं, जिसे शेयर बाजार में चल रही तेजी, ठोस जोखिम प्रबंधन प्रथाओं, निरंतर निवेशक शिक्षा और लगातार विपणन प्रयासों से समर्थन मिल रहा है।

विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा, उद्योग में अच्छी वृद्धि जारी रहेगी क्योंकि बचतकर्ता अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए धन सृजन हेतु वैकल्पिक रास्ते तलाश रहे हैं। जैसे-जैसे भारत की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी, निवेशक ऐसे परिसंपत्ति वर्गों में पैसा बचाना चाहेंगे, जिनमें मुद्रास्फीति को मात देने और संपत्ति बनाने की क्षमता है। जैसे-जैसे म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ेगी, यह उद्योग स्तर पर उच्च फोलियो आधार में तब्दील हो जाएगा। उद्योग के म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या मई के अंत में 18.6 करोड़ थी, जो मार्च के अंत में दर्ज 17.78 करोड़ से 4.6 प्रतिशत या 81 लाख अधिक है। फोलियो व्यक्तिगत निवेशक खातों को दी जाने वाली संख्या होती है।

## भारतीय सीमा शुल्क के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को सतर्क किया गया

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा।

सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टलसोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है, और तत्काल दंडात्मक कार्वाई के कथित डर के माध्यम से पैसा ऐंठने पर केंद्रित होती है। जन जागरूकता के माध्यम से इस तरह की धोखाधड़ी का मुकाबला करने के लिए सीबीआईसी एक बहु-मॉडल जागरूकता अभियान चला रहा है जिसमें समाचार पत्रों में विज्ञापन, आम जनता के लिए एसएमएसाई-मेल, सोशल मीडिया अभियान के अलावा सीबीआईसी के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जागरूकता अभियान शामिल है। सीबीआईसी ने जनता को सलाह दी है कि वह धोखेबाजों की कार्यप्रणाली को समझकर, कॉल करने वाले के पिछले इतिहास की पुष्टि करके और सतर्क रहकर ऐसे कृत्यों की रिपोर्ट से ऐसे घोटालों का शिकार बनने से खुद को बचा सकती है।

# एफपीआई ने बाजार में 11,730 करोड़ डाले



नयी दिल्ली। घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है। जून के पहले सप्ताह में उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में स्थिरता लौटी है। इस बार की सरकार सहयोगी दलों पर निर्भर है, लेकिन लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने से नीतिगत सुधारों और आर्थिक वृद्धि के जारी रहने की उम्मीद बनी है। इसके अलावा वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका में उम्मीद से कम मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने भी इस साल दर कटौती की उम्मीद बढ़ा दी है।इससे पहले मई में एफपीआई ने चुनावी नतीजों से पहले शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल में उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी।वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में l,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जबकि जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इस महीने 14 जून तक एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 5,700 करोड़ रुपये डाले हैं।

## पीईएसबी को नहीं मिला एचपीसीएल प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार

नयी दिल्ली। सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी ने हाल में एचपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए साक्षात्कार लिया था, लेकिन उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा।

तीन साल में यह तीसरा मौका है जबकि जब बोर्ड को किसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की खोज करता है। पीईएसबी ने 14 जून को इस पद के लिए कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था। जिन लोगों का साक्षात्कार लिया गया उनमें एचपीसीएल निदेशक मंडल के एक सदस्य के अलावा इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) के प्रबंध निदेशक भी शामिल थे। लेकिन पीईएसबी को इनमें से कोई उम्मीदवार इस पद के उपयुक्त नहीं लगा। बोर्ड ने एचपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद के लिए किसी भी उम्मीदवार की सिफारिश नहीं की।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल



नयी दिल्ली। घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख संकेतक के अभाव में इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बाजार मुख्य रूप से विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से दिशा लेगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों वाला है और किसी बड़े संकेतक का अभाव है। हालांकि, बजट को लेकर चर्चा के बीच हमें क्षेत्र विशेष के शेयरों में गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मुख्य रूप से बाजार का रुख मानसून की प्रगति तथा संस्थागत निवेशकों के प्रवाह पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर चीन के आंकड़े, डॉलर सूचकांक का उतार-चढ़ाव तथा अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सोमवार को बकरीद के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। सोमवार की अवकाश के कारण यह कम कारोबारी सत्रों वाला सप्ताह है। सप्ताह के दौरान बाजार भागीदारों की निगाह वैश्विक बाजारों, विशेषरूप से अमेरिकी बाजार पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 299.41 अंक या 0.39 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 175.45 अंक या 0.75 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स 13 जून को 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा, जबकि निफ्टी ने 14 जून को 23,490.40 अंक के अपने नए शिखर को छुआ। घरेलू बाजार सोमवार को बंद रहेंगे, जबकि वैश्विक स्तर पर निवेशकों की निगाह बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर को लेकर निर्णय पर रहेगी। हमें उम्मीद है कि सकारात्मक वृहद रुझान, सरकारी खर्च जारी रहने और नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद के बीच बाजार में तेजी का रुख कायम रहेगा।

# कोयला आयात बढ़कर 2.61 करोड़ टन हुआ



नयी दिल्ली। देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.74 करोड़ टन रहा। एक साल पहले समान महीने में यह आंकड़ा 1.51 करोड़ टन था। वहीं कोकिंग कोयले का आयात 47.7 लाख टन से बढ़कर 49.7 लाख टन पर पहुंच गया। मात्रा के लिहाज से आयात बढ़ा है... आगे चलकर, मानसून से पहले भंडारण करने की वजह से बिजली और गैर-विनियमित दोनों क्षेत्रों से मांग जारी रह सकती है। अप्रैल में कोयला आयात मार्च की तुलना में भी 8.93 प्रतिशत अधिक रहा है। मार्च में कोयला आयात 2.39 करोड़ टन से कुछ अधिक रहा था। समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी से बीते वित्त वर्ष 2023-24 में देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन रहा था। 2022-23 में यह आंकड़ा 24.90 करोड़ टन था।

## पेज एक का शेष

### 19 जून से

तीन उड़ानें सुबह छह बजे से साढ़े सात बजे के बीच नए टर्मिनल पर पहुंचेंगी। वहीं दुबई की फ्लाइट यहां से टेकऑफ करेगी। बता दें कि इतना ही नहीं सभी उड़ानों को नए टर्मिनल पर शिफ्ट करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ जाएगा। इसके बाद टी-टू व टी-थ्री को आपस में मिलाकर एक बड़ा टर्मिनल तैयार करने की योजना है।

### लोकसभा अध्यक्ष

कहना है कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें डिप्टी स्पीकर का पद देता है तो वे स्पीकर के चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा स्पीकर के लिए 26 जून को चुनाव होना है। मगर सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। इसको लेकर लोकसभा की तरफ से जारी एक बुलेटिन भी जारी किया गया है। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र तीन जुलाई को खत्म होगा।

### सांसद और

व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ें जिन्हें किन्हीं कारणवश किसी योजना का लाभ न मिल पाया हो। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह जनता की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनें तथा उसके अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाएं। आमजन की संतुष्टि ही किसी जनप्रतिनिधि के काम का मानक है, इसलिए आम आदमी का विश्वास जीतें और इस विश्वास की डोर को और मजबूत करते रहें। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के विधानसभावार प्रदर्शन पर भी चर्चा की और सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभी से आगामी लक्ष्य के संधान में जुट जाएं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, गोरखपुर सांसद रविकिशन शुक्ल, कुशीनगर सांसद विजय दूबे, देवरिया सांसद शशांक मणि, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायकगण राजेश त्रिपाठी, फतेह बहादुर सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, प्रेम सागर पटेल, ऋषि त्रिपाठी समेत कई विधायक, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री योगी

में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के सदर तहसील क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र के भम्मौर निवासी जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेश मंत्रालय और कुवैत में भारतीय दूतावास से संपर्क कर उनके शव को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई। शनिवार को दोनों मृतकों के शव घर आए और ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। रविवार सुबह मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाते हुए उन्हें आत्मीय संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अंगद गुप्ता की पत्नी रीता देवी और जयराम गुप्ता की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक भी प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने दोनों परिवारों से कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं। सीएम योगी ने जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल गोरखपुर के पुर्दिलपुरनिवासी राजेश, रिकसोना, भैरोपुर निवासी गायत्री और सोनी को भी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन सभी घायलों के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और कहा कि सरकार इलाज में कोई कमी नहीं आने देगी। उल्लेखनीय है कि शिवखोड़ी में हुए आतंकी हमले की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की टीम को घायलों के इलाज और वहां फंसे श्रद्धालुओं को सकुशल उनके घर वापस लाने के लिए लगाया था।

### आतंकियों से

के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। आतंकवादियों ने नौ जून को तीर्थयात्रियों की एक बस पर उस समय गोलीबारी की, जब यह शिवखोड़ी मंदिर से कटरा की ओर जा रही थी। इस बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे। गोलीबारी के बाद बस गहरी खाई में गिर गई थी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने 11 जून को भद्रवाह में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की थी। आतंकवादियों ने 12 जून को डोडा जिले के गंडोह क्षेत्र में एक तलाशी दल पर हमला किया था, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। इन हमलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने 13 जून को गृह मंत्री के साथ सुरक्षा बलों की तैनाती तथा आतंकवाद रोधी अभियानों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से भी वार्ता की थी और केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति के बारे में जानकारी ली थी। ये घटनाएं दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले हुई हैं। यह यात्रा 29 जून से शुरू होने वाली है और 19 अगस्त तक जारी रहेगी। अमरनाथ के लिए तीर्थयात्री जम्मू कश्मीर में दो मार्गों-बालटाल और पहलगाम से यात्रा करते हैं।

### पटना में

जारी है। हम राज्य आपदा राहत बल के कर्मियों की भी मदद ले रहे हैं। हम लापता लोगों की पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### ईवीएम अनलॉक

अधिकारी ने शनिवार को बताया कि वायकर के रिश्तेदार मंगेश पांडिलकर पर 4 जून को आम चुनाव के परिणाम घोषित होने के दिन मतगणना केंद्र पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के आरोप में बुधवार को एक मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मी दिनेश गुरव की शिकायत पर पांडिलकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक निर्दलीय उम्मीदवार ने मतगणना केंद्र पर मोबाइल फोन पर प्रतिबंध के बावजूद पांडिलकर को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते देखा और निर्वाचन अधिकारी को इसकी जानकारी दी। निर्वाचन अधिकारी ने वनराई पुलिस से संपर्क किया। अधिकारी ने बताया कि पांडिलकर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (आधिकारिक आदेश की अवहेलना) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

### अभूतपूर्व तपिश

बारे में भी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पिछले साल अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों के लिए एक प्रायोगिक ताप सूचकांक जारी करना शुरू किया था। आईएमडी अधिकारियों ने कहा कि भारत जल्द ही अपनी प्रणाली लेकर आएगा, जिसे हीट हैजर्ड स्कोर नाम दिया गया है, जो तापमान और आर्द्रता के साथ-साथ हवा और अवधि जैसे अन्य मापदंडों को भी एकीकृत करेगा। नारायण ने कहा कि भीषण गर्मी आधुनिक कांच की इमारतों को भट्टियों में बदल रही है, जिससे रहने वालों को गर्मी लग रही है और इस गर्मी से निपटने के लिए नए वास्तुशिल्प विज्ञान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज आपकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शहरों का पुनर्निर्माण कैसे किया जाए। गुरुग्राम को देखें - (इमारतों के अग्रभाग) कांच से बने हैं। कांच की इमारतें गर्म जलवायु के लिए सबसे खराब चीज हो सकती हैं। अप्रैल और मई में भारत ने कई तीव्र और लंबे समय तक चलने वाली गर्मी का अनुभव किया, जिसने मानव सहनशक्ति और देश की आपदा तैयारियों की सीमाओं का परीक्षण किया, क्योंकि उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा सहित कई राज्यों में भीषण गर्मी से संबंधित मौतों की सूचना आयी। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, देश के 36 उप-मंडलों में से 14 में एक मार्च से 9 जून तक 15 से अधिक भीषण गर्मी वाले दिन (जब अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस और सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक होता है) दर्ज किए। अध्ययनों से पता चलता है कि तेजी से शहरीकरण ने शहरी क्षेत्रों में गर्मी को बढ़ा दिया है, जिसका खामियाजा बाहरी श्रमिकों और कम आय वाले परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। कम आय वाले परिवारों के पास पानी और बिजली की खराब पहुंच के कारण अत्यधिक गर्मी के अनुकूल होने की सीमित क्षमता है। अनौपचारिक घरों के डिजाइन और निर्माण का मतलब अक्सर खराब वायु-संचार और अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए बहुत कम आश्रय होता है। मई में गर्मी की वजह से असम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश की पहाड़ियों सहित देश भर में कई जगहों पर अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। राजस्थान में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और दिल्ली और हरियाणा में भी यह 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों के एक समूह वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन के अनुसार, ऐसी गर्मी, जो कभी हर 30 साल में आती थी, जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग 45 गुना अधिक होने लगी है। ऐसी चिंताएं हैं कि अप्रैल और मई में भीषण गर्मी ने भारत में सात-चरणीय आम चुनाव के दौरान सामान्य से कम मतदान में भूमिका निभायी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुआ और एक जून को समाप्त हुआ। यह 1951-52 के संसदीय चुनाव के बाद दूसरा सबसे लंबा चुनाव था। भीषण गर्मी की वजह से भारत की बिजली की मांग रिकॉर्ड 246 गीगावाट तक पहुंच गई है, घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर पूरी क्षमता से चल रहे हैं।

### नये आपराधिक

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा, "समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। मेघवाल ने कहा, "कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है और यह प्रक्रिया बहुत पहले शुरू हो गई थी। मंत्री ने बताया कि सभी राज्यों से सुझाव मांगे गए थे, लेकिन केवल 18 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों ने ही जवाब दिया। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश, 16 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों, पांच विधि अकादमियों और 22 विधि विश्वविद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए। मेघवाल ने कहा कि हमने सभी सांसदों से संपर्क किया, लेकिन दोनों सदनों के केवल 142 सदस्यों ने ही जवाब दिया। देश भर के सभी विधायकों से भी सुझाव मांगे गए, लेकिन केवल 270 ने ही जवाब दिया। हमने व्यापक रूप से परामर्श किया, लेकिन सभी ने जवाब नहीं दिया।




संक्षेप

## सुपर आठ में जगह बनाने उतरेगा बांग्लादेश

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।
बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। वैसे इसकी संभावना कम है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इस टूर्नामेंट में कुछ चौंकाने वाले परिणाम आए हैं।

## कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं: विक्रम राठौड़

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। विराट कोहली मौजूदा टी20 विश्व कप में अभी तक तीन मैच में केवल पांच रन बना पाए हैं लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है क्योंकि नेट पर वह बेहतरीन लय में लग रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में अभी तक इस तरह का जलवा नहीं दिखा पाए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ एक और पाकिस्तान के खिलाफ चार रन ही बनाए जबकि अमेरिका के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे। राठौड़ ने कनाडा के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे अच्छा लगता है कि जब भी मैं यहां आता हूं मुझसे विराट कोहली के बारे में सवाल पूछे जाते हैं फिर चाहे वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों या नहीं। चिंता की कोई बात नहीं। उन्होंने कहा, वह (कोहली) जिस टूर्नामेंट (आईपीएल) में खेल कर यहां आए हैं उसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ मैच में नहीं चल पाने से चीजें नहीं बदल जाती। वह वास्तव में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। राठौड़ को पूरा विश्वास है कि कोहली जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, यह अच्छा है कि वह रन बनाने के लिए थोड़ा अधिक भूखा दिख रहा है। वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब है। आगे हमें उनसे कुछ अच्छी पारियां देखने को मिलेंगी। भारतीय बल्लेबाजी कोच ने शिवम दुबे और अक्षर पटेल सहित चार ऑलराउंडर को टीम में बनाए रखने से संबंधित सवाल को टाल दिया। उन्होंने कहा, हम अपनी टीम में लचीलापन चाहते हैं।

## दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा भी कट में जगह बनाने में सफल

रोम। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। रिद्धिमा दिलावरी (75-73) और वाणी कपूर (72-77) कट से चूक गईं। कट तीन-ओवर का रहा और इसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनायी।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहुंचाया सुपर आठ में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)। सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की।



स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने मैच के बाद कहा, हमने अपनी रणनीति पर बने रहने पर बात की थी। स्कॉटलैंड की टीम अच्छी है। उन्होंने काफी सुधार किया है और हम निश्चित तौर पर उन्हें सम्मान देना चाहते थे। उन्होंने कहा, हम अपनी लय बनाए रखना चाहते थे। हमें जब भी चुनौती मिली हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आज भी ऐसा ही हुआ। हमारे लिए यह अच्छा अनुभव था। अब हम नए सिरे से शुरुआत करेंगे। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। हेड ने 49 गेंद की अपनी पारी में 5 चौके और चार छक्के लगाए। स्टोइनिस ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अपनी पारी में 29 गेंद का सामना किया तथा 9 चौके और दो छक्के लगाए। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन ने कहा, हमारे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन पर गर्व होना चाहिए। हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेल दिखाया। हमने यहां काफी कुछ सीखा। निश्चित तौर पर हम जिस तरह की स्थिति में थे उससे थोड़ा निराशा हुई। हमें क्वालीफाई करना चाहिए था लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाए। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

**टी20 विश्व कप में दिखी कई खामियां, अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता लिए सार्थक प्रयास की जरूरत**

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्व के ग्रुप चरण के मैचों को वेस्टइंडीज के साथ अमेरिका में आयोजित कराकर दुनिया के इस हिस्से में खेल को लोकप्रिय बनने की पहली बड़ी कोशिश की लेकिन कम तैयार डॉप इन पिचों और मैदान की खराब परिस्थितियों के साथ टिकटों के महंगे दाम और टेलीविजन दर्शकों के लिए भारत पर अति निर्भरता से वह अपने प्रयास में काफी हद तक सफल नहीं रही।

अमेरिका के दृष्टिकोण से हालांकि इस विश्व कप का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू उनकी टीम का सुपर आठ चरण में पहुंचना रहा। अमेरिका पहली बार इस वैश्विक टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। टीम ने कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ उलटफेर करने के बाद भारत को भी कड़ी टक्कर दी। इस दौरान सौरभ नेत्रवलकर और कप्तान मोनांक पटेल ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया। किसी भी टीम के खेल को अच्छा प्रदर्शन करने और किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में लोकप्रियता हासिल करने के लिए यह जरूरी है कि उसके साथ कुछ हद तक राष्ट्रवाद की भावना जुड़ी हो और एच1बी वीजा धारकों और ग्रीन कार्ड प्राप्त करने वाले भारतीयों ने इस विश्व कप के जरीये अमेरिका के लिए यह मौका बनाने की कोशिश की। अमेरिका में क्रिकेट का विस्तार लंबे समय से आईसीसी की सूची में है और इस मामले में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना उसकी बड़ी जीत है। आईसीसी को हालांकि यह स्वीकार होगा कि लॉजिस्टिक्स और संगठन से जुड़ी समस्याओं ने विश्व कप के दौरान काफी परेशान किया। न्यूयॉर्क के लांग आइलैंड स्थित नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को ही देखे तो यह न्यूयॉर्क शहर के सीबीडी (सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट) से एक घंटे से अधिक की दूरी पर है।

# अल्बानिया के नाम सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड, जीता इटली



डॉर्टमांड (जर्मनी)। अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा। स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

**अदिति अशोक मीजर क्लासिक एलपीजीए में संयुक्त 16वें स्थान पर**

ग्रैंड रैपिड्स (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के तीसरे दौर के आखिरी पांच होल में तीन बर्डी करने के बाद भी संयुक्त 10वें से संयुक्त 14वें स्थान पर खिसक गयी। मौजूदा सत्र में पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाने की कोशिश कर रही अदिति पांच बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठी। ग्रेस किम ने आखिरी छह होल में चार बर्डी लगाकर शीर्ष पर पांच शॉट की बढ़त बना ली। तीसरे दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलने के बाद उनका कुल स्कोर 17 अंडर 199 हो गया।

# लवलीना ग्रां प्री ने जीता रजत पदक

एजेंसी

नयी दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी।



लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा एक्स पर पोस्ट वीडियो में इस 26 साल की मुक्केबाज ने कहा, इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा है। जहां तक मेरी तैयारी का सवाल है, ओलंपिक से पहले यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। इससे मुझे फायदा होगा। मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और भारत सरकार का शुक्रिया करना चाहूंगी। मांडविया ने इस वीडियो के साथ लवलीना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए लिखा, ग्रां प्री 2024 में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को बधाई।

# भारत ने द. अफ्रीका को 143 रन से हराया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में शतक जड़ा। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मंधाना 116 गेंद पर वनडे करियर का छठा और ओवरऑल अंतरराष्ट्रीय करियर का सातवां शतक लगाया। उनकी इस पारी की बदौलत एक वक्त 99 पर पांच विकेट गंवा चुकी टीम इंडिया ने 265 का स्कोर बनाया। मंधाना ने 127 गेंद पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से 117 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 92.13 का रहा। मंधाना की पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 265 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 37.4 ओवर में 122 रन पर सिमट गई। भारत ने पहला वनडे 143 रन से अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। अगल मुकाबला 19 जून को चिन्नास्वामी में ही खेला जाएगा। मंधाना को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही थी। शेफाली वर्मा सात रन, दयालन



हेमलता 12 रन, कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 रन, जेमिमा रॉड्रिग्स 17 रन और विकेटकीपर ऋचा घोष तीन रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद मंधाना ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी निभाई। दीप्ति 48 गेंद में तीन चौके की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुईं। इस साझेदारी को अयाबोंगा खाका ने दीप्ति को बोल्ड कर तोड़ा। इसके बाद मंधाना ने पूजा वस्त्राकर के साथ सातवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना को आखिरकार मसाबाता क्लास ने कप्तान सुने लूस के हाथों कैच कराया। वह 117 रन बना सकीं। अपनी पारी में उन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इसके अलावा पूजा ने 42 गेंद में तीन चौके की मदद से 31 रन की नाबाद पारी खेली। राधा यादव छह रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, आशा शोभना आठ रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए, जबकि मसाबात क्लास को दो विकेट मिले। वहीं, एनेरी डर्कसेन, नोनूकुलूलेको मलाबा और नोंदूमिसो शंगासे को एक-एक विकेट मिला।

**भारत की** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में शतक जड़ दिया है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मंधाना 116 गेंद पर वनडे करियर का छठा और ओवरऑल अंतरराष्ट्रीय करियर का सातवां शतक लगाया। उनकी इस पारी की बदौलत एक वक्त 99 पर पांच विकेट गंवा चुकी टीम इंडिया ने 265 का स्कोर बना लिया है। मंधाना ने 127 गेंद पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से 117 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 92.13 का रहा। मंधाना की पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 265 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 266 रन का लक्ष्य रखा है।

## नीदरलैंड से सतर्क नहना होगा श्रीलंका को

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)। टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए बेताब श्रीलंका को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के यहां होने वाले मैच में नीदरलैंड से सतर्क रहना होगा। श्रीलंका की टीम अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और वह अपने ग्रुप में पांचवें स्थान पर है जबकि नीदरलैंड तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा की खातिर नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में अपना सब कुछ झोंक देगा। जहां तक नीदरलैंड की बात है तो उसने अभी तक तीन मैच में से एक में जीत दर्ज की है। उसकी टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इस मैच में भी वह बेहतर खेल का नमूना पेश करके जीत दर्ज करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है जबकि बांग्लादेश चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। टीम इस प्रकार हैं: श्रीलंका: वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलांका, कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डी सिल्वा, महेश थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज, दुशमंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथेशा पथिराना, दिलशान मदुशंका।

# इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

एजेंसी

न्यूयॉर्क। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने शनिवार रात वर्षा से प्रभावित मुकाबले में नामीबिया को 41 रन से हराया। अब इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड मैच के नतीजे पर निर्भर रहना पड़गा। इंग्लिश टीम चाहेगी कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ग्रुप-बी के आखिरी मैच में स्कॉटलैंड को मात दे दे। 3 घंटे देरी से शुरू हुए इस मुकाबले में इंग्लिश टीम को किस्मत, मौसम और पिच का साथ मिला। एंटीगुआ में रुक-रुककर बारिश होती रही और ओवर्स में कटौती करनी पड़ी। नामीबिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट पर 121 रन बनाए, लेकिन डीएलएस (डकवर्थ लुईस स्टर्न) मैथड के तहत टारगेट 122 से बढ़ाकर 127 कर दिया गया। जवाबी पारी में नामीबिया की शुरूआत धीमी रही और टीम तय 10 ओवर में 3 विकेट पर 84 रन ही बना सकी। हैरी ब्रूक प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 20 बॉल पर नाबाद 47 रन की अहम पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक ने 20 बॉल पर 47 रन की पारी खेली, जबकि लियाम लिविंगस्टोन 4 बॉल पर 13 रन पर नाबाद लौटे। मोइन अली ने 6 बॉल पर 16 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 31 और फिल सॉल्ट 11 रन का योगदान दिया। जोस बटलर खाता नहीं खोल सके। रूबेन ट्रम्पेलमैन को 2 विकेट मिले। एक विकेट डेविड विसे के हिस्से आया। नामीबिया की ओर से माइकल वान लिंगेन ने 33 रन बनाए, जबकि डेविड विसे ने 27 रन की पारी खेली। निको डेविन 16 बॉल पर 18 रन बनाकर रिटायर आउट हुए। जोफ्रा ऑर्चर और क्रिस जॉर्डन को एक-एक विकेट मिला। पावरप्ले के बाद दबाव नहीं बना सके गेंदबाज नामीबिया के तेज गेंदबाजों ने पावरप्ले में इंग्लैंड को 2 झटके दे दिए थे। जोस बटलर और फिल सॉल्ट आउट हो गए थे और पावरप्ले के 3 ओवर में इंग्लिश टीम का स्कोर महज 18 रन था, लेकिन नामीबियाई गेंदबाज पावरप्ले के बाद दबाव कायम नहीं रख सके और इंग्लिश टीम संभलने में कामयाब हो गई। आखिरी ओवर्स में अनुभव की कमी, 2 ओवर में 40 रन दिए नामीबिया के गेंदबाजों में अनुभव की कमी दिखी। बीच के गेंदबाज फील्ड के अनुरूप गेंदबाजी नहीं कर सके और रन गंवाते चले गए। टीम ने आखिरी 2 ओवर में 40 रन खर्च कर दिए। इस तरह इंग्लैंड 122 रन का स्कोर बनाने में कामयाब हो गई। किस्मत का साथ नहीं मिला मैच के दौरान नामीबियाई टीम को किस्मत का साथ नहीं मिला, क्योंकि इंग्लिश पारी के 8वें ओवर के बाद बारिश आ गई और ऊरछ मैथड के कारण टारगेट 122 रन से बढ़कर 127 कर दिया गया। रन चेज में धीमी शुरूआत, पावरप्ले में 18 रन ही बनाए 127 रन का टारगेट चेज कर रही नामीबिया की शुरूआत धीमी रही। टीम के ओपनर्स पावरप्ले के 3 ओवर में महज 18 रन ही बना सके, जो काफी नहीं था।



# न्यूजीलैंड की निगाहें पापुआ न्यूगिनी से बड़ी जीत पर

एजेंसी

टरूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)। पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया।

न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मैच इसलिए महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि उसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह टी20 विश्व कप में उनका आखिरी मैच होगा। ऐसे में केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम अपने इस तेज गेंदबाज को जीत से विदाई देना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और अगर उसकी टीम न्यूजीलैंड के सामने थोड़ा भी चुनौती पेश करती है तो यह उसके लिए काफी मायने रखेगा। टीम इस प्रकार हैं: न्यूजीलैंड: केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स (विकेट कीपर), रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।




पापुआ न्यू गिनी: असदुल्ला वाला (कप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, सीजे अमिनी, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, कबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा (विकेट कीपर), लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ, टोनी उरा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे शुरू होगा।

**हिताक्षी सिंगापुर लेडीज मास्टर्स गोल्फ में तीसरे स्थान पर रही**

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर हिताक्षी बख्शी एक लाख डॉलर (लगभग 83.5 लाख रुपये) पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर लेडीज मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में रविवार को तीसरे स्थान पर रही, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हिताक्षी ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर कुल चार अंडर 212 का स्कोर किया। चीन एलपीलीए से मान्यता प्राप्त स्पर्धा में यह किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चीन की 17 साल की रुंझी पांग (72) सात अंडर के स्कोर के साथ विजेता बनी। कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय एमेच्योर महरीन भाटिया ने लगातार तीसरी बार 76 का कार्ड खेला। यह भारत से बाहर उनकी पहली प्रतियोगिता है।

# गुजरात के लिए गौरवशाली क्षण : शाह

## भुज स्मृतिवन संग्रहालय सबसे सुंदर संग्रहालयों की सूची में शामिल, गृहमंत्री ने किया स्वागत

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भुज के स्मृतिवन को प्रतिष्ठित वर्ल्ड सेलेक्शन फॉर द प्रिक्स वर्सैलिज में सात सबसे खूबसूरत संग्राहलयों में स्थान मिलने को गौरवशाली क्षण बताया।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिष्ठित प्रिक्स वर्सैलिज पुरस्कार के तहत स्मृतिवन को सूचीबद्ध करने से दुनिया भर में उन लोगों की यादें फैलेगी, जिन्होंने 2001 में भुज में आए भूकंप में अपनी जान गंवा दी थी। उन्होंने कहा, कच्छ के स्मृतिवन को प्रतिष्ठित वर्ल्ड सेलेक्शन फॉर द प्रिक्स वर्सैलिज म्यूजियम 2024 में स्थान मिलना एक गौरवशाली क्षण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दृष्टि के अनुरुप स्मृतिवन एक ऐसा संग्रहालय है जहां 2001 के भीषण भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृतियों को संजोया गया है। वर्ल्ड सेलेक्शन फॉर द प्रिक्स वर्सैलिज म्यूजियम 2024 में इसे शामिल किये जाने से उन लोगों की स्मृति पूरी दुनिया में फैलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वर्ल्ड सेलेक्शन फॉर द प्रिक्स वर्सैलिज म्यूजियम 2024 में गुजरात के स्मृतिवन स्मारक को शामिल किए जाने की सराहना की।

## स्कूलों में दंगों के बारे में पढ़ाने की जरूरत नहीं



नयी दिल्ली। स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। यहां पीटीआई मुख्यालय में एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने शनिवार को कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सकलानी ने कहा, हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा, क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है?

# नीट परीक्षा तंत्र के भ्रष्टाचार पर पीएम मोदी की चुप्पी ठीक नहीं : सिब्बल



नयी दिल्ली। मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे।

दिए एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है। सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने वास्तव में धांधली की है और डॉक्टर बनने के लिए आयोजित की जाने वाली जैसी परीक्षा के प्रश्नपत्रों को पहले ही मुहैया कराने के भ्रष्ट आचरण को मीडिया संस्थानों ने उजागर किया है।

उन्होंने कहा, गुजरात की कुछ घटनाओं से मैं हैरान हूं और ये राष्ट्रीय के लिए चिंता का विषय हैं। मुझे लगता है कि एनटीए को इन गंभीर सवालों का जवाब देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि इससे भी ज्यादा आश्चर्यजनक और निराशाजनक बात यह है कि जब भी ऐसा कुछ होता है और वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार होता है तो अंधभक्त इसके लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को दोषी ठहराना शुरू कर देते हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इस तरह के बयान देने से पहले वे पूरी तरह से जानकारी ही नहीं जुटाते हैं।

### संक्षेप

## एनटीए की सत्यनिष्ठा व नीट पर खड़े हो रहे गंभीर सवाल

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा, मुझे अब लगता है कि इस सीबीएसई संबंधी मुद्दे पर उचित विश्लेषण की जरूरत है। क्या नीट भेदभावपूर्ण है? क्या गरीब तबके के विद्यार्थियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है? महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों ने भी नीट को लेकर गंभीर संदेह व्यक्त किया है। रमेश ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की सत्यनिष्ठा और नीट को जिस तरह से डिजाइन और आयोजित किया जाता है उसके तरीकों पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# एनसीवीईटी ने डीएमआरए को प्रदान की दोहरी मान्यता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा पुरस्कार देने वाली संस्था और मूल्यांकन एजेंसी दोनों के रूप में दोहरी मान्यता प्रदान की गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनसीवीईटी एक नियामक निकाय है जो भारत में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए योज्ञता और मूल्यांकन प्रक्रियाओं को विनियमित एवं मानकीकृत करती है। उन्होंने कहा कि एनसीवीईटी का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित करना है जो उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करे और राष्ट्र की कौशल विकास पहल में योगदान दे। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि एनसीवीईटी द्वारा मिली यह मान्यता इस बात का प्रतीक है कि डीएमआरए राष्ट्रीय कौशल योज्ञता फ्रेमवर्क के अनुसार अनुमोदित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुसार कठोर मूल्यांकन करने के लिए उच्चतम मानकों को पूरा करता है।

# मूर्तियों के स्थानांतरण को कांग्रेस ने एकतरफा कदम बताया

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि संसद परिसर के भीतर स्थित मूर्तियों को स्थानांतरित करने का निर्णय सरकार द्वारा एकतरफा लिया गया और इसका एकमात्र उद्देश्य लोकतांत्रिक विरोध के पारंपरिक स्थल रहीं महात्मा गांधी और बी.आर. आंबेडकर की मूर्तियों को संसद भवन के ठीक बगल में नहीं रखना है। विपक्षी पार्टी का यह हमला उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करने से पहले आया है। प्रेरणा स्थल में स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य नेताओं की सभी मूर्तियां रखी जाएंगी, जिन्हें पहले संसद परिसर में विभिन्न स्थानों पर रखा गया था।

कांग्रेस ने जहां मूर्तियों को उनके मौजूदा स्थान से हटाने के निर्णय की आलोचना की है, वहीं लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि विभिन्न स्थानों पर उनकी स्थापना के कारण आगंतुकों के लिए उन्हें ठीक से देखना मुश्किल हो रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा की वेबसाइट के अनुसार, चित्र और प्रतिमाओं पर संसद की समिति की आखिरी बैठक 18 दिसंबर, 2018 को हुई थी और 17वीं लोकसभा (2019-2024) के दौरान इसका पुनर्गठन भी नहीं किया गया, जो पहली बार उपसभापति के संवैधानिक पद के बिना काम कर रही थी। उन्होंने कहा, आज संसद परिसर में मूर्तियों के बड़े पुनर्संयोजन का उद्घाटन किया जा रहा है। स्पष्ट रूप से यह सत्तारूढ़ सरकार द्वारा एकतरफा लिया गया निर्णय है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इसका एकमात्र उद्देश्य महात्मा गांधी और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं को संसद भवन के ठीक बगल में स्थापित न करना है - जो शांतिपूर्ण, वैध और लोकतांत्रिक विरोध के पारंपरिक स्थल हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को न केवल एक बार बल्कि दो बार हटाया गया है। रमेश ने कहा कि संसद परिसर में आंबेडकर जयंती समारोह का उतना बड़ा और उतना महत्व नहीं होगा, क्योंकि अब उनकी प्रतिमा वहां विशिष्ट स्थान पर नहीं है।

## रूसी बलों ने हिरासत केन्द्र पर बोला धावा

मॉस्को। रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला जिसमें कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि रोस्तोव-ऑन-डॉन में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। खबर में कहा गया कि बंधक बनाने वालों को खत्म कर दिया गया, वहीं एक अन्य स्थानीय समाचार संगठन ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं।

# पार्क में गोलीबारी, दो की मौत, आठ घायल

एजेंसी



रोचेस्टर हिल्स। अमेरिका में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर में शनिवार को एक पार्क में गोलीबारी की घटना में दो बच्चों और उनकी मां समेत नौ लोग घायल हो गए जिनमें से एक बच्चे की हालत काफी गंभीर बताई जाती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

घटना को अंजाम देने के बाद संदिग्ध एक घर में छिप गया जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घर को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध ने आत्महत्या कर ली। ओकलैंड काउंटी के शेरिफ माइक बाउचर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में शनिवार रात बताया कि सिर में गोली लगने से आठ वर्षीय एक बच्चे की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि बच्चे की मां की हालत भी गंभीर है और बच्चे का चार वर्षीय भाई भी घायल हुआ है।

अधिकारियों ने शुरुआत में बताया था कि गोलीबारी की घटना में 10 लोग घायल हुए हैं, लेकिन बाद में क्षेत्रीय अस्पतालों से आंकड़ा जुटाने के बाद यह संख्या कम कर दी गई। बाउचार्ड ने कहा कि अन्य घायलों की हालत स्थिर है जिनमें एक दंपति और 78 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल है।

गोलीबारी की यह घटना शाम पांच बजे के बाद शहर के एक पार्क में हुई, जहां गर्मी से राहत पाने के लिए लोग जलस्रोत का आनंद उठा रहे थे। बाउचार्ड ने बताया कि आरोपी गाड़ी से पार्क तक आया और जलस्रोत पर पहुंचने के बाद उसने अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। उन्होंने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि हमलावर ने दो बंदूकों का इस्तेमाल कर गोलीबारी की, लेकिन इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।

# दिल्ली में गंभीर जल संकट, कार्यालय में तोड़फोड़



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर जल संकट को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के बीच दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में तोड़फोड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। भारद्वाज ने इसे सरकार के खिलाफ एक साजिश करार देते हुए एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कुछ लोग एक कार्यालय पर पथराव और मटके फेंककर उसकी खिड़कियां तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## गाजा के हमले में आठ इजराइली सैनिक की मौत

यरूशलम। इजराइली सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में किये गए एक विस्फोट में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। यह पिछले कई महीनों में किये गये अब तक का सबसे घातक हमला था। शनिवार का यह धमाका दक्षिण रफह शहर में हुआ। इजराइल रफह को हमास की मजबूत पकड़ वाला आखिरी बड़ा गढ़ मानता है। इस हमले से इजराइली प्रदर्शनकारियों द्वारा की जा रही संघर्ष विराम की मांग को संभवतः बढ़ावा मिलेगा। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अति रूढ़िवादी युवाओं को सैन्य सेवा से छूट देने को लेकर सरकार को व्यापाक नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। इजराइल और फलस्तीन में आठ महीने से अधिक समय से लड़ाई चल रही है। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास और अन्य आतंकवादियों द्वारा किये गये हमले में 1200 लोगों की मौत हो गई थी तथा 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया था। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कात्ज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, वे जानते थे कि उन्हें अपनी जान कुर्बान करनी पड़ सकती है लेकिन उन्होंने ऐसा किया ताकि हम इस देश में रह सकें। मैं उन्हें सलाम करता हूं और उनके परिवारों को गले लगाता हूं। इजराइली सेना ने कहा कि यह विस्फोट रफह के ताल अल-सुल्तान क्षेत्र में शाम पांच बजे हुआ। इजराइली सेना के प्रवक्ता रीयर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा कि यह धमाका हमास द्वारा लगाये गये किसी विस्फोटक या एंटीटैंक मिसाइल से किया गया। उन्होंने कहा, हमें हमास के रफह ब्रिगेड को हराने की जरूरत है और हम संकल्प के साथ यह कर रहे हैं। गाजा में जनवरी में फलस्तीनी आतंकवादियों के हमले में 21 इजराइली सैनिकों की मौत हो गयी थी।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना, जिला बिजनौर

पत्रांकः मैमो / न. पा. परि. नगीना / आर.ओ./ 2024-25 दिनांक 15-06-2024



ईदुल अजहा (बकराईद) के पर्व पर
नगर पालिका परिषद नगीना
समस्त संभ्रांत नगर वासियों से
अपील करती है कि–

1- जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोटी खुली न छोड़े।
2- जलमूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
3- अपने घरों का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें।
4- सड़कों पर कूड़ा व गन्दगी न करें।
5- नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
6- नगर को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।
7- पॉलीथीन का प्रयोग न करें, यह दण्डनीय अपराध है।
8- जन्म - मृत्यु का पंजीकरण पालिका कार्यालय में समय से करवायें।
9- अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियों फैलने, की सम्भावना होती है।
10- अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
11- कुबार्नी के उपरान्त जानवरों के अपशिष्ट को इधर-उधर न डालें, नगर पालिका की गाडियो में ही डाले।
12- प्रतिबन्धित जानवरों की कुबार्नी न करें तथा खुले में कुबार्नी न करें।

(संदीप कुमार सक्सैना) — अधिशासी अधिकारी — नगर पालिका परिषद नगीना

(ताहिरा बेगम) — अध्यक्ष — नगर पालिका परिषद नगीना

समस्त सभासदगण / कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद नगीना

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com